5

आंतरिक पुनर्निर्माण

[INTERNAL RECONSTRUCTION]

अध्ययन के उद्देश्य (Learning Objectives)

इस अध्याय के अध्ययन के उपरांत, आप सक्षम हो जायेंगे—

- **"पुनर्निर्माण" शब्द का अर्थ समझने में।**
- **अंशों के उप-विभाजन** (Sub-divide) **एवं समेकन** (Consolidate) **में।**
- **अंशों के स्टॉक में एवं स्टॉक के अंशों में बदलने में।**
- **आंतरिक पुनर्निर्माण के समय पर समायोजनों के लेखे करने में।**

1. पुनर्निर्माण का अर्थ

(MEANING OF RECONSTRUCTION)

जब एक कम्पनी में लगातार कई वर्षों से हानि कि स्थिति बनी हुई हो, कम्पनी के स्थिति विवरण, वित्तीय स्थिति के सत्य एवं सही दृश्य नहीं दर्शाते हों। ऐसी कम्पनी में सम्पत्तियों का अधिमूल्य रहता है, चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में काल्पनिक (अवास्तविक) सम्पत्तियाँ, अनुपयोगी अमूर्त सम्पत्तियाँ तथा लाभ और हानि खाते का विकलन (Debit) शेष होता है। ऐसी स्थिति में वित्तीय विवरण सही चित्रण प्रस्तुत नहीं करते हैं तथा वास्तविक शुद्ध सम्पत्ति (जो उचित होनी चाहिए) से अधिक शुद्ध सम्पत्ति दर्शाते हैं। संक्षेप में कम्पनी अति-पूँजीकृत हो जाती है। ऐसी स्थिति में पुनर्निर्माण की आवश्यकता होती है।

पुनर्निर्माण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा सम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन, दायित्वों के पुनःनिर्धारण द्वारा तथा अंशों के चुकता मूल्य को कम करके या/और अंशों के विभिन्न वर्गों से जुड़े अधिकारों में परिवर्तन द्वारा पूर्व में उठाई गयी हानियों को अपलिखित करके एक कम्पनी के मामलों को पुनर्गठित किया जाता है। पुनर्निर्माण का उद्देश्य आमतौर पर पूँजी का पुनर्गठन करना या लेनदारों के साथ समझौते करना या अर्थव्यवस्था को प्रभावित करना रहता है। इस तरह की प्रक्रिया आंतरिक पुनर्निर्माण कहलाती है, जिसको कम्पनी के समापन किये बिना एक नई कम्पनी बनाकर किया जाता है। तथापि, बाह्य पुनर्निमाण भी किया जा सकता है। जब किसी संस्थान को किसी कम्पनी द्वारा लिया जा रहा हो तथा उसका हस्तान्तरण हो रहा हो, किसी बाहरी पक्षकार को नहीं वरन् एक अन्य कम्पनी को जिसमें पर्याप्त वे

© The Institute of Chartered Accountants of India

ही अंशधारक हों ताकि हस्तान्तरी कम्पनी द्वारा उसको चलाया जा सके तो वह बाह्य हस्तान्तरण कहलाता है। ऐसा बाह्य हस्तान्तरण अनिवार्यतः AS-14 में 'विलयन की प्रकृति के एकीकरण' शीर्षक के अन्तर्गत समझाये गए हैं।

1.1 आंतरिक एवं बाह्य पुनर्निर्माण में अन्तर (Difference between Internal and External

आधार (Basis)	आंतरिक पुनर्निर्माण (Internal Reconstruction)	बाह्य पुनर्निर्माण (External Reconstruction)
परिशोधन	मौजूदा कम्पनी परिशोधित नहीं होती।	मौजूदा कम्पनी परिशोधित हो जाती है।
गठन	किसी नई कम्पनी का गठन नहीं होता सिर्फ अंशधारकों एवं ऋण दाताओं के अधिकारों में परिवर्तन किया जाता है।	परिशोधित कम्पनी को संभालने हेतु नई कम्पनी का गठन किया जाता है।
पूँजी का पराभव	पूँजी का पराभव होता है तथा कई बार बाहरी देनदारों को अपने दावों में कमी करनी पड़ती है।	पूँजी का कोई पराभव नहीं होता, दरअसल यहाँ कम्पनी की नई अंश पूँजी होती है।
वैधानिक स्थिति	आंतरिक पुनर्निर्माण कम्पनी अधिनियम के 1956 के प्रावधान की धारा 100 के अंतर्गत किया जाता है।	बाह्य पुनर्निर्माण कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 494 के अंतर्गत किया जाता है।

2. आंतरिक पुनर्निर्माण की विधियाँ

(METHODS OF INTERNAL RECONSTRUCTION)

आंतरिक पुनर्निर्माण की प्रक्रिया को परिनियोजित करने के लिए सामान्यतः निम्नलिखित विधियाँ कार्यरत हैं या एक साथ प्रयुक्त हैं—

(1) अंश पूँजी में परिवर्तन (Alteration of Share Capital) कम्पनी अधिनियम की धारा 94, 95, 97 के अनुसार।

(2) अंशधारियों के अधिकारों में रूपान्तर कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 106 के अनुसार।

(3) अंश पूँजी में पराभव कम्पनी अधिनियम, 1956, धारा 100 से 105 के अनुसार।

(4) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 391 से 393 तथा धारा 394A के अनुसार समझौता / व्यवस्थापन।

(5) अंशों का समर्पण।

2.1 अंश पूँजी में परिवर्तन (Alteration of Share Capital)

अंशों का उपविभाजन एवं समेकन (Sub-division and Consolidation of Shares)—यदि कम्पनी के अन्तर्नियम अनुमति प्रदान करें तो कम्पनी सामान्य सभा में निर्णय करके कम अंक के मूल्य के अंशों को अधिक मूल्य के अंशों में समेकित कर सकती है या अधिक अंकित मूल्य के अंशों में उपविभाजित कर सकती है। यदि अंश पूर्णदत्त नहीं हैं तो विभाजित अंशों में अंकित मूल्य और चुकता मूल्य का अनुपात वही होना चाहिए, जो उप-विभाजन से पहले था।

© The Institute of Chartered Accountants of India

उदाहरण के लिए, ₹ 10,00,000 की पूँजी ₹ 75 पर चुकता ₹ 100 वाले 10,000 समता अंशों के साथ एक कम्पनी अपनी पूँजी को प्रत्येक ₹ 100 के समता अंश को ₹ 10 प्रति वाले 10 अंशों में विखंडन द्वारा मान्यता देने का निर्णय करती है। ऐसी स्थिति में परिणामी प्रविष्टि पारित की जायेगी—

		Dr.	Cr.
		₹	₹
Equity Share Capital (₹ 100) A/c	Dr.	7,50,000	
To Equity Share Capital (₹ 10) A/c			7,50,000
(Being the sub-division of 10,000 shares of ₹ 100 each with ₹ 75 paid up thereon into 1,00,000 shares of ₹ 10 each with ₹ 7.50 paid up thereon as per the resolution of shareholders passed in the General Meeting held on....)			

कम मूल्य के अंशों को अधिक मूल्य के अंशों में समेकित करने एवं पूर्णदत्त अंशों को स्टॉक में परिवर्तन करने पर समान प्रविष्टि की जाएगी।

उदाहरण (Illustration) 1

31.12.2006 पर, बी लिमिटेड के पास ₹ 10 वाले 20,000 समता अंश अधिकृत पूँजी के रूप में थे तथा सभी अंशों का निर्गमन ₹ 8 चुकता पर हुआ था। जून 2007 में कम्पनी की सामान्य सभा में प्रत्येक अंश का उपविभाजन ₹ 5 वाले ₹ 4 चुकता के साथ करने का निर्णय लिया गया। जून 2008 में कम्पनी की सामान्य सभा में ₹ 5 वाले ₹ 4 प्रति अंश चुकता के 20 अंशों का मिश्रण ₹ 100 प्रत्येक ₹ 80 चुकता के अंशों में करने का प्रस्ताव पारित हुआ।

पंजी प्रविष्टियाँ पारित कीजिए तथा 31.12.2006, 31.12.2007 और 31.12.2008 पर आर्थिक चिट्ठे में अंश पूँजी को कैसे दर्शायेंगे।

समाधान (Solution)

Journal Entries

2007			₹	₹
June	Equity Share Capital (₹ 10) A/c	Dr.	1,60,000	
	To Equity Share Capital (₹ 5) A/c			1,60,000
	(Being the sub-division of 20,000 ₹ 10 share with ₹ 8 paid up into 40,000 shares ₹ 5 each with ₹ 4 paid up by resolution in general meeting dated....)			
2008			₹	₹
June	Equity Share Capital (₹ 5) A/c	Dr.	1,60,000	
	To Equity Share Capital (₹ 100) A/c			1,60,000
	(Being consolidation of 40,000 shares of ₹ 5 with ₹ 4 paid up into 2,000 ₹ 100 shares with ₹ 80 paid up as per resolution in general meeting dated....)			

© The Institute of Chartered Accountants of India

Balance Sheet (includes)

Liabilities :	₹
As on 31-12-2004	
1. Share Capital	
Authorised :	
20,000 Equity Shares of ₹ 10 each	2,00,000
Issued and Subscribed :	
20,000 Equity Shares of ₹ 10 each ₹ 8 per share called up	1,60,000
As on 31-12-2005	
1. Share Capital	₹
Authorised :	
40,000 Equity Shares of ₹ 5 each	2,00,000
Issued and Subscribed :	
40,000 Equity Shares of ₹ 5 each ₹ 4 per share called up	1,60,000
As on 31-12-2006	
1. Share Capital	₹
Authorised :	
2,000 Equity Shares of ₹ 100 each	2,00,000
Issued and Subscribed :	
20,000 Equity Shares of ₹ 100 each ₹ 80 per share called up	1,60,000

टिप्पणी (Notes)—कुछ लेखाकार रकम के समान रहने पर कोई प्रविष्टि ना करना पसंद करते हैं। यहाँ तक कि ये याचित हिस्से हेतु एक प्रविष्टि करते हैं, तथा अंश पूँजी के आयाचित या अनिर्गमित हिस्से के लिए नहीं करते हैं।

पूर्णदत्त अंशों का स्टॉक में एवं स्टॉक का अंशों में परिवर्तन (Conversion of fully paid up Shares into stock and Stock into Shares)—स्टॉक का अर्थ है अंश पूँजी का एक इकाई में समेकन करना जो विभाज्य भागों में बटी हो। यद्यपि अंशपूँजी का एक अंश में बदलना असंभव है, स्टॉक की किसी भी राशि को अंतरित किया जा सकता है। व्यवहार में कम्पनियाँ स्टॉक के अंतरण को गुणकों (जैसे-₹ 100 के गुणकों) तक सीमित रखती है। एक कम्पनी अपने पूर्णदत्त अंशों को स्टॉक में परिवर्तित कर सकती है [धारा 94 (c)]। कम्पनी द्वारा अंशों को स्टॉक में परिवर्तन करने के पश्चात् पुस्तपालन प्रविष्टियों में केवल अंश पूँजी का स्टॉक में अंतरण रिकार्ड किया जाता है। परन्तु एक अलग से स्टॉक लेखा रखा जाता है जिसमें सदस्यों की धारकता का विवरण रखा जाता है और इसके अंतरगत वार्षिक रिटर्न को संशोधित किया जाता है।

© The Institute of Chartered Accountants of India

उदाहरण (Illustration) 2

31.12.2006 पर, सी लिमिटेड की अधिकृत अंश पूँजी ₹50,000, ₹100 प्रति के अंशों में विभाजित थी, जिसमें से ₹4,000 समता अंश निर्गमित हुए और पूर्ण चुकता हुए। जून 2007 में कम्पनी ने निर्गमित अंशों को स्टॉक में परिवर्तित करने का निर्णय लिया। परन्तु जून 2008 में कम्पनी ने स्टॉक को ₹10 प्रति पूर्ण चुकता अंशों में पुनःपरिवर्तित कर दिया। कम्पनी की सामान्य सभा में ₹5 वाले ₹4 प्रति अंश चुकता के 20 अंशों का मिश्रण ₹100 प्रत्येक ₹80 चुकता के अंशों में करने का प्रस्ताव पारित हुआ।

पंजी प्रविष्टियाँ पारित कीजिए तथा 31.12.2006, 31.12.2007 और 31.12.2008 पर आर्थिक चिट्ठे में अंश पूँजी को कैसे दर्शायेंगे।

समाधान (Solution)

Journal Entries

2007			₹	₹
June	Equity Share Capital A/c	Dr.	4,00,000	
	To Equity Stock A/c			4,00,000
	(Being conversion of ₹ 4,000 fully paid Equity Shares of ₹ 100 into ₹ 4,00,000 Equity Stock as per resolution in general meeting dated....)			
2008			₹	₹
June	Equity Stock A/c	Dr.	4,00,000	
	To Equity Share Capital A/c			4,00,000
	(Being re-conversion of ₹ 4,00,000 Equity Stock into 40,000 Shares of ₹10 fully paid Equity Shares as per resolution in general meeting dated....)			

Balance Sheet (includes)

Liabilities :	₹
As on 31-12-2006	
1. Share Capital	
Authorised :	
5,000 Equity Shares of ₹ 100 each	5,00,000
Issued and Subscribed :	
4,000 Equity Shares of ₹ 100 each fully called up	4,00,000
As on 31-12-2007	

© The Institute of Chartered Accountants of India

1. Share Capital	₹
Authorised :	
5,000 Equity Shares of ₹ 100 each	5,00,000
Issued and Subscribed :	
Equity Stock 4,000 Equity Shares of ₹ 100 converted into stock	4,00,000

As on 31-12-2008

1. Share Capital	
Authorised :	
50,000 Equity Shares of ₹ 10 each	5,00,000
Issued and Subscribed :	
40,000 Equity Shares of ₹ 10 each fully called up	4,00,000

2.2 अंशधारियों के अधिकारों में तबदीली (Variation of Shareholders Rights)

जब किसी कम्पनी ने विभिन्न श्रेणी के अंश, जिनके साथ विभिन्न प्रकार के अधिकार या विशेषाधिकार संलग्न हों, निर्गमित किए हों, जैसे कि, लाभांश के लिए अधिकार, मतदान का अधिकार इत्यादि। ऐसे किसी भी अधिकार को, किसी भी प्रकार से परिवर्तित किया जा सकता है। उदाहरणस्वरूप कम्पनी वरीयता अंशों पर लाभांश की दर में परिवर्तन कर सकती है, संचयी वरीयता अंशों को अंश पूँजी की राशि बदले बिना, गैर संचयी वरीयता अंशों में परिवर्तित कर सकती है।

2.3 अंश पूँजी में कमी (Reduction of Share Capital)

कम्पनी अधिनियम की धारा 100 अंश पूँजी में पराभव की प्रक्रिया को निर्धारित करता है। यह करने का एक तरीका है प्रदत्त पूँजी को कम करना। वास्तविकता में, कम्पनी की सम्पत्ति, उस अंश पूँजी को नहीं दर्शाती जो दीर्घ समय से हानि उठा रही हो। ऐसी अवस्था में पूँजी पराभव की किसी भी योजना द्वारा लॉस्ट पूँजी का अपलेखन करना चाहिए।

यह पराभव अंशधारियों को भुगतना होगा तथा पराभव की राशि को Capital reduction account अथवा Reconstruction account में क्रेडिट कर दिया जाता है।

(1) **प्रदत्त मूल्य में पराभव**—यहाँ अंकित मूल्य समान रहता है केवल प्रदत्त मूल्य कम हो जाता है।

(a) सिर्फ चुकता मूल्य में कमी— यहाँ अंश का अंकित मूल्य एकसमान ही रहता है और सिर्फ चुकता मूल्य ही कम होता है। उदाहरण हेतु ₹ 100 प्रति अंश की चुकता पूँजी को ₹ 10 प्रति अंश चुकता मूल्य तक घटाने पर अंशधारी सहमत हो सकते हैं। ₹ 90 का त्याग है तथा प्रविष्टि होगी—

Share Capital Account	Dr.	(₹ 90 × No. of Shares)
To capital Reduction Account		(₹ 90 × No. of Shares)

© The Institute of Chartered Accountants of India

(b) चुकता तथा अंकित दोनों मूल्यों में कमी— इस दशा में, चुकता पूँजी एवं अंशों का अंकित मूल्य दोनों ही कम हो रहे हैं। उपर्युक्त उदाहरण को जारी रखते हुए, प्रविष्टि होगी—

Share Capital Account (₹ 100 Share)	Dr.	(₹ 100 × No. of Shares)
To Share Capital (₹ 10 Share)		(₹ 10 × No. of Shares)
To Capital Reduction Account		(₹ 90 × No. of Shares)

इस प्रकार इस तरह के उपचार में वास्तविक अंश पूँजी खाते को बंद करने के रूप में नाम (डेबिट) करेंगे। चुकता के रूप में उपचारित राशि के साथ नए अंश पूँजी खाते को जमा (क्रेडिट) करेंगे; तथा अन्तर कि राशि से पूँजी कम खाता जमा (क्रेडिट) करेंगे।

2.4 समझौता / व्यवस्था (Compromise/Arrangement)

समझौता तथा व्यवस्था की योजना एक कम्पनी और उसके सदस्यों एवं उसके बाहरी दायित्वों के बीच अनुबंध बताती है, जब कम्पनी का वित्तीय समस्याओं से सामना होता है। इस प्रक्रिया में अंशधारकों, देनदारों, ऋणपत्र धारकों अथवा सभी के द्वारा हानि सहना शामिल है। कुछ दशाओं हेतु, लेखांकन उपचार निम्नलिखित हैं—

(1) जब इक्विटी अंश धारक अपने संचय एवं संचित लाभ के अधिकार को त्यागते हैं।

प्रविष्टि—Reserves Account	Dr.	With the amount
To Reconstruction Account		of reserve

(2) बाहरी दायित्वों का कम राशि पर समाधान दायित्वों जैसे कि विविध लेनदार, अंतिम भुगतान के रूप में कम राशि स्वीकार करने को सहमत हो सकते हैं इसका उपचार निम्नानुसार किया जायेगा—

प्रविष्टि—Outside Liabilities Account	Dr.	With the amount of sacrifice
Provision Account if any	Dr.	made by creditors
To Reconstruction Account		debentureholders etc.

2.5 अंशों का समर्पण (Surrender of Shares)

अंशधारकों द्वारा अंशों को समर्पण किया जाता है। इन अंशों को फिर ऋणपत्र धारकों एवं देनदारों को आंवटित कर दिये जाते हैं, जिससे उनके दायित्व कम किए जा सकें। बचे हुए समर्पित अंशों को रद्द कर दिया जाता है।

3. आंतरिक पुनर्निर्माण की दशा में प्रविष्टियाँ

(ENTRIES IN CASE OF INTERNAT RECONSTRUCTION)

पुनर्निर्माण की योजना के लागू हो जाने पर न्यायालय द्वारा विशेष प्रस्ताव की सम्पुष्टी के माध्यम से निम्न लेखे बनाए जायेंगे—

(1) किसी संपत्ति के मूल्य में कोई वृद्धि या किसी दायित्व की राशि में कमी को सम्बद्ध खाते में डेबिट करें तथा पूँजी कटौती खाते को क्रेडिट करें।

(2) सभी नाम मात्र की संपत्तियों के खाते अपलिखित करें (ख्याति तथा पेटेन्टों सहित) तथा सम्बद्ध खातों को क्रेडिट करके सम्पत्तियों के अधिमूल्यन को दूर करें और पूँजी

© The Institute of Chartered Accountants of India

कटौती खाता या (पुनर्निर्माण खाता) डेबिट करें। इस उद्देश्य के लिए कम्पनी की पुस्तकों में किसी भी संचय को काम में लाया जा सकता है।

यदि पूँजी कटौती खाते में कोई शेष बचता है तो उसे पूँजी खाते में अन्तरित कर दिया जाना चाहिए।

पुनर्निर्मित कम्पनी का चिट्ठा तैयार करते समय निम्न बातों को ध्यान में रखा जाना चाहिए—

(a) कम्पनी के नाम के पश्चात् शब्द "and reduced" जोड़ा जाना चाहिए, यदि न्यायालय ऐसा आदेश दे तो।

(b) स्थायी सम्पत्तियों की दशा में, पुनर्निर्माण योजना के अन्तर्गत अपलिखित राशि को पाँच तक दिखाया जाना चाहिए।

उदाहरण (Illustration) 3

	₹	₹
सम्पत्तियाँ (Assets)—		
स्थायी सम्पत्तियाँ—		
स्वतंत्र सम्पत्तियाँ	4,25,000	
संयंत्र	50,000	
एकस्व	37,500	
ख्याति	1,30,000	6,42,500
व्यापारिक निवेश (लागत पर)		55,000
चालू सम्पत्तियाँ—		
देनदार		4,85,000
रहतिया	4,25,000	
अस्थिगत विज्ञापन	1,00,000	10,10,000
लाभ एवं हानि खाता		4,35,000
योग		21,42,500
दायित्व (Liabilities)—		
अंश पूँजी —		
4,000 6% ₹ 100 प्रत्येक के संचयी पूर्वाधिकार अंश	4,00,000	
₹ 10 प्रत्येक के 75,000 समता अंश	7,50,000	11,50,000
6% ऋणपत्र (स्वतंत्र सम्पत्तियों पर रक्षित)	3,75,000	
उपार्जित ब्याज	22,500	3,97,500
चालू दायित्व—		
अधिकोष अधिविकर्ष	1,95,000	
लेनदार	3,00,000	
निदेशक ऋण	1,00,000	5,95,000
योग		21,42,500

© The Institute of Chartered Accountants of India

1.1.2006 पर प्रभावी पुनर्गठन कि एक योजना न्यायालय द्वारा स्वीकृत की गयी, जिससे—

(i) पूर्वाधिकार अंश ₹75 प्रति तक एवं समता अंश ₹2 प्रति तक अपलिखित करें।

(ii) पूर्वाधिकार अंश लाभांश का, जो चार वर्षों हेतु बकाया है 3/4 भाग माफ किया तथा शेष त्रिमास हेतु ₹2 प्रति के समता अंशों को आवंटित किया।

(iii) ऋणपत्रों पर उपार्जित ब्याज नकद में भुगतान किया।

(iv) ऋणपत्र धारक अपने धारण के अंशतः पुनःभुगतान में ₹1,00,000 पुस्तकीय मूल्य की स्वतंत्र सम्पत्तियों को ₹1,20,000 पर मूल्यांकन कर लेने तथा 8% प्रति वर्ष कि ब्याज दर पर कम्पनी की सम्पत्तियों पर अस्थायी प्रभार द्वारा रक्षित ₹1,30,000 की अतिरिक्त रोकड़ उपलब्ध कराने के लिए सहमत हुए।

(v) एकस्व, ख्याति तथा आस्थगित विज्ञापन को अपलिखित करना है।

(vi) रहतिये ₹65,000 द्वारा अपलिखित होगा।

(vii) ₹68,500 की रकम से अशोध्य ऋण हेतु प्रावधान करना है।

(viii) शेष स्वतंत्र सम्पत्तियाँ ₹3,87,500 पर पुनः मूल्यांकित होंगी।

(ix) व्यापारिक निवेश ₹1,40,000 पर बेचे गये।

(x) निदेशकों ने उनके ऋणों के निपटारे हेतु 90% तत्सम्बन्धी ₹2 प्रति के समता अंशों के आवंटन द्वारा तथा 5% नकद के रूप में लेने एवं शेष 5% को माफ करने हेतु सहमत हैं।

(xi) यहाँ ₹2,50,000 कुल की पूँजी प्रतिबद्धतायें थीं इन अनुबंधों को रद्द किये जाने के दंड के रूप में संविदा मूल्य का 5% का भुगतान किया जाना है।

(xii) कराधान एवं योजना की लागत को अनदेखा करें।

आपसे उपयुक्त व्यवहारों (रोकड़ व्यवहारों सहित) की प्रतिनिधित्व पंजी प्रविष्टियाँ दर्शाने एवं योजना की पूर्णता के पश्चात् कम्पनी का आर्थिक चिट्ठा तैयार करने का अनुरोध है।

समाधान (Solution)

Journal of A & Co. Ltd.

			Dr.	Cr.
2005			₹	₹
Dec. 31	Equity Share Capital A/c (₹ 10)	Dr.	7,50,000	
	To Capital Reduction A/c			6,00,000
	To Equity Share Capital A/c (₹ 2)			1,50,000
	(Reduction of equity shares of ₹ 10 each to shares of ₹ 2 each as per Reconstruction Scheme dated...)			
	6% Cum. Pref. Share Capital A/c (₹100)	Dr.	4,00,000	
	To Capital Reduction A/c			1,00,000
	To Pref. Share Capital A/c (₹ 75)			3,00,000
	(Reduction of preference shares of ₹ 100 each to shares of ₹ 75 each as per Reconstruction Scheme dated...)			

© The Institute of Chartered Accountants of India

Dec. 31	Freehold Property A/c	Dr.	82,500	
	To Capital Reduction A/c			82,500
	(Appreciation in the value of property :			
	Book value Revalued Figure			
	₹ 1,00,000 ₹ 1,20,000			
	₹ 3,25,000 ₹ 3,87,500			
	Total ₹ 4,25,000 ₹ 7,07,500			
	Profit on revaluation : ₹ 82,500)			
"	6% Debentures A/c	Dr.	1,20,000	
	To Freehold Property A/c			1,20,000
	(Claims of dibenture-holders, in part, in respect of principal discharged by transfer of freehold property vide Scheme of Reconstruction)			
"	Accrued Interest A/c	Dr.	22,500	
	To Bank A/c			22,500
	(Debenture interest paid)			
"	Bank A/c	Dr.	1,30,000	
	To 8% Debentures A/c			1,30,000
	(8% Debentures issued for cash)			
"	Bank A/c	Dr.	1,40,000	
	To Trade Investment A/c			55,000
	To Capital Reduction A/c			85,000
	(Sale of Trade Investment for ₹ 1,40,000 cost being ₹ 55,000; profit credited to Capital Reduction Account)			
"	Director's Loan A/c	Dr.	1,00,000	
	To Equity Share Capital A/c			90,000
	To Bank A/c			5,000
	To Capital Reduction A/c			5,000
	(Directors' loan discharged by issue of equity shares of ₹ 90,000, cash payments of ₹ 5,000, vide Scheme of Reconstruction)			
Dec. 31	Capital Reduction A/c	Dr.	24,000	
	To Equity Share Capital A/c			24,000
	(Arreares of preference dividends satisfied by the issue of equity shares, 25% of the amount due, ₹ 96,000)			

© The Institute of Chartered Accountants of India

"	Capital Reduction A/c	Dr.	8,48,500	
	To Patents			37,500
	To Goodwill			1,30,000
	To Deferred Advertising			1,00,000
	To Stock			65,500
	To Provision for Doubtful Debts			68,500
	To Bank			12,500
	To Profit & Loss Account			4,35,000
	(Writing off patents, goodwill, deferred advertising, profit and loss account and reducing the value of stock, making the required provision for doubtful debts and payment for cancellation of capital commitments)			

Balance Sheet of A & Co. Ltd. (And Reduced)
as on 1st January, 2006

Liabilities	₹	*Assets*	₹	₹
Share Capital		Fixed Assets		
1,32,000 Equity Shares of		Goodwill	1,30,000	
₹ 2 each	2,64,000	*Less:* Amount written		
(Of the above 45,000 shares)		off under the Scheme		
have been issued for consi-		of reconstruction	1,30,000	—
deration other than cash)		Freehold Property	4,25,000	
4,000 6% Preference shares of		*Add:* Appreciation under		
₹ 75 each	3,00,000	The Scheme of	82,500	
Reserve and Surplus		Reconstruction		
Secured Loans		*Lees:* Disposed of	1,20,000	3,87,500
6% Debentures	2,55,000			
8% Debentures	1,30,000	Plant		50,000
Unsecured Loans	—	Patents	37,500	
Current Liabilities and	—	*Less:* written off		
Provisions		under the Scheme		
Sundry Creditors	3,00,000	of Reconstruction	37,500	—

© The Institute of Chartered Accountants of India

	Current Assets,		
	Loans and Advances		
	A. Current Assets		
	Stock in trade		3,60,000
	Sundry Debtors	4,85,000	
	Less: Provision		
	for Dobtful Debt	68,500	4,16,500
	Cash at Bank		35,000
12,49,000			12,49,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

सारांश

(SUMMARY)

- पुनर्निर्माण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा किसी कम्पनी के कामकाज को सम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन, दायित्वों के पुनः निर्धारण तथा पहले से उठाई गई हानियों के अपलेखन द्वारा अंशों का प्रदय मूल्य घटाकर तथा/अथवा विभिन्न प्रकार के अंशों के साथ लगे अधिकारों में परिवर्तन करके पुनर्गठित किया जाता है।
- पुनर्निर्माण खाता वह खाता है जिसमें अंशधारियों द्वारा किये गए त्याग को स्थांतरित किया जाता है।
- पुनर्निर्माण के खाते के शेष को पूँजीकृत संचय खाते में स्थानांतरित कर दिया जाता है।
- पुनर्निर्माण खाता काल्पनिक सम्पत्तियों के अपलेखन हेतु, सम्पत्तियों के मूल्य के अपलेखन हेतु, नए दायित्वों के अभिलेखन हेतु, इत्यादि प्रयोग किया जाता है।
- आंतरिक पुनर्निर्माण कि विधियाँ—
  - (1) अंश पूँजी में परिवर्तन—
    - (a) अंशों का उपविभाजन एवं समेकन
    - (b) अंशों का स्टॉक एवं स्टॉक का अंशों में परिवर्तन
  - (2) अंशधारियों के अधिकारों में परिवर्तन
  - (3) अंश पूँजी में पराभव
  - (4) समझौता/व्यवस्था
  - (6) अंशों का समर्पण।

स्व-परीक्षा प्रश्न

(SELF-EXAMINATION QUESTIONS)

I. वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Type Questions)

दिए गये विकल्पों से अधिक उपयुक्त उत्तर चुनिये—

1. जब पुनर्निर्माण को उद्देश्य सामान्यतः पूँजी को पुनः संगठित करना या लेनदारों के साथ संधि करना या अर्थव्यवस्था को प्रभावित करना हो तो इस प्रकार का पुनर्निर्माण कहलायेगा—
   - (अ) समापन के साथ आंतरिक पुनर्निर्माण
   - (ब) कम्पनी के समापन के बिना आंतरिक पुनर्निर्माण
   - (स) बाह्य पुनर्निर्माण
2. पुनर्निर्माण में निम्नलिखित सभी शामिल हैं सिवाय—
   - (अ) अंशों का उपविभाजन
   - (ब) अंशों का मिश्रण
   - (स) अंशों की पुनर्खरीद

[**उत्तर** (Answer)—1. (ब), 2. (स)।]

© The Institute of Chartered Accountants of India

II. लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

3. एक कम्पनी के 'आंतरिक पुनर्निर्माण' एवं बाह्य पुनर्निर्माण के मध्य संक्षिप्त में अन्तर करें।

III. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

4. उदाहरण की सहायता से एक कम्पनी के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया को समझाएँ।

IV. क्रियात्मक समस्याएँ (Practical Problems)

5. टॉय लिमिटेड की चुकता पूँजी ₹2,50,000 है जो ₹10 प्रति वाले 25,000 समता अंशों में विभक्त है। कम्पनी द्वारा लगातार हानि उठाने के कारण, निदेशकों ने कम्पनी के पुनर्निर्माण के लिए एक योजना तैयार की, जिसे न्यायालय द्वारा विधिवत अनुमोदित किया गया था। पुनर्निर्माण की शर्तें निम्नांकित थीं :

   (i) अपने वर्तमान धारण के स्थान पर, अंशधारक प्राप्त करते हैं :
      (a) अपने 2/5 स्वामित्व के बराबर पूर्णदत्त समता अंश।
      (b) उपर्युक्त नए समता अंशों की 20% की सीमा तक पूर्णदत्त 5% पूर्वाधिकार अंश।
      (c) ₹10 प्रति के 3,000 6% द्वितीय ऋणपत्र।
   (ii) ₹10 प्रति के 2,500 5% प्रथम ऋणपत्र का एक निर्गमन किया गया था जो पूर्णतः नकद में अभियाचित हुआ।
   (iii) सम्पत्तियाँ निम्नांकित तरीके से कम हो गयीं :
      (a) ख्याति ₹1,50,000 से ₹75,000 तक
      (b) यंत्र ₹50,000 से ₹37,500 तक
      (c) पट्टाधृत परिसर ₹75,000 से ₹62,000 तक

   पुनर्निर्माण की योजना में उपर्युक्त प्रभावों को देते हुए पंजी प्रविष्टियाँ दर्शाइए।

© The Institute of Chartered Accountants of India

6

एकीकरण

[AMALGAMATION]

अध्ययन के उद्देश्य (Learning Objectives)

इस इकाई के अध्ययन के उपरांत, आप सक्षम हो जायेंगे :

- **एकीकरण का अर्थ एवं एकीकरण हेतु लेखांकन कि विधियाँ समझने में।**
- **हस्तांतरिती** (Transferee) **कम्पनी एवं हस्तांतरणकर्त्ता** (Transferor) **कम्पनी की अवधारणा के प्रोत्साहन में।**
- **ए. एस.** 14 (AS-14) **के अनुसार एकीकरण की दोनों बिधियों के अंतर्गत क्रय प्रतिफल की गणना करने में।**
- **विक्रेता कम्पनी की पुस्तकों को बंद करने की प्रविष्टियाँ करने में।**
- **क्रेता कम्पनी की पुस्तकों में विक्रेता कम्पनी की संपत्तियों एवं दायित्वों को समामेलित करने तथा साथ ही अन्य समायोजनों का प्रभाव देने हेतु प्रविष्टियाँ कर सकने में।**

6.1 एकीकरण का अर्थ (Meaning of Amalgamation)

एक–एकीकरण में, दो या अधिक कम्पनियों द्वारा एक में संयुक्त विलय होता है या एक के द्वारा दूसरे को अधिकार में लिया जाता है। अतः 'एकीकरण' मद निम्नलिखित दो प्रकार की गतिविधियों पर विचार करती है—

(i) दो या अधिक कम्पनियों का एक नई कम्पनी के गठन में शामिल होना।

(ii) एक को अन्य द्वारा अवशोषित और सम्मिश्रण करना।

इस प्रकार एकीकरण में अवशोषण शामिल है।

कम्पनियों के साथ में जुड़ने का प्रयोजन विभिन्न लाभों को सुरक्षित करना है; जैसे कि, बड़े स्तर पर उत्पादन की अर्थव्यवस्था, प्रतियोगिता को रोकना, कुशलता में वृद्धि एवं विस्तार आदि।

परिसमापन होने वाली कम्पनियों या विलय हो जाने वाली कम्पनियों को विक्रेता कम्पनियाँ (Vendor companies) या हस्तान्तरक कम्पनियाँ (Transferor companies) कहते हैं।

© The Institute of Chartered Accountants of India

एक नई कम्पनी, जिसका गठन परिसमापक कम्पनियों को अधिकार में लेने के लिए हुआ है, या जिस कम्पनी के साथ हस्तान्तरक कम्पनी का विलय हुआ है को, हस्तान्तरी (transferee) या क्रेता (vendee) कहते हैं।

एकीकरण की दशा में हस्तान्तरक कम्पनियों की सम्पत्तियों एवं दायित्वों को एकीकृत करते हैं तथा हस्तान्तरी कम्पनी ऐसी सभी सम्पत्तियों एवं दायित्वों पर अधिकार प्राप्त कर लेती है।

जहाँ एक उपक्रम किसी कम्पनी द्वारा चलाया जा रहा है तथा इसका अस्तित्व हस्तांतरण किसी गैर (outsider) को नहीं, बल्कि एक अन्य कम्पनी (जिसे मूलतः उन्हीं अंशधारकों द्वारा एकमत दृष्टि के साथ हस्तान्तरी कम्पनी द्वारा जारी रखा जा रहा है) को किया जाता है, तो वह बाह्य पुनर्निर्माण है। ऐसे बाह्य पुनर्निर्माण को मूलतः ए. एस. 14 (AS-14) में सम्मिश्रण स्वभाव के एकीकरण (Amalgamation in the nature of merger) के अन्तर्गत शामिल किया जाता है।

आधार	एकीकरण	अवशोषण	बाह्य पुनिर्माण
अर्थ	दो या अधिक कम्पनियाँ एक साथ मिलकर एक नई कम्पनी के रूप में सामने आती हैं।	इस दशा में एक विद्यमान कम्पनी एक या अधिक विद्यमान कम्पनी को ले लेती हैं।	इस दशा में एक नई कम्पनी एक विद्यमान कम्पनी के व्यवसाय को ले लेती है।
शामिल कंपनियों की संख्या	दो या अधिक कम्पनियाँ मिलती हैं।	एक विद्यमान कम्पनी एक या अधिक विद्यमान कंपनियों के व्यावसाय को लेती है।	नई कम्पनी विद्यमान कम्पनी के व्यवसाय को लेती है।
परिणामी कंपनियों की संख्या	दो कम्पनियाँ एक परिणामी कम्पनी के रूप में सामने आती हैं।	नई परिणामी कम्पनी नहीं होती है।	इस दशा में एक नए प्रारूप की कम्पनी पहले से विद्यमान कम्पनी के व्यवसाय को ले लेती है।
उदाहरण	ए लि. और बी लि., सी लि. के रूप में एकीकृत होती हैं।	ए लि. अन्य विद्यमान कम्पनी के व्यवसाय कों अधिग्रहण करती है।	बी लि. का गठन विद्यमान कम्पनी ए लि. के व्यवसाय को अधिग्रहण करने के लिए होता है।

6.2 एकीकरण के प्रकार (Types of Amalgamation)

कम्पनी अधिनियम 1956 में एकीकरण मद की विशिष्टतः परिभाषा नहीं दी है, लेकिन अनेक वैधानिक निर्णयों से निष्कर्ष द्वारा एकीकरण की परिभाषा निकाली जा सकती है। भारतीय चार्टर्ड लेखाकार संस्थान में एकीकरणों के लेखांकन पर लेखांकन मानक AS-14 लागू किया गया है। यह लेखाकंन मानदण्ड निम्नलिखित दो प्रकार के एकीकरणों को मान्यता देता है—

(1) समिश्रण के स्वभाव का एकीकरण (Nature of merger)।

(2) क्रय की प्रवृति का एकीकरण (Nature of purchase)।

समिश्रण के स्वभाव का एकीकरण एक ऐसा एकीकरण है जो निम्न सभी शर्तों को पूरा करें —

(1) एकीकरण के पश्चात् हस्तांतरण कम्पनी की सभी सम्पत्तियाँ तथा दायित्व हस्तांतरी कम्पनी की सम्पत्तियाँ एवं दायित्व बन जाएँ।

© The Institute of Chartered Accountants of India

(2) हस्तांतरक कम्पनी के समता अंशों के अंकित मूल्यों का कम से कम 90% भाग को धारण करने वाले अंशधारक (ऐसे अंशधारकों को छोड़कर जिन्होंने एकीकरण से तुरन्त पूर्व हस्तांतरी कम्पनी या उसकी सहायक या उसकी नामित कम्पनी में पहले से ही समता अंश धारित कर रखे हैं) एकीकरण के फलस्वरूप हस्तांतरी कम्पनी के समता अंशधारक बन जायें।

(3) हस्तांतरक कम्पनी के समता अंशधारक जो हस्तातंरी कम्पनी के समता अंशधारक बनने के लिए सहमत हुए हैं उन अंशधारकों को एकीकरण का प्रतिफल हस्तांतरी कम्पनी द्वारा पूर्णतः समता अंशों के निर्गमन द्वारा निपटाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त निम्नात्मक अंशों के लिये रोकड़ चुकाई जा सकती है।

(4) हस्तांतरक कम्पनी का व्यवसाय हस्तांतरी कम्पनी द्वारा एकीकरण के बाद चलाये जाना ज़ाहिर हो।

(5) हस्तांतरक कम्पनी की सम्पत्तियों एवं दायित्वों के पुस्तकीय मूल्य में कोई समायोजन किये जाने का इरादा न हो। जब उनको हस्तांतरी कम्पनी के वित्तीय विवरणों में शामिल किया जाता है। सिवाय लेखांकन नीतियों में समरूपता के आश्वासन के।

यदि उपरोक्त दी हुई शर्तों में से कोई एक या अधिक शर्त एकीकरण में संतुष्ट नहीं होती है तो ऐसे एकीकरण को क्रय के स्वभाव का एकीकरण (Nature of purchase in amalgamations) कहा जायेगा।

6.3 क्रय प्रतिफल (Purchase Consideration)

एकीकरणों के लेखांकन के उद्देश्य हेतु, हम अनिवार्य रूप से लेखांकन मानदण्ड [AS-14] एकीकरणों के लेखांकन से दिशा-निर्देश पाते हैं। इस मानदण्ड AS-14 के अनुच्छेद 3 (g) में "क्रय प्रतिफल" मद की परिभाषा इस प्रकार है—

"निर्गमित अंशों एवं अन्य प्रतिभूतियों का कुल योग तथा रोकड़ अथवा अन्य सम्पतियों को हस्तांतरी कम्पनी के द्वारा भुगतान के रूप में हस्तांतरण कम्पनी के अंशधारकों को किया जाता है।"

सरल शब्दों में हस्तांतरक कम्पनी के व्यवसाय को लेने हेतु हस्तांतरी कम्पनी द्वारा हस्तातंरक कम्पनी को देय मूल्य है।

यह ध्यान रखना है कि क्रय प्रतिफल में उस राशि का समावेश नहीं होता है जो हस्तांतरी कम्पनी हस्तांतरक कम्पनी के लेनदारों को प्रत्यक्षतः चुकायेंगे। क्रय प्रतिफल में आवश्यक रूप से उसके तत्वों के उचित मूल्य पर निर्भर करता है।

उदाहरण के लिये जब प्रतिफल में प्रतिभूतियों का समावेश होता है तो वैधानिक प्राधिकार द्वारा तय किया गया मूल्य उचित मूल्य के तौर पर लिया जाता है। अन्य सम्पत्तियों की दशा में दी गयी सम्पतियों के संदर्भ में बाजार मूल्य को उचित मूल्य निर्धारित किया जा सकता है अथवा बाजार मूल्य की अनुपस्थिति में सम्पत्तियों का पुस्तकीय मूल्य विचारणीय होता है।

कभी-कभी एक या अधिक भावी घटनाओं के कारण क्रय प्रतिफल में कुछ समायोजन करने पड़ते हैं। प्रायः जब अतिरिक्त भुगतान संभावित हो और तर्कसंगत अनुमान के अन्तर्गत क्रय प्रतिफल की गणना को शामिल किया जाता है।

© The Institute of Chartered Accountants of India

उदाहरण (Illustration) **1**

दायित्व (Liabilities)	₹ '000	**सम्पत्तियाँ** (Assets)	₹ '000
अंश पूँजी ₹10 प्रत्येक के समता अंश	75.00	भूमि एवं भवन	50.00
		संयंत्र एवं यंत्र	45.00
₹100 प्रत्येक के 14% पूर्वाधिकार	25.00	उपस्कर	10.50
अंश		विनियोग	5.00
सामान्य संचय	12.50	स्कंध	23.00
12% ऋणपत्र	40.00	देनदार	24.00
विविध लेनदार ओर चालू दायित्व	20.00	रोकड़ और बैंक अधिकोष	15.00
	172.50		172.50

अन्य सूचना (Other Information)—

(i) 10 अप्रैल, 2008 को Y लिमिटेड, X लिमिटेड को अधिग्रहिण कर लेती है।

(ii) X के ऋणपत्रधारियों का भुगतान Y लिमिटेड द्वारा 15% निजी ऋणपत्र 10% पारितोषिक के साथ निर्गमित किये जायेंगे।

(iii) X (एक्स) लिमिडेट के 14% पूर्वाधिकार अंशधारियों का भुगतान Y लिमिटेड द्वारा 15% पूर्वाधिकार अंशों को 20% पारितोषिक के साथ आवश्यक संख्या में निर्गमित किया जायेगा।

(iv) X लिमिटेड के अंश जिनका आन्तरिक मूल्य ₹20 और Y लिमिटेड ₹30, Y लिमिटेड, X लिमिटेड के समता अंशधारियों को संतुष्ट होने पर समता अंश आन्तरिक मूल्य के आधार पर निर्गमित करेगा। इसी प्रकार प्रविष्टि केवल सममूल्य पर की जायेगी। Y लिमिटेड प्रत्येक समता अंश का उचित मूल्य ₹10 है।

क्रय प्रतिफल की गणना कीजिये।

समाधान (Solution)

Computation of Purchase consideration	(₹ in '000)	Form
For Preference Shareholders of X Ltd.	30,00	30,000 15% preference Share in Y Ltd.
For equity shareholders of Y Ltd. (2/3 × 7,50,000) × ₹ 10 of ₹ 10 each	50,00	5,00,000 equity shares of Y Ltd.
Total Purchase consideration	80,00	

Note : Consideration for debenture holders should not be included above. Such debentures will be taken over by Y Ltd. and then discharged.

© The Institute of Chartered Accountants of India

6.4 एकीकरणों के लेखांकन की विधियाँ (Methods of Accounting for Amalgamations)

एकीकरण के लेखांकन की दो मुख्य विधियाँ इस प्रकार हैं—

(1) हितों के समूहीकरण की विधि (Pooling of interest method)

(2) क्रय विधि (The purchase method)

पहली विधि समिश्रण के स्वभाव के एकीकरण की दशा में काम में लाई जाती है। तथा दूसरी विधि क्रय के स्वभाव की दशा में काम में लाई जाती है।

हितों के समूहीकरण की विधि (Pooling of interest method)—हितों के समूहीकरण विधि के अन्तर्गत सभी सम्पत्तियों, दायित्वों और संचयों को हस्तांतरी कम्पनी द्वारा उनके विद्यमान मूल्यों पर लिया जाये, जब तक कि इन कम्पनियों द्वारा अपनाई जा रही लेखाकंन नीतियों में किसी अन्तर के कारण कोई समायोजन अपेक्षित न हो जाये। परिणाम स्वरूप, निर्गमित अंशपूँजी के रूप में रिकार्ड की गयी राशि के मध्य अन्तर (जमा रोकड़ अथवा अन्य सम्पत्तियों के रूप में अतिरिक्त प्रतिफल) तथा हस्तांतरक कम्पनी की अंशपूँजी की राशि के बीच अन्तर को संचयों से समायोजित किया जाना चाहिये।

क्रय विधि (Purchase method)—क्रय विधि के अंतर्गत, हस्तांतरक कम्पनी की सम्पत्तियों एवं दायित्वों को उनके विद्यमान मूल्यों पर शामिल करना चाहिये अथवा क्रय प्रतिफल को व्यक्तिगत रूप से चिन्हित सम्पतियों एवं दायित्वों को एकीकरण की तिथि से उचित के आधार पर प्रभारित किया जाना चाहिये। लेकिन वैधानिक संचयों के अतिरिक्त हस्तांतरक कम्पनी का कोई भी संचय हस्तांतरी कम्पनी के वित्तीय विवरणों में सम्मिलित नहीं किया जाना चाहिये। हस्तातंरक कम्पनी के वैधानिक संचय को निम्न जनरल प्रविष्टि के माध्यम से हस्तांतरी कम्पनी के चिट्टे में दर्शाया जाना चाहिये।

Amalgamation Adjustment A/c Dr.

To Statutary Reserve

जब हस्तांतरी कम्पनी द्वारा उपरोक्त वैधानिक संचयों को बनाये रखा जाना जरूरी न रहे तो लेखे की विपरीत प्रविष्टि बनाकर ऐसे संचयों का निराकरण करना चाहिये। क्रय विधि में हस्तांतरी कम्पनी द्वारा प्राप्त हस्तांतरक कम्पनी की शुद्ध सम्पत्तियों के मूल्य के ऊपर प्राप्त क्रय प्रतिफल की राशि के आधिक्य को हस्तांतरी कम्पनी के वित्तीय विवरणों में ख्याति के रूप में माना जाना चाहिये।

किसी कमी/न्यूनता को पूँजीगत संचय के माध्यम से दिखाया जायेगा। ख्याति को 5 वर्षों की अवधि में अपलिखित किया जाना चाहिये; जब तक एक लंबी अवधि को न्यायोचित न ठहराया जाये।

उदाहरण (Illustration) **2**

X लिमिटेड एवं Y लिमिटेड के चिट्ठे इस प्रकार हैं :

Balance Sheet, 31 March, 2008

दायित्व	X लिमि.	Y लिमि.	सम्पत्तियाँ	X लिमि.	Y लिमि.
	₹	₹		₹	₹
₹10 प्रत्येक के समता अंश पूँजी	50,00	30,00	भूमि एवं भवन	25,00	15,50
			संयंत्र एवं यंत्र	32,50	17,00
₹100 प्रत्येक के 14%	22,00	17,00	उपस्कर	5,75	3,50

© The Institute of Chartered Accountants of India

पूर्वाधिकार अंश पूँजी			विनियोग	7,00	5,00
सामान्य संचय	5,00	2,50	स्कंध	12,50	9,50
निर्यात लाभ संचय	3,00	2,00	देनदार	9,00	10,50
विनियोग अनुलाभ संचय	—	1,00	रोकड़ एवं बैंक	7,25	5,20
लाभ हानि खाता	7,50	5,00			
₹100 प्रत्येक के 13% ऋणपत्र	5,00	3,50			
व्यापारिक लेनदार	4,50	3,50			
अन्य चालू दायित्व	2,00	1,50			
	99,00	66,00		99,00	66,00

X लिमिटेड, Y लिमिटेड के व्यापार को 1 अप्रैल, 2008 को लेना तय करती है, क्रय प्रतिफल इस प्रकार है—

(1) ₹10 प्रत्येक के 3,50,000 समता अंश Y लिमिटेड के समता अंशधारियों को सम मूल्य पर निर्गमित किये जायेंगे।

(2) ₹100 प्रत्येक के 15% पूर्वाधिकार अंश Y लिमिटेड के पूर्वाधिकार अंशधारियों को 10% पारितोषिक के सथ निर्गमित किये जायेंगे।

Y लिमिटेड के ऋणपत्रों को X लिमिटेड के ऋणपत्रों की समान संख्या में परिवर्तित किया जायेगा तथा Y लिमिटेड के वैधानिक संचारों को दो वर्षों तक आगे ले जाया जायेगा।

एकीकरण के पश्चात् X लिमिटेड के चिट्ठे को दर्शाया जाये यह मानते हुए कि—

(1) एकीकरण समिश्रण के स्वभाव का है।

(2) एकीकरण क्रय के स्वभाव का है।

समाधान (Solution)

(a) **Amalgamation in the nature of merger :**

Balance Sheet of X Ltd.

Liabilities	₹ '000	Assets	₹ '000
Equity Share Capital (₹ 100 each)	85,00	Land & Buildings	40,50
15% Preference Share Capital		Plant & Machinery	49,50
(₹ 100)	18,70	Furniture & Fittings	9,25
14% Preference Share Capital	22,00	Investments	12,00
(₹ 100)		Stock	22,00
General Reserve	80	Debtors	19,30
Export Profit Reserve	5,00	Cash & Bank	12,45
Investment Allowance Reserve	1,00		
Profit & Loss A/c	12,50		
13% Debentures (₹ 100 each)	8,50		
Trade Creditors	8,00		
Other current liabilities	3,50		
	165,00		165,00

© The Institute of Chartered Accountants of India

The difference between the amount recorded as share capital issued and the amount of share capital of transferor company should be adjusted in reserves. Thus,

General Reserve = ₹ '000 [7,50 – (53,70 – 47,00)] = ₹ ('000) 80

(b) **Amalgamation in the nature of purchase :**

Balance Sheet of X Ltd.

Liabilities	₹ '000	Assets	₹ '000
Equity Share Capital (₹ 10 each)	85,00	Land & Buildings	40,50
15% Preference Share Capital		Plant & Machinery	49,50
(₹ 100)	18,70	Furniture & Fittings	9,25
14% Preference Share Capital	22,00	Investments	12,00
(₹ 100)		Stock	22,00
General Reserve	5,00*	Debtors	19,30
Capital Reserve (working)	3,80	Cash and Bank	12,45
Profit & Loss A/c	7,50	Amalgamation	
		Adjustments A/c	3,00
Export profit Reserve	5,00		
Investment Allowance Reserve	1,00		
13% Debentures (₹ 100 each)	8,50		
Trade Creditors	8,00		
Other current liabilities	3,50		
	168,00		168,00

Workings : Capital Reserve arising on Amalgamation—

(A)	Net Assets taken over :	₹ '000	₹ '000
	Sundry Asssets		66,00
	Less : 13% Debentures	3,50	
	Trade Creditors	3,50	
	Other current liabilities	1,50	
			8,50
			57,50
(B)	Purchases consideration :		
	To Equity Shareholders of Y Ltd,		35,00
	To Preference Shareholders of Y Ltd,		18,70
			53,70
(C)	Capital Reserve (A-B)		3,80

© The Institute of Chartered Accountants of India

उदाहरण (Illustration) **1**

P लिमिटेड, S लिमिटेड का संविलयन करता है। S लिमिटेड का चिट्ठा इस प्रकार है।

चिट्ठा

दायित्व (Liabilities)	₹	**सम्पत्तियाँ** (Assets)	₹
अंश पूँजी ₹100 प्रत्येक के (पूर्णदत्त)	2,00,000	विविध सम्पत्तियाँ	13,00,000
₹ 2,000 7% पूर्वाधिकार अंश ₹ 100 प्रत्येक के (पूर्णदत्त)			
5,000 समता अंश	5,00,000		
संचय	3,00,000		
6% ऋणपत्र	2,00,000		
व्यापारिक लेनदार	1,00,000		
	13,00,000		13,00,000

P लिमिटेड सहमत है—

(i) P लिमिटेड ने ₹100 वाले 9% पूर्वाधिकार अंश निर्गमित किये P लिमिटेड ने 3 अंश के अनुपात में 4 पूर्वाधिकार अंश S लिमिटेड को दिये।

(ii) S लिमिटेड के ऋणपत्रधारियों को S लिमिटेड में 6% ऋणपत्र जो 20% प्रीमियम पर शोधित होने थे, के बदले 8% बंधक ऋणपत्र निर्गमित किये।

(iii) प्रत्येक अंश पर ₹20 नगद में भुगतान किये तथा S लि. में धारित प्रत्येक पाँच अंश के बदले ₹100 वाले (बाजार मूल्य ₹ 125) 6 समता अंश निर्गमित किये।

(iv) व्यापारिक देनदार के दायित्व को मानना।

समाधान (Solution)

The Purchase consideration will be		₹	Form
Preference Shareholders :	2,000 × 3/4 × 100	1,50,000	9% Pref. Shares
Equity Shareholders :	5,000 × 20	1,00,000	Cash
	5,000 × 6/5 × 125	7,50,000	Equity Shares
		10,00,000	

माना की, विनिमय पर उत्पन्न कुछ भिन्नों की संख्या के बीस अंशों (पी लिमिटेड में समता अंशों के तुल्य) हेतु प्रत्येक को एक सौ पच्चीस रुपये प्रति अंश की दर से भुगतान करना होगा, शेष राशि समता अंशों के निर्गमन द्वारा तय की जायेगी। वैकल्पिक रूप से, भिन्नात्मक अंश प्रमाण पत्र निर्गमित होंगे, ये प्रस्तुति पर अंशों में परिवर्तित होंगे–भिन्नात्मक अंश प्रमाण पत्र के धारक ऐसे अन्य प्रमाणपत्र क्रय करेंगे या अपने द्वारा धारित को बेच देंगे।

* ए एस 14 के अनुसार, समामेलन के लिए प्रतिफल हस्तांतरी कम्पनी द्वारा हस्तान्तारक कम्पनी के अंशधारियों को निर्गमित कुल अंशों या अन्य प्रतिभूतियों तथा नकद या अन्य संपत्तियों के रूप में किये गये भुगतान के योग के समान होता है। इसलिए ऋणपत्र धारियों को निर्गमित ऋणपत्रों को क्रय प्रतिफल में शामिल नहीं किया जायेगा। व्यापारिक लेनदारों की तरह, एस लिमिटेड के ऋणपत्रों के दायित्व के सम्बन्ध में इन्हें P लिमिटेड द्वारा नए 8% ऋणपत्रों को जारी कर तय किया जायेगा।

© The Institute of Chartered Accountants of India

उदाहरण (Illustration) **2**

Y लिमिटेड, X लिमिटेड के संविलयन का निर्णय लेता है। X लिमिटेड का चिट्टा इस प्रकार है—

चिट्ठा (Balance Sheet)

दायित्व (Liabilities)	₹	**सम्पत्तियाँ** (Assets)	₹
₹100 प्रत्येक के (पूर्णदत्त) 3,000 समता अंश	3,00,000	शुद्ध सम्पत्तियाँ	2,90,000
		लाभ–हानि खाता	70,000
पूर्वाधिकार अंश	60,000		———
	3,60,000		3,60,000

Y लिमिटेड, पूर्वाधिकार अंश धारियों के भुगतान हेतु नकद में ₹ 60,000 चुकाने तथा शेष में उसके ₹ 120 प्रति मूल्य पर समता अंश द्वारा देने के लिए सहमत है। Y लिमिटेड द्वारा चुकता क्रय प्रतिफल की गणना करें तथा इसे कैसे चुकाया जायेगा।

समाधान (Solution)

X लिमिटेड के ₹ 3,000 अंशों का मूलय ₹ 70 = ₹ 2,10,000

क्रय प्रतिफल होगा

⇒ समता अंशो हेतु ₹ 2,10,000 + पूर्वाधिकारी अंशधारियों संबंधित दायित्व हेतु ₹ 60,000

⇒ ₹ 2,70,000

उपरोक्त में से ₹ 60,000 नगद में होगा और Y लिमिटेड के समता अंश के रूप में ₹ 2,10,000, ₹ 120 प्रति अंश निर्गमित है; अंशों की संख्या जो कि निर्गमित कि जायेगी ⇒ ₹ 2,10,000 / ₹ 120

⇒ ₹ 1750 समता अंश

6.5 विक्रेता कम्पनी की पुस्तकों को बन्द करने की जर्नल प्रविष्टियाँ (Journal Enteries to Close the Books of Vendor Company)

निम्नलिखित उदाहरण में दैनिक प्रविष्टिया की जायेगी। Wye लिमिटेड, Zed लिमिटेड के व्यवसाय को अधिगृहित करता है। जिसका आर्थिक चिट्टा 31 Dec., 2008 को इस प्रकार है :

दायित्व (Liabilities)	₹	**सम्पत्तियाँ** (Assets)	₹
₹100 प्रत्येक के अंश में विभाजित अंश पूँजी		ख्याति	2,00,000
6% पूर्वाधिकार अंश पूँजी	4,00,000	भूमि एवं भवन	4,00,000
समता अंश पूँजी	8,00,000	संयंत्र एवं यंत्र	6,00,000
पूँजीगत संचय	1,00,000	एकस्व	50,000
लाभ हानि खाता	50,000	स्कंध	1,50,000
6% ऋणपत्र	2,00,000	पुस्तकीय ऋण	1,80,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

उपरोक्त पर अदत्त ब्याज	12,000	रोकड़ अधिकोष	70,000
कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय (अनुमानित दायित्व ₹ 5,000)	8,000	अभिगोपक कमीशन	40,000
व्यापारिक लेनदार	1,20,000		
	16,90,000		16,90,000

Wye लिमिटेड सभी सम्पत्तियों (रोकड़ को छोड़ कर) और दायित्व (ऋणपत्रों पर अल्प ब्याज को छोड़कर) को अपने अधिकार में लेगा तथा निम्न भुगतान करेगा—

(i) Zed लि. में विद्यमान ऋणपत्रों हेतु, Wye लि. में ₹ 2,00,000 के 7% ऋणपत्र (₹100 प्रत्येक), इस उद्देश्य हेतु Wye लि. का प्रत्येक ऋणपत्र ₹ 105 मूल्य के समान माना गया है।

(ii) Zed लि. में प्रत्येक पूर्वाधिकार अंश हेतु ₹ 10 नगद तथा Wye लि. में एक 9% ₹100 प्रत्येक का पूर्वाधिकार अंश।

(iii) Zed लि. में प्रत्येक समता अंश हेतु ₹20 नगद में तथा ₹100 प्रत्येक का Wye लि. में एक समता अंश जो ₹140 बाजार मूल्य रखता है।

(iv) Zed लि. के समापन के व्यय ₹10,000 की सीमा तक Wye लि. द्वारा प्रतिपूर्ति किये जायेंगे। वास्तविक व्ययों की राशि ₹12,500 है।

Wye लि. भूमि तथा भवन ₹5,50,000 पर, यंत्र एवं संयत्र ₹ 6,50,000 पर तय एकस्व ₹20,000 पर मूल्यांकित करता है।

Purchase Consideration :

			₹	Form
(i)	Preference Share : ₹ 10 per share	40,000		Cash
	Preference shares	4,00,000	4,40,000	Preference shares
(ii)	Equity shares : 20 per share	1,60,000		Cash
	8,000 equity shares in Wye Ltd. @ ₹ 140	11,20,000	12,80,000	Equity shares
			17,20,000	

विक्रेता कम्पनी की पुस्तकों को बन्द करने के विभिन्न चरण (Step to Close the Books of the Vendor Company)—

1. वसूली खाता खोलें एवं पुस्तक मूल्य पर सभी सम्पत्तियों को अन्तरित कर दें।

अपवाद : यदि क्रेता कम्पनी द्वारा रोकड़ नहीं ली जा रही है तो उसको अन्तरित न करें।

नोट : लाभ-हानि खाता (डेबिट) और अपलिखित न किये जाने वाले व्यय सम्पत्तियाँ नहीं हैं अतः अव्ययों को वसूली खाते में हस्तांतरित नहीं करना चाहिये।

उपरोक्त दशा में निम्न जर्नल लेखा होगा—

The journal entry in the above case is :		₹	₹
Realisation A/c	Dr.	15,80,000	
To Sundries—			
Goodwill			2,00,000
Land & Building			4,00,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

Plant & Machinery	6,00,000
Patents	50,000
Stock	1,50,000
Book debts	1,80,000

(Transfer of Assets to Realisation Account on Sale of Business to Wye Ltd.)

2. वसूली खाते में उन दायित्वों को हस्तांतरित करना चाहिये जिनको क्रेता कम्पनी द्वारा लिया जा रहा हो। प्रावधानों की दशा में वह भाग जो भविष्य में उत्पन्न हो सकने वाली दायित्व की राशि को दर्शाता है। इस प्रकार हस्तांतरित किया जाये तथा वह भाग जो आवश्यक नहीं है (अर्थात् संचय वाला भाग) लाभ के रूप में माना जाना चाहिये, तदानुसार उनका लेखा निम्न प्रकार किया जायेगा।

		₹	₹
6% Debentures in Wye Ltd.	Dr.	2,00,000	
Workmen's Compensation Reserve	Dr.	5,000	
Trade Creditors	Dr.	1,20,000	
To Realisation A/c			3,25,000
(Transfer of liabilities taken over by Wye Ltd. to Realisation A/c)			

3. क्रय प्रतिफल की राशि से क्रेता कम्पनी का खाता डेबिट करें एवं वसूली खाता क्रेडिट (Cr.) करें।

		₹	₹
Wye Ltd.	Dr.	17,20,000	
To Realisation A/c			17,20,000
(Amount receivable from Wye Ltd. for sale of business)			

4. क्रय प्रतिफल प्राप्त होने पर जो प्राप्त हो (रोकड़, ऋणपत्र, अंश आदि) डेबिट (Dr.) करें एवं क्रेता कम्पनी को क्रेडिट (Cr.) करें।

		₹	₹
Cash	Dr.	2,00,000	
9% Preference shares in Wye Ltd.	Dr.	4,00,000	
Equity Shares in Wye Ltd.	Dr.	11,20,000	
To Wye Ltd.			17,20,000
(Receipt of purchase consideration from the purchase company)			

5. समापन के व्ययों को प्रत्येक मामले की परिस्थितियों के अनुसार लेना पड़ता है। यदि विक्रेता कम्पनी उनको स्वयं वहन करती है तो वसूली खाते को डेबिट किया जाता है तथा रोकड़/बैंक खाते को क्रेडिट किया जाता है।

© The Institute of Chartered Accountants of India

यदि व्यय क्रेता कम्पनी द्वारा वहन किये जाते हैं तो प्रश्न को निम्न दो तरीकों में से किसी एक तरीके के अन्तर्गत निपटाया जा सकता है।

(i) इसे विक्रेता कम्पनी की पुस्तकों से चुकाया जा सकता है।

(ii) यदि व्ययों को पहले विक्रेता कम्पनी द्वारा चुकाया जाता है तथा बाद में क्रेता कम्पनी द्वारा भुगतान किया जाता है तो निम्न दो लेखे बनाये जायेंगे।

(a) विक्रेता कम्पनी द्वारा व्ययों का भुगतान किया जाता है तो क्रेता कम्पनी को डेबिट करें एवं रोकड़ खाते को क्रेडिट करें।

(b) जब व्ययों की प्रतिपूर्ति की जाती है तो रोकड़ खाता डेबिट करें एवं क्रेता कम्पनी खाता क्रेडिट करें।

उपरोक्त दशा में Wye लिमिटेड को केवल अधिकतम ₹ 10,000 चुकाना है। जबकि व्यय की गई राशि ₹ 2,500 है अतः ₹ 2,500 Zed लिमिटेड द्वारा वहन की जायेगी। निम्नलिखित अपेक्षित प्रविष्टिया होंगी—

		₹	₹
Wye Ltd.	Dr.	10,000	
Realisation A/c	Dr.	2,500	
To Cash A/c			12,500
(Liquidation expenses out of which ₹ 10,000 is payable by Wye Ltd.)			
Cash A/c	Dr.	10,000	
To Wye Ltd.			10,000
(Account reimbursed by Wye Ltd. for expense)			

6. दायित्वों को क्रेता कम्पनी द्वारा नहीं लिया जाता है। उनकों चुका दिया जाता है दायित्वों का भुगतान करने पर संबद्ध दायित्वों का खाता डेबिट (Dr.) तथा रोकड़ खाता क्रेडिट (Cr.) किया जाता है। वास्तव में भुगतान की गई राशि एवं पुस्तकीय मूल्य के मध्य में कोई अन्तर होता है तो उसे वसूली खाते में हस्तांतरित करते हैं। इस सम्बन्ध में Zed लिमिटेड निम्न लेखें बनायेगी।

		₹	₹
Interest Outstanding	Dr.	12,000	
To Debentureholders A/c			12,000
(Amount due to debenture holders for debentures interest)			
Debentureholders	Dr.	12,000	
To Cash A/c			12,000
(Debentureholders paid cash ₹ 12,000 for outstanding interest)			

© The Institute of Chartered Accountants of India

7. अधिमान अंशधारियों को उनके देय राशि से क्रेडिट (Cr.) करें एवं अधिमान अंशपूँजी को पुस्तकों में दिखाई गई राशि से डेबिट (Cr.) करें, यदि दोनों के मध्य कोई अन्तर हो तो उसे वसूली खाते में हस्तांतरित करें।

6% Pref. Share Capital A/c	Dr.	4,00,000	
Realisation A/c	Dr.	40,000	
To Preference Shareholders A/c			4,40,000
(The amount due to preference shareholders for capital and the extra amount payable under the scheme of absorption)			

टिप्पणी—किसी संकेत के प्रतिकूल की अनुपस्थिति में पूर्वाधिकार अंशधारी अपने द्वारा केवल संयोजित पूँजी के अधिकारी होंगे लेकिन लेनदारों को भुगतान करने के पश्चात् यदि कोष पूर्ण पूर्वाधिकार अंशों का दावा सन्तुष्ट करने के लिये पर्याप्त नहीं हो तो उन्हें घाटे के परिणाम की स्थिति, यानि हानि से गुजरना पड़ेगा।

8. अधिमान अंशधारकों को डेबिट करें तथा उनको जो भी दिया जाये उसे क्रेडिट करें। उपरोक्त दशा में निम्न लेखा होगा—

		₹	₹
Perference shareholders A/c	Dr.	4,40,000	
To Cash A/c			40,000
To 9% Preference shares in Wye Ltd.			4,00,000
(Cash and preference shares in Wye Ltd. given to preference shareholders)			

9. समता अंशपूँजी और लाभ-हानि का बोध कराने वाले खाते (जिसमें वसूली खाता सम्मलित है) में समता अंशधारियों के खाते में हस्तांतरित करें। इससे समता अंशधारियों को उनकी देय राशि का पता चलेगा।

इस सम्बन्ध में निम्न प्रविष्टियाँ होंगी—

		₹	₹
Equity Share Capital A/c	Dr.	8,00,000	
Capital Reserve A/c	Dr.	1,00,000	

© The Institute of Chartered Accountants of India

Profit and Loss A/c	Dr.	50,000	
Workmen's Compensation Reserve A/c	Dr.	3,000	
Realisation A/c	Dr.	4,22,500*	
To Sundry Equity Shareholders A/c			13,75,500
(Various accounts representing capital and profit transferred to Equity0 Shareholders Account)			
Equity ShareholdersA/c	Dr.	40,000	
To Underwriting Commission A/c			40,000
(Underwriting Commission A/c closed by transfer to Equity Shareholders A/c)			

10. समता अंशधारकों के दावों की संतुष्टि पर उनके खाते को डेबिट (Dr.) करें एवं जो भी उनको दिया जाये उससे क्रेडिट (Cr.) करें।

		₹	₹
Equity Shareholders A/c	Dr.	13,35,500	
To Equity Shares in Wye Ltd.			11,20,000
To Cash A/c**			2,15,500

6.6 क्रेता कम्पनी की पुस्तकों में प्रविष्टियाँ (Entries in the Books of Purchasing Company)

(1) क्रय प्रतिफल की राशि से व्यवसाय क्रय खाते को डेबिट करें तथा विक्रेता कम्पनी के सहायक को क्रेडिट (Cr.) करें।

		₹	₹
Business Purchase A/c	Dr.	17,20,000	
To Liquidator of Zed Ltd.			17,20,000
(Amount payable to Zed Ltd. as per agreement dated...)			

---

* The Realisation Account will appear as follows :

Realsation Account

		₹		₹
To	Sundry Assets	15,80,000	By Sundry Liabilities	3,25,000
To	Cash (excess expenses of liquidation)	2,500	By Wye Ltd.	17,20,000
To	Preference Shareholders	40,000		
To	Equity Shareholders A/c-profit transferred	4,22,500		
		20,45,000		20,45,000

** विद्यार्थियों को रोकड़ अधिकोष निकालने के लिये रोकड़ खाता बनाना चाहिये।

© The Institute of Chartered Accountants of India

(2) (i) क्रेता कम्पनी द्वारा (ख्याति को छोड़कर) लगाये गये मूल्य पर सम्पत्तियों को डेबिट करें।

(ii) लिये गये दायित्वों को स्वीकृत मूल्य से क्रेडिट करें तथा व्यवसाय क्रय खाते को क्रय प्रतिफल की राशि से क्रेडिट करें।

(iii) विक्रेता कम्पनी द्वारा लिए गये अंशों, यदि कोई हो तो को ऐसी अंशों की लागत से इस खाते को क्रेडिट करें।

(iv) यदि उपरोक्त (ii) एवं (iii) में किये गये क्रेडिट की राशि उपरोक्त (i) में की गई डेबिट की राशि से ज्यादा हो तो इस अन्तर की राशि को ख्याति खाते में डेबिट करना चाहिये। जबकि विपरीत स्थिति में अन्तर की राशि को पूँजी संचय खाते में क्रेडिट करना चाहिये।

टिप्पणी (Notes)—ख्याति या पूँजी संचय की राशि यहाँ शामिल करते हुए सिर्फ पूर्वगामी तरीके से प्राप्त राशि ही ली जायेगी। उपरोक्त दशा में निम्नलिखित प्रविष्टियाँ पारित होंगी—

		₹	₹
Sundries	Dr.		
Land and Building A/c		5,50,000	
Plant and Machinery A/c		6,50,000	
Patents A/c		20,000	
Stock A/c		1,50,000	
Sundry Debtors		1,80,000	
Goodwill		5,05,000	
To Sundries			
Provision for Workmen's Compenasation A/c			5,000
Trade Creditors			1,20,000
Debentures in Zed Ltd.			2,10,000
Business Purchases Account			17,20,000
(Various assets and liabilities taken over from Zed Ltd. Goodwill ascertained as a balancing figure)			

(3) On the payment to the vendor company the balance at its credit, the entry to be made by Wye Ltd. shall be :

		₹	₹
Liquidator of Zed Ltd.	Dr.	17,20,000	
To Cash			2,00,000
To 9% Preference Share Capital A/c			4,00,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

	To Equity Share Capital A/c			8,00,000
	To Securities Premium A/c			3,20,000
	(Payment of cash and issue of shares in satisfaction of purchase consideration)			
(4)	Debentures in Zed Ltd. A/c	Dr.	2,10,000	
	To 7% Debentures A/c			2,00,000
	To Premium on Debentures A/c			10,000

(5) यदि क्रेता कम्पनी को विक्रेता कम्पनी के समापन के व्यय भी चुकाने होते हैं तो राशि को ख्याति या पूँजीगत संचय खाता, जैसी भी स्थिति हो में डेबिट किया जाना चाहिय।

Goodwill Account	Dr.	10,000	
To Cash Account			10,000
(Amount paid towards liquidation expenses on Zed Ltd.)			

क्रय मूल्य पर प्रविष्टि (Entries at par value)—विद्यार्थी नोट करेंगे कि क्रेता कम्पनी के ख्याति खाते में (चरण नं. 2) डेबिट किया जायेगा। लेकिन बड़ी राशि अंश प्रीमियम खाते में रहेगी (चरण नं. 3)। दोनों का समयोजन नहीं किया जा सकता है। लेकिन, स्वीकार्य रहेगा यदि अंशों के बाजार मूल्य के आधार पर समझौता किया जाये लेकिन क्रेता कम्पनी के अंशों के सममूल्य के आधर पर ही केवल प्रविष्टियाँ बनाई जायें। इसका अर्थ होगा कि ख्याति खाता (अथवा पूँजी संचय) अंश प्रीमियम स्वतः ही समायोजित होंगे।

अतः कम्पनी ऋण यदि क्रेता कम्पनी विक्रेता के प्रति किसी राशि से ऋणी है अथवा इसके विपरीत है तो ऐसी राशि को एक कम्पनी के देनदारों में शामिल किया जाये तथा दूसरी कम्पनी के लेनदारों में इसको निम्नलिखित लेखे द्वारा समायोजित किया जाना चाहिये।

Sundry Creditors	Dr.	
To Sundry Debtors		

सामान्य अधिग्रहण की प्रविष्टियों को पारित करने के बाद, प्रविष्टि की जानी चाहिए।

वसूली खाता तैयार करने के समय तथा व्यवसाय क्रय के लेखे बनाने के समय इस तथ्य की और ध्यान देने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि दोनों कम्पनियाँ एक दूसरे से पारस्परिक रूप से ऋणी है।

स्कन्ध के मूल्य का समायोजन (Adjustment of the value of stock)—व्यवसाय के अधिग्रहण के पश्चात् अन्तःकम्पनी ऋण सामान्यतः माल के क्रय तथा विक्रय से उत्पन्न होता है। अतः व्यवसाय के विक्रय के समय पर देनदार कम्पनी के स्टॉक में ऐसा माल बचा रह सकता है, या ऐसा लाभ भी शामिल हुआ हो सकता है, जो उसने लेनदार कम्पनी से खरीदा हो या लेनदार की लागत में लेनदार कम्पनी द्वारा कमाया गया लाभ हो। व्यवसाय के अधिग्रहण के पश्चात् ऐसे लाभ को दरकिनार कर देना आवश्यक हो जाता है।

इस प्रकार का लेखा क्रेता कम्पनी द्वारा किया जायेगा।

© The Institute of Chartered Accountants of India

यदि यह विक्रेता कम्पनी है, जिसके स्कन्ध/रहतिये में ऐसे अधिग्रहण की प्रविष्टियाँ बनाते समय स्कन्ध के मूल्य को कम्पनी की लागत तक कम किया जायेगा जो व्यवसाय का अधिगृहण कर रही है तथा स्वतः ही ख्याति अथवा पूँजीगत संचय (जैसी भी स्थिति में हो) समायोजित हो जायेगा।

लेकिन यदि विक्रेता कम्पनी द्वारा विक्रय किया जाता है तथा रहतिया व्यवसाय कम्पनी अधिग्रहित कर रही है तो बाद वाली कम्पनी को ख्याति (पूँजी संचय खाता) डेबिट करना होगा तथा स्कंध में शामिल लाभ की राशि से स्कंध को क्रेडिट करना होगा।

उदाहरण (Illustration) **3**

31 March, 2008 को आर्थिक चिट्ठा इस प्रकार है।

Best Ltd. Better Ltd.

	(₹ लाखों में)			*(₹ लाखों में)*	
	Best Ltd.	Better Ltd.		Best Ltd.	Better Ltd.
अंश पूँजी :	₹	₹		₹	₹
₹ 100 प्रत्येक के पूर्णदत्त अंश	20	10	स्थायी सम्पतियाँ	25	15
संचय एवं आधिक्य	10	8	विनियोग	5	—
अन्य दायित्व	20	2	चालू दायित्व	20	5
	50	20		50	20

निम्न सूचनाएँ इस प्रकार हैं—

(a) Better लिमिटेड के अंशों में Best लिमिटेड के ₹ 3,00,000 के विनियोग सम्मलित हैं जिनकी फेस वेल्यू ₹ 2,00,000 है।

(b) 1 April, 2008 को Better लिमिटेड द्वारा प्रत्येक दो अंशों के बदले में संचय और आधिक्य के अतिरिक्त एक अंश निर्गमित किया।

(c) यह सहमति हुयी थी कि पिछले चिट्ठे के आधार पर Best लिमिटेड Better लिमिटेड का व्यवसाय क्रय कर लेगी। यह निर्णय Best लिमिटेड में प्रतिफल अंशों के आबंटन का रूप ले लेता है।

(d) बोनस अंश के निर्गमन के पश्चात् Best लिमिटेड के अंशों मूल्य ₹ 150 है और Better लिमिटेड के अंशों का मूल्य (बोनस शेयर देने के पश्चात्) ₹ 100 हैं। अंशों का आबंटन इन्हीं मूल्यों के आधार पर किया जायेगा।

(e) Better लिमिटेड के दायित्वों में Best लिमिटेड के ₹ 1 लाख सम्मलित हैं। Best लिमिटेड को इस खरीद की लागत पर 25% लाभ मिलता है। इन क्रयों में से ₹ 50,000 का माल उपरोक्त आर्थिक चिट्ठे की तिथि पर स्कंध के रूप में रखा जाता है।

Better लिमिटेड की पुस्तकों में अंतिम खाता बही बनाइये एवं Best लिमिटेड की पुस्तकों में प्रारंभिक प्रविष्टियाँ कीजिये तथा 1 अप्रैल, 2008 को अधिग्रहण के बाद आर्थिक चिट्ठा बनाइये।

© The Institute of Chartered Accountants of India

समाधान (Solution)

LEDGER OF BETTER LIMITED

Fixed Assets Account

		₹			₹
To	Balance b/d	15,00,000	By	Realisation A/c (Transfer)	15,00,000

Current Assets Account

		₹			₹
To	Balance b/d	5,00,000	By	Realisation A/c (Transfer)	5,00,000

Liabilities Account

		₹			₹
To	Realisation A/c	2,00,000	By	Balance b/d	2,00,000

Realisation Account

		₹			₹
To	Fixed Assets A/c	15,00,000	By	Liabilities A/c	2,00,000
To	Current Assets A/c	5,00,0000	By	Best Limited (Purchase Consideration)	15,00,000
			By	Shareholders' A/c (Loss on Realisation)	3,00,000
		20,00,000			20,00,000

Share Capital Account

		₹			₹
To	Sundry Shareholders A/c - (transfer)	15,00,000	By	Balance b/d	10,00,000
			By	Reserves & Surplus A/c (Bonus issue)	5,00,000
		15,00,000			15,00,0000

Reserves & Surplus A/c

		₹			₹
To	Share Capital (Bouns issue)	5,00,000	By	Balance b/d	8,00,000
"	Sundry Shareholders	3,00,000			
		8,00,000			8,00,000

Best Ltd.

		₹			₹
To	Realisation A/c-Purchase Consideration	15,00,000	By	Sundry Shareholders (1/5 of Purchases Consideration)	3,00,000
			By	Shares in Best Ltd.	12,00,000
		15,00,000			15,00,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

Shares in Best Ltd.

		₹			₹
To	Best Ltd.	12,00,000	By	Sundry Shareholders A/c	12,00,000

Sundry Shareholders A/c

		₹			₹
To	Realisation A/c (Loss)	3,00,000	By	Share Capital A/c	15,00,000
			By	Reserves & Surplus A/c	3,00,000
To	Best Ltd.	3,00,000			
To	Shares in Best Ltd.	12,00,000			
		18,00,000			18,00,000

JOURNAL OF BEST LTD.

2008			Dr.	Cr.
			₹	₹
Apr.1	Fixed Assts A/c	Dr.	15,00,000	
	Current Assets A/c	Dr.	5,00,000	
	To Liabilities A/c			2,00,000
	To Liquidator of Better Ltd.			12,00,000
	To Capital Reserve A/c			3,00,000
	To Shares in Better Ltd.			3,00,000
	(Assets & Liabilities of Better Ltd. taken over for an agreed purchase consideration of ₹ 12,00,000 and cancellation of investments, held in Better Ltd., at ₹ 3,00,000 as per agreement dated....)			
	Liquidator of Better Ltd.	Dr.	12,00,000	
	To Share Capital A/c			8,00,000
	To Securities Premium A/c			4,00,000
	(Discharge of purchase consideration by the issue of equity shares of ₹ 8,00,000 at a premium of ₹ 50 per share as per agreement)			
	Sundry Creditors A/c	Dr.	1,00,000	
	To Sundry Debtors A/c			1,00,000
	(Amount due from better Ltd., and included in its creditors taken over, cancelled against own sundry debtors)			

© The Institute of Chartered Accountants of India

Capital Reserve A/c	Dr.	10,000	
To Current Assets (Stock) A/c			10,000
(Unrealized profit on stock included in current assets of Better Ltd. written off to reserve Account)			

Working Note—

Calculation of Purchase consideration—

	₹
Issued Capital of Better Ltd. (after bonus issue) at ₹ 100 per share	15,00,000
Less : Held by Best Ltd.	3,00,000
Held by outsiders, valued at ₹ 100 per share	12,00,000

Purchase consideration has been discharged by Best Ltd. by the issue of shares for ₹ 8,00,000 at a premium of ₹ 4,00,000 This gives the value of ₹ 150 per share.

Balance Sheet of Bets Ltd. (After absorption)

	₹		₹	₹
Share Capital		Fixed Assets		
Authorised		Opening Balance	25,00,000	
..shares of ₹ 100 each		Acquired during		
Issued & Subscribed		the year	15,00,000	40,00,000
28,000 shares of ₹ 100		Investment		2,00,000
each fully paid	28,00,000	Current Assets		23,90,000
of the above (8,000 shares have been issued for consideration other than cash)				
Reserves & Surplus :				
Securities Premium	4,00,000			
Capital reserves	2,90,000			
Other Reserves and Surplus	10,00,000			
Current Liabilities	21,00,000			
	65,90,000			65,90,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

उदाहरण (Illustration) **4**

K लिमिटेड और L लिमिटेड एक नयी कम्पनी LK लिमिटेड के रूप में एकीकृत होती है। एकीकरण की तिथि पर दोनों कम्पनियों की वित्तीय स्थिति इस प्रकार है :

	K Ltd.	*L Ltd.*		*K Ltd.*	*L Ltd.*
	₹	₹		₹	₹
अंश पूँजी ₹ 100 प्रत्येक			ख्याति	80,000	
के समता अंश	8,00,000	3,00,000	भूमि एवं भवन	4,50,000	3,00,000
₹ 100 प्रत्येक के 7%	4,00,000	3,00,000	संयंत्र एवं यंत्र	6,20,000	5,00,000
पूर्वाधिकार अंश					
5% ऋणपत्र	2,00,000		उपस्कर	60,000	20,000
सामान्य संचय	—	1,00,000	विविध देनदार	2,75,000	1,75,000
लाभ–हानि खाता	4,31,375	87,175	भण्डार एवं स्कंध	2,25,000	1,40,000
विविध लेनदार	1,00,000	2,20,000	रोकड़ अधिकोष	1,20,000	55,000
सुरक्षित ऋण	—	2,00,000	हस्तस्थ रोकड़	41,375	17,175
			प्रारम्भिक व्यय	60,000	
	19,31,375	12,07,175		19,31,375	12,07,175

एकीकरण की शर्तें इस प्रकार हैं—

(1) दोनों कम्पनियों के दायित्वों का पुर्वानुमान माना गया है।

(2) ₹ 20 प्रत्येक के ₹ 5 पूर्वाधिकार अंश LK लिमिटेड द्वारा चुकता पूँजी ₹ 18 प्रत्याजी प्रति अंश ₹ 4 दोनों कम्पनियों द्वारा अधिग्रहित पूर्वाधिकार अंश निर्गमित किये जायेंगे।

अधिकता में, दोनों कम्पनियों के समता अंशधारियों को आवश्यक नगद भुगतान करना चाहिये। दोनों कम्पनियों के अंशों का आंतरिक मूल्य के अनुसार, दोनों कम्पनियों के अंशधारियों के अधिकार को समायोजित करना आवश्यक है। LK लि. में ₹ 20 प्रत्येक के छः समता अंशों का निर्गमन ₹ 18 चुकता की दर से ₹ 4 प्रति अंश प्रिमियम पर दो कम्पनियों में प्रत्येक धारित समता अंश हेतु किया गया।

(3) LK लिमिटेड ने 6% ऋणपत्र पूर्णदत्त मूल्य पर निर्गमित किये ताकि K लिमिटेड के 5% ऋणपत्रों का 5% बट्टे पर भुगतान हो जाये।

(4) (i) सभी सम्पत्तियों एवं दायित्वों को उनके पुस्तकीय मूल्य पर ले लिया गया, स्कंध एवं देनदारो पर क्रमशः 2% एवं 2½% का प्रावधान किया गया है।

(ii) K लिमिटेड के विविध देनदारों में L लिमिटेड के ₹ 20,000 सम्मलित हैं।

(5) K लिमिटेड के विविध देनदारों ने L लिमिटेड से देय ₹ 20,000 शामिल हैं।

© The Institute of Chartered Accountants of India

समाधान (Solution)

BOOKS OF K LTD.
Realisation Account

		₹			₹
To	Goodwill	80,000	By	5% Debentures	2,00,000
To	Land & Building	4,50,000	By	Sundry creditors	1,00,000
To	Plant & Machinery	6,20,000	By	L K Ltd.	15,60,000
To	Furniture & Fitting	60,000		(Purchase consideration)	
To	Sundry debtors	2,75,000	By	Equity shareholders A/c	51,375
To	Stores & Stock	2,25,000		(loss)	
To	Cash at Bank	1,20,000			
To	Cash in hand	41,375			
To	Preference shareholders				
	(excess payment)	40,000			
		19,11,375			19,11,375

Equity Shareholders A/c

		₹			₹
To	Preliminary Expenses	60,000	By	Share capital	8,00,000
To	Realisation A/c (loss)	51,375	By	Profit & Loss A/c	4,31,375
To	Equity Shares in LK Ltd.	10,56,000			
To	Cash	64,000			
		12,31,375			12,31,375

L K Ltd. A/c

		₹				₹
To	Realisation A/c	15,60,000	By	Equity Shares in LK Ltd.		
				For Equity	10,56,000	
				Pref.	4,40,000	14,96,000
				By Cash		64,000
		15,60,000				15,60,000

BOOKS OF K LTD.
Realisation Account

		₹			₹
To	Land & Building	3,00,000	By	Sundry creditors	2,10,000
To	Plant & Machinery	5,00,000	By	Secured loan	2,00,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

To	Furnitures & Fittings	20,000	By	L K Ltd. (Purchase	
To	Sundry debtors	1,75,000		consideration)	7,90,000
To	Stock of stores	1,40,000	By	Equity shareholders A/c—	
To	Cash at bank	55,000		Loss	37,175
To	Cash in hand	17,175			
To	Pref. Shareholders	30,000			
		12,37,175			12,37,175

Equity Shareholders Account

		₹			₹
To	Equity shares in LK Ltd.	3,96,000	By	Share Capital	3,00,000
To	Realisation	37,175	By	Profit & Loss A/c	97,175
To	Cash	64,000	By	Reserve	1,00,000
		4,97,175			4,97,175

LK Ltd. Account

		₹				₹
To	Realisation A/c	7,90,000	By	Equity Shares in LK Ltd.		
				For Equity	3,96,000	
				Preference	3,30,000	7,26,000
			By	Cash		64,000
		7,90,000				7,90,000

Workings Notes :

(i) **Purchase consideration**

	K Ltd.	*L Ltd.*
	₹	₹
Payable to preference shareholders :		
Preference shares at ₹ 22 per share	4,40,000	3,30,000
Equity Shares at ₹ 22 per share	10,56,000	3,96,000
Cash [See W.N. (ii)]	64,000	64,000
	15,60,000	7,90,000

(ii) **Value of Net Assets**

	K Ltd.	*L Ltd.*
	₹	₹
Goodwill	80,000	
Land & Building	4,50,000	3,00,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

Plant & Machinery		6,20,000		5,00,000
Fumiture & Fittings		60,000		20,000
Debtors less 2.5%		2,68,125		1,70,625
Stock less 2%		2,20,500		1,37,200
Cash at Bank		1,20,000		55,000
Cash in hand		41,375		17,175
		18,60,000		12,00,000
Less : Debentures	2,00,000		—	
Creditors	1,00,000		2,10,000	
Secured Loans		3,00,000	2,00,000	4,10,000
		15,60,000		7,90,000
Payable in shares		14,96,000		7,26,000
Payable in cash		64,000		64,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

सारांश
(SUMMARY)

- किसी भी कम्पनी को वित्त/कोष के अनेक स्रोत उपलब्ध हैं।
- एकीकरण का तात्पर्य दो या दो से अधिक कम्पनियाँ जो पहले से अस्तित्व में हैं एक नयीं कम्पनी के रूप में सम्मिलित होती हैं। सम्मलित हुई कम्पनियाँ अपनी एकरूपता को खो देती हैं एवं एक नयी कम्पनी के रूप में स्वतः अस्तित्व में आती है।
- संविलयन, एक कम्पनी जो पहले से ही अस्तित्व में है। एक को अन्य द्वारा साथ में संविलयन करना इस प्रकार एक कम्पनी का समापन होता है तथा कम्पनी उसमें सम्मिश्रण हो जाती है।
- एक कम्पनी जो किसी अन्य कम्पनी में विलय होता है, उस कम्पनी को हस्तांतरक कम्पनी या विक्रेता कम्पनी कहते हैं।
- एक कम्पनी जिसका विक्रेता कम्पनी को एकीकृत कर लेती है उसे हस्तांतरी कम्पनी या क्रेता कम्पनी कहते हैं।
- एकीकरण विलयन के स्वभाव का है, वहाँ हितों का समूहीकरण निम्न ढंग से होता है —
  (1) कम्पनियों द्वारा सम्पत्तियों एवं दायित्वों का एकीकरण किया जायेगा तथा अंश धारकों को ब्याज।
  (2) हस्तांतरक कम्पनी भी हस्तांतरी कम्पनी के व्यवसाय को लेने का इरादा रखती है।
- एकीकरण क्रय के स्वभाव का है एक कम्पनी दूसरी कम्पनी का व्यवसाय को अधिगृहित करती है।
- क्रय प्रतिफल शेयरों और प्रतिभूतियों का निर्गमन हो जाता है और हस्तांतरी कम्पनी द्वारा नकद या अन्य संपत्ति के रूप में हस्तांतरी कम्पनी को अंशधारक के लिये किये गये भुगतान के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।
- एकीकरण के लेखांकन के लिये दो मुख्य विधियाँ हैं —
  (1) हितों के समूहीकरण की विधि तथा
  (2) क्रय विधि
- हितों के समूहीकरण विधि के अर्न्तगत हस्तांतरक कम्पनी की सम्पत्तियाँ, दायित्वों एवं संचयों को हस्तांतरी कम्पनी विद्यमान मूल्य पर लेती है।
- क्रय विधि के अन्तर्गत हस्तांतरण करती कम्पनी की सम्पत्तियों और दायित्वों के मौजूद परिचालन राशि अथवा क्रय प्रतिफल उनके उचित मूल्यों के आधार पर होता है।

© The Institute of Chartered Accountants of India

स्व-परीक्षण प्रश्न
(SELF-EXAMINATION QUESTIONS)

I. वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Type Questions)

दिए गये विकल्पों से अधिक उपयुक्त उत्तर चुनिये

1. एकीकरण के समय क्रय प्रतिफल में जोड़ा नहीं जायेगा–
   (अ) धनराशि, हस्तांतरी कम्पनी, हस्तांतरक कम्पनी के लेनदार को प्रत्यक्षता भुगतान करेंगी।
   (ब) भुगतान जो हस्तांतरी कम्पनी, हस्तांतरक कम्पनी के अंशधारकों को सम्पतियों के रूप में देगी।
   (स) हस्तांतरक कम्पनी के पूर्वाधिकार अंशधारकों को हस्तातरी कम्पनी पूर्वाधिकार अंश निर्गमित करेगी।
2. लेखाकंन मानक [AS-14] के अनुसार क्रय प्रतिफल वह धनराशि है जो मिलेगी—
   (अ) अंशधारकों को
   (ब) अंशधारकों, ऋणपत्रों एवं लेनदारों को
   (स) अंशधारको और ऋणपत्र धारकों को

   [**उत्तर** (Answer)—1. (अ), 2. (अ)]

II. लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

3. निम्नलिखित पर लघु टिप्पणियाँ कीजिये।
   (अ) कम्पनियों का एकीकरण ओर संविलयन की तुलना
   (ब) एकीकरण में हितों की समूहीकरण विधि।

III. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

4. विलयन की प्रकृति के एकीकरण के लिए लेखांकन मानक [AS-14] एकीकरण हेतु लेखांकन के अनुसार कौन सी शर्ते पूरी होनी चाहिये?
5. एकीकरण के लेन-देन के सम्बन्ध में (1) हितों की समूहीकरण विधि (2) क्रय विधि में अन्तर कीजिये।

IV. क्रियात्मक प्रश्न (Practical Problems)

6. (अ) Exe लिमिटेड का आर्थिक चिट्ठा 30 जून, 2008 को इस प्रकार है :

दायित्व	₹	सम्पत्तियाँ	₹
अंशपूँजी		ख्याति	80,000
₹ 100 प्रत्येक पूर्णदत्त अंश	4,00,000		
सामान्य संचय	80,000	भूमि तथा भवन	1,10,000
लाभ–हानि खाता	38,000	यंत्र तथा संयंत्र	2,05,000
कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय	15,000	रहतिया	90,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

(अनुमानित दायित्व ₹ 8,000)

अग्नि बीमा कोष	60,000	देनदार	50,000
लेनदार	70,000	अभिगोपन कमीशन	10,000
कर के लिए प्रावधान	50,000	पूर्व दतव्यय	50,000
		बैंक में रोकड़	1,18,000
	7,13,000		7,13,000

Wye लिमिटेड द्वारा कम्पनी को ले लिया क्रय प्रतिफल निम्नलिखित दशाओं में निर्धारित किया गया—

(1) रोकड़ को छोड़कर सभी सम्पत्तियाँ तुलनपत्र में प्रदर्शित मूल्य पर ले ली गईं तथा दायित्व कर के लिए प्रावधान को छोड़ना मान लिया गया।

(2) सभी सम्पत्तियाँ एवं दायित्व के लिये प्रत्येक अंशधारी को ₹ 20 नकद तथा ₹ 100 प्रत्येक का अंश निर्गमित किया।

(3) Exe लिमिटेड मे प्रत्येक अंश ₹ 150 पर मूल्यांकित है, ₹ 200 पर मूल्यांकित Wye लिमिटेड में अंश के रूप में क्रय प्रतिफल Discharge कर दिया गया है। (प्रविष्टियाँ ₹ 100 के सम मूल्य पर बनाई गईं)।

Exe लिमिटेड के लिए प्रत्येक दशा में वसूली पर लाभ या हानि को भी दर्शाया गया है। माना कि कराधान के लिये दायित्व प्रत्येक दशा में ₹ 55,000 है तथा समापन का व्यय ₹ 15,000 है।

(i) ₹ 5,07,000 : वसूली पर हानि ₹ 15,000

(ii) ₹ 6,56,000 : वसूली पर लाभ ₹ 61,000

(iii) ₹ 3,00,000 : वसूली पर हानि ₹ 2,95,000

(वास्तविक मूल्य ₹ 5,000 होता है क्योंकि अंश का वास्तविक मूल्य ₹ 6,00,000 प्राप्त हुआ है।)

(ब) Wye लिमिटेड द्वारा प्रत्येक में उपरोक्त दशाओं की ख्याति पर स्थानीय मूल्य क्या होगा जबकि यह माना गया है कि भूमि और भवन ₹ 1,50,000 पर मूल्यांकित हैं तथा यन्त्र तथा संयंत्र ₹ 2,30,000 पर ?

(i) ₹ 60,000 (ii) पूँजी, गत संचय ₹ 2,20,000

7. (अ) Careful लिमिटेड Reakless लिमिटेड का पुनर्निमार्ण करती है तथा Reakless लिमिटेड की सभी सम्पत्तियों एवं दायित्वों को अधिग्रहीत करती है। 31 दिसम्बर, 2007 को कम्पनी का आर्थिक चिट्ठा इस प्रकार है :

दायित्व	₹	**सम्पत्तियाँ**	₹
अंशपूँजी		एकस्व	1,20,000
(₹ 100 प्रत्येक के पूर्णदत्त अंश)	10,00,000	यंत्र तथा संयंत्र	5,00,000
5% ऋणपत्र	2,00,000	रहतिया	1,20,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

लेनदार	3,00,000	देनदार	60,000
		रोकड़ अधिकोषस्थ	5,000
		बट्टे पर निर्गमित ऋणपत्र	10,000
		लाभ–हानि खाता	6,85,000
	15,00,000		15,00,000

Careful लिमिटेड, Reakless के एक अंश के बदले अपना ₹ 20 का पूर्णदत्त अंश जारी करेगा और Reakless के ऋणपत्रधारकों को 6% वाले ऋणपत्र जिनका सममूल्य ₹ 1,15,000 है देगा। Careful लि. अंशधारियों को अतिरिक्त ₹ 20,000 अंश प्रत्येक ₹ 20 का जारी करेगा। यह अंश पूरे ही याचित कर लिये गये और इनसे प्राप्त राशि से ₹ 1,00,000 का लेनदारों को भुगतान किया गया। एकस्व मूल्य विहीन हो गये हैं और Careful लिमिटेड आवश्यकतानुसार यंत्र व संयंत्र के मूल्य को समायोजित करेंगे।

उपरोक्त दिये गये सभी व्यवहारों को सम्मलित करते हुए Careful लिमिटेड का तुलन पत्र बनाइये।

(ब) यह मानते हुए कि एक नई कम्पनी के प्रारूप को कोर्ट की मंजूरी मिल चुकी है। उपरोक्त दिये गये समस्त व्यवस्था की प्रविष्टियाँ कीजिये।

© The Institute of Chartered Accountants of India

7

औसत देय तिथि और चालू खाता

[AVERAGE DUE DATE AND ACCOUNT CURRENT]

भाग 1 : औसत देय तिथि

(UNIT–1 : AVERAGE DUE DATE)

अध्ययन के उद्देश्य (Learning Objectives)

इस इकाई के अध्ययन के उपरांत, आप सक्षम हो जायेंगे—

- **औसत देय तिथि क्या है और औसत देय तिथि की गणना करने के लिए 0 (शून्य) दिवस का चुनाव कैसे करें को समझने में।**
- **औसत देय तिथि की गणना करना सीखने में, जब रकम अनेक किस्तों में उधार दी जाती है।**
- **आहरण पर ब्याज को निर्धारित करने के लिए औसत देय तिथि की गणना करने में।**
- **औसत देय तिथि निकालने के सम्बन्ध में विभिन्न चरणों से परिचित होने में, जब रकम एक मुश्त में उधार दी जाती है लेकिन उसका भुगतान कई किश्तों में करना होता है, साथ ही अनुग्रह दिवसों को समझने में तथा अनुग्रह दिवस से गिनते हुए परिपक्वता (Maturity) तिथि की तकनीक को सीखने में।**
- **देय तिथि निकालने की तकनीक को सीखने में जब परिपक्वता (Maturity) तिथि अवकाश (Holiday) के दिन हो।**

1.1 परिचय (Introduction)

व्यावसायिक उपक्रमों में, किसी एकाकी पक्षकार के साथ ही विभिन्न समय बिन्दुओं पर बड़ी संख्या में प्राप्ति एवं भुगतान हो सकते हैं। इन लेनदेनों में सन्निहित (Involved) ब्याज की गणना को सरल बनाने के लिए औसत देय तिथि के विचार को विकसित किया गया है। इस इकाई में हम औसत देय तिथि ज्ञात करने में निहित सिद्धान्तों पर विचार करेंगे जिनमें ऐसी स्थितियाँ भी शामिल हैं जब रकम

© The Institute of Chartered Accountants of India

अनेक किश्तों में उधार दी जाती है, लेकिन पुनः भुगतान एकमुश्त ही कर दिया जाता है तथा साथ-ही जब रकम एक ही किश्त में उधार दी जाती है लेकिन पुनः भुगतान अनेक किश्तों में किया जाता है। व्यावसायिक फर्म के स्वामियों या साझेदारों द्वारा विभिन्न समय बिन्दुओं पर किये गये आहरणों पर ब्याज की गणना में भी औसत देय तिथि की तकनीक उपयोगी होती है।

1.2 समस्याओं के प्रकार (Types of Problems)

यहाँ दो प्रकार की समस्यायें हैं—

1. समानीकृत तिथि (Equated date) की गणना, जब रकम विभिन्न किश्तों में उधार दी जाती है और पुनः भुगतान एक ही किश्त में किया जाता है।
2. समानीकृत तिथि (Equated date) की गणना, जब रकम एक ही किश्त में उधार दी जाती है तथा पुनः भुगतान विभिन्न किश्तों में किया जाता है।

1.2.1 दशा (Case) 1. **जब रकम कई किश्तों** (Installments) **में उधार दी जाती है**—इस प्रकार की समस्या में औसत देय तिथि की गणना (Calculation of average due date) निम्न प्रकार से की जाती है—

(a) सुविधा के लिए शीघ्रातिशीघ्र देय तिथि को प्रारम्भिक दिवस या आधार दिवस या "0" दिवस के रूप में मान लें। किसी भी तिथि को "0" दिवस के रूप में माना जा सकता है।

(b) आधार दिवस से प्रत्येक देय तिथि तक के दिनों की संख्या को निकालें। गणना महीनों में भी की जा सकती है।

(c) तत्सम्बन्धी रकमों से दिनों की संख्या का गुणा करें।

(d) राशियों एवं गुणनफलों का योग करें।

(e) गुणनफलों के योग को राशियों के योग से विभाजित करें और जहाँ तक हो सके परिणाम को पूर्णाकों में निकालें। यह संख्या प्रारम्भ बिन्दु से औसत देय तिथि तक के दिनों की संख्या है।

(f) प्रत्येक माह में सन्निहित (Involved) दिनों को ध्यान में रखकर प्रारम्भिक दिवस से उपरोक्त दिनों की संख्या को गिनें।

इस प्रकार, औसत देय तिथि के लिए निम्न सूत्र हो सकता है—

$$\text{औसत देय तिथि} = \text{आधार तिथि} \pm \frac{\text{गुणनफलों का योग}}{\text{राशियों का यागे}}$$

उदाहरण (Illustration) **1**

समान पक्षकारों के बीच में विभिन्न तिथियों पर निम्नलिखित राशियाँ देय हैं—

राशि ₹	देय तिथि
500	3rd जुलाई
800	2nd अगस्त
1,000	11th सितम्बर

एक तिथि सुझाएँ जिस पर सभी विपत्रों का भुगतान किसी भी पक्षकार को ब्याज की हानि हुए बिना चुकाया जा सके।

© The Institute of Chartered Accountants of India

समाधान (Solution)

3rd जुलाई को प्रारम्भिक दिवस के रूप में लेते हुए निम्नलिखित तालिका तैयार की गयी है—

देय तिथियाँ	राशि	3rd जुलाई से दिनों की संख्या	गुणनफल
3rd जुलाई	500	0	0
2nd अगस्त	800	30	24,000
11th सितम्बर	1,000	70	70,000
	2,300		94,000

$$\text{औसत देय तिथि} = 3 \text{ तक जुलाई} + \frac{94,000}{2,300}$$

= 3rd जुलाई + 41 दिन = 13th अगस्त

माना कि 5% ब्याज दर है, देनदार को पूर्व भुगतान से 29 दिनों (13th अगस्त से 11th सितम्बर तक) हेतु ₹ 1,000 पर ब्याज की हानि होगी यानि कि ₹4। हालांकि उसे, ₹500 पर 41 दिनों (3rd जुलाई से 13th अगस्त तक) हेतु एवं ₹800 पर 11 दिनों हेतु विलम्ब भुगतान पर ब्याज का लाभ होगा यानि कि, ₹ 2.80 + ₹ 1.20 यानि कि, ₹ 4। इसलिए सभी राशियों का 13th अगस्त पर भुगतान द्वारा देनदार को न ही हानि होगी और न ही लाभ।

दिनों कि संख्या की गणना हेतु यह भी ध्यान रखना चाहिए कि तिथियों की गणना में या तो प्रारम्भिक तिथि या देय तिथि में से किसी भी एक दिन को गिना जाएगा।

इसी प्रकार से एक पक्षकार द्वारा एक ही पक्षकार से उतनी ही देय राशि के विपत्र के हित में दो औसत देय तिथियों के बीच व्यतीत अवधि हेतु ब्याज के समायोजन के पश्चात् निरस्त किया जा सकता है। उपरोक्त अनुसार एक ही तिथि पर कई विपत्रों का भगुतान करने के स्थान पर, औसत देय तिथि से प्रारम्भ एक अन्य सहमत अवधि हेतु ब्याज सहित अन्य विपत्र को भी उस अवधि हेतु स्वीकार किया जा सकता है।

उदाहरण (Illustration) **2**

दो व्यापारी X और Y आपस में माल खरीदते हैं, वे एक-दूसरे से एक माह के उधार की अनुमति देते हैं। तीसरे माह के अंत पर प्रस्तुत खाते निम्नानुसार हैं—

X द्वारा Y को माल की बिक्री		**Y द्वारा X को माल की बिक्री**	
Date	₹	Date	₹
18 अप्रैल	60.00	23 अप्रैल	52.00
15 मई	70.00	24 मई	50.00
16 मई	80.00		

उस तिथि की गणना कीजिये जिस पर शेष भुगतान इस प्रकार होना चाहिए ताकि X या Y में से किसी पर भी ब्याज देय न हो।

© The Institute of Chartered Accountants of India

समाधान (Solution)

18th मई को आधार दिवस या शून्य के रूप में लेते हुए—

Y के भुगतानों के लिए

सौदों की तिथि	देय तिथि	राशि	आधार तिथि से दिनों की संख्या	गुणनफल
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**
18 अप्रैल	18 मई	60	0	0
15 मई	15 जून	70	28	1,960
16 जून	16 जुलाई	80	59	4,720
X को देय राशि		**210**	गुणनफलों का योग	**6,680**

X के भुगतानों के लिए

विद्यार्थियों को ध्यान रखना चाहिए कि, समान आधार तिथि लेना चाहिए। इसलिए इस दशा में भी आधार तिथि 18th मई ही होगी।

सौदों की तिथि	देय तिथि	राशि	आधार तिथि से दिनों की संख्या	गुणनफल
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**
23 अप्रैल	23 मई	52	5	260
24 मई	24 जून	50	37	1,850
Y को देय राशि		**102**	गुणनफलों का योग	**2,110**

Y के गुणनफलों पर X का आधिक्य = 6,680 – 2,110

= 4,570

X को आधिक्य देय राशि ₹ 210 – 102 = ₹ 108.

आधार तिथि से निपटारे की तिथि तक के दिनों की संख्या है—

$$\frac{4,570}{108} = 42 \text{ days}$$

इसलिए शेष के निपटारे कि तिथि 18 मई 42 दिनों के बाद यानि कि, 29 जून पर होगी। 29 जून पर, Y द्वारा X को ₹ 108 चुका कर खाते को समाप्त किया जायेगा।

1.2.2 आहरणों पर ब्याज की गणना (Calculation of interest on drawings)—जब विभिन्न तिथियों पर विभिन्न राशियाँ देय हों, लेकिन वे अंततः एक दिन में ही निपटाई जाएँ तो औसत देय तिथि के माध्य द्वारा ब्याज की गणना की जा सकती है। जब आहरणों पर ब्याज लगाया जाता है, और आहरण विभिन्न तिथियों पर होते हैं तब उपरोक्त आधार पर आहरणों के औसत देय तिथि के आधार पर ब्याज की गणना का निर्धारण किया जा सकता है।

© The Institute of Chartered Accountants of India

उदाहरण (Illustration) **3**

एक फर्म के दो साझेदार A तथा B, 31st मार्च, 20..... पर समाप्त होने वाले वर्ष में निम्नलिखित राशियाँ फर्म से आहरित करते हैं—

तिथि	**A ₹**	**तिथि**	**B ₹**
1.7	500	12.6	1,000
30.9	800	11.8	500
1.11	1,000	9.2	400
28.2	400	7.3	900

सभी अहरणों पर 6% वार्षिक की दर से ब्याज लगाना है। ब्याज की गणना कीजिये। (फरवरी के 28 दिन मानें)

समाधान (Solution)

(1) **साधारण प्रणाली** (Ordinary system)—

A.	9 माह हेतु 500	= 1 माह हेतु 4,500
	6 माह हेतु 800	= 1 माह हेतु 4,800
	5 माह हेतु 1,000	= 1 माह हेतु 5,000
	1 माह हेतु 400	= 1 माह हेतु 400
		1 माह हेतु 14,700
	14,700 पर 1 माह हेतु 6%	= 14,700 का 1/2%
		= ₹ 73.50
B.	292 दिनों हेतु 1,000	= 2,92,000
	232 दिनों हेतु 500	= 1,16,000
	50 दिनों हेतु 400	= 20,000
	24 दिनों हेतु 900	= 21,600
		4,49,600

$$4,49,600 \times \frac{6}{100} \times \frac{1}{365} = ₹\ 73.91$$

(2) **औसत देय तिथि प्रणाली** (Average due date system)—

(a) 1.7 को 0 – दिवस के रूप में लेते हुए—

	तिथियाँ	₹	0 - दिवस से माह	गुणनफल
	1.7	500	0	0
A :	30.9	800	3	2,400
	1.11	1,000	4	4,000
	28.2	400	8	3,200
		2,700		**9,600**

© The Institute of Chartered Accountants of India

औसत देय तिथि = $\frac{9,600}{2,700}$ 1.7 ..... से माह, यानि कि, 3.556 माह, यानि कि 17th अक्टूबर.

17th अक्टूबर से 31 मार्च यानि कि 5.444 माह, तक प्रभारित ब्याज

$$2,700 \times \frac{6}{100} \times \frac{161}{365} = ₹ 73.49$$

Or,

1st अप्रैल को 0 - दिवस के रूप में लेते हुए—

	तिथियाँ	₹	0 - दिवस से माह	गुणनफल
	1.7	500	3	1,500
A:	30.9	800	6	4,800
	1.11	1,000	7	7,000
	28.2	400	11	4,400
		2,700		**17,700**

औसत देय तिथि = $\frac{17,700}{2,700}$ 1.4 ..... से माह, यानि कि, 6.556 माह, यानि कि 17th अक्टूबर.

17th अक्टूबर से 31 मार्च यानि कि 5.444 माह, तक प्रभारित ब्याज

$$2,700 \times \frac{6}{100} \times \frac{5,444}{12} = ₹ 73.49$$

(b) 12th जून को 0 - दिवस के रूप में लेते हुए—

	तिथियाँ	₹	0 - दिवस से माह	गुणनफल
	12.6	1,000	0	0
B :	11.8	500	60	30,000
	9.2	400	242	96,800
	7.3	900	268	2,41,200
		2,800		**3,68,000**

औसत देय तिथि = $\frac{3,68,000}{2,800}$ 12.6 ..... से माह, यानि कि, 131 दिन

जून	18
जुलाई	31
अगस्त	31
सितम्बर	30
	110

© The Institute of Chartered Accountants of India

131 दिन –110 दिन यानि कि, 21st अक्टूबर

इसलिए 21.10. .... से to 31.3. .... तक यानि कि 161 दिनों हेतु प्रभारित ब्याज

$$2{,}800 \times \frac{6}{100} \times \frac{161}{365} = ₹\ 74.10$$

दोनों प्रणालियों (1) और (2) में राशियों में अन्तर सन्निकटन (approximation) के कारण हैं।

उदाहरण (Illustration) **4**

Y द्वारा X को निम्नलिखित राशियाँ देय हैं Y चुकाना चाहता है (a) 18.3. .... पर या (b) 14.7. .... पर। ध्यान रहे 8% प्रति वर्ष ब्याज की दर है।

देय तिथियाँ	₹
10.1	500
26.1 (गणतंत्र दिवस)	1,000
23.3	3,000
18.8 (रविवार)	4,000

(a) तथा (b) में चुकता राशि का निर्धारण करें।

समाधान (Solution)

देय तिथि (सामान्य)	**देय तिथि (वास्तविक)**	**10.1. .... को 0 दिवस के रूप में लेते हुए, से दिनों की संख्या**	**राशि ₹**	**गुणनफल**
10.1	10.1	0	500	0
26.1	25.1	15	1,000	15,000
23.3	23.3	72	3,000	2,16,000
18.8	17.8	219	4,000	8,76,000
			8,500	11,07,000

$$\text{औसत देय तिथि} = 10^{th}\ \text{जनवरी} + \frac{11{,}07{,}000}{8{,}500} = 10^{th}\ \text{जनवरी} + 130\ \text{दिन} = 20^{th}\ \text{मई}$$

जनवरी	21
फरवरी	28
मार्च	31
अप्रैल	30
	110

(a) यदि 18.3 ..... पर भुगतान होता है तो असमाप्त समय 18.3 .... से 20.5. .... तक यानि कि, 13 + 30 + 20 यानि कि, 63 दिनों हेतु छूट घोषित होगी। वह कुल राशि के बट्टात्मक राशि को चुकायेगा।

$$\text{बट्टा} = 8{,}500 \times \frac{8}{100} \times \frac{63}{365} = 680 \times \frac{63}{365} = ₹\ 117.37$$

18.3 ..... पर चुकता राशि ₹ 8,500 – 117.37 = 8,382.63

© The Institute of Chartered Accountants of India

(b) यदि भुगतान 14.7 .... तक किया जाता है, तो 20.5 .... से 14.7 .... तक यानि कि, 11 + 30 +14 = 55 दिनों तक का ब्याज चुकाया जायेगा।

$$\text{ब्याज} = 8{,}500 \times \frac{8}{100} \times \frac{55}{365} = 680 \times \frac{55}{365} = ₹\ 102.47$$

14.7 ..... पर चुकता राशि होगी

₹ 8,500 + 102.47 = 8,602.47

1.2.3 दशा (Case) 2 **जब रकम एक किश्त में उधार दी जाती है**—उस दशा में औसत देय तिथि की गणना जब रकम एक किश्त में उधार दी जाती है तथा पुनः भुगतान विभिन्न किश्तों में किया जाता है (प्रथम दशा में हम जो कर चुके हैं के विपरीत)। समस्या एक भिन्न स्वरूप ले लेती है। औसत देय तिथि की गणना की प्रक्रिया को निम्नांकित रूप में सारांशीकृत कर सकते हैं।

चरण (Step) 1. उधार देने की तिथि से प्रत्येक पुनः भुगतान की तिथि तक दिनों/महीनों/वर्षों की संख्या की गणना।

चरण (Step) 2. इन दिनों/महीनों/वर्षों के योग को ज्ञात करना।

चरण (Step) 3. दिनों/महीनों/वर्षों की संख्या भागित होगी उनसे जो ऋण की प्रारम्भ तिथि से औसत देय तिथि तक गुजरे हैं।

इस प्रकार, औसत देय तिथि हेतु सूत्र को निम्नांकित रूप में लिखा जा सकता है।

$$\text{औसत देय तिथि} = \text{ऋण की तिथि} + \frac{\text{उधार देने की तिथि से प्रत्येक किश्त के पुनः भुगतान की तिथि तक दिनों/महीनों/वर्षों की संख्या का योग}}{\text{किश्तों की संख्या}}$$

उदाहरण (Illustration) **5**

दास ब्रदर्स ने 1st जनवरी, 2006 को कुमार & संस को ₹ 10,000 उधार दिये, जिसका पाँच समान वार्षिक किश्तों में 1st जनवरी, 2007 से पुनः भुगतान प्रारम्भ किया जायेगा। औसत देय तिथि ज्ञात कीजिये एवं 5% प्रति वर्ष की दर से ब्याज की राशि की गणना कीजिए, जो दास ब्रदर्स द्वारा कुमार & संस से वसूल करेगा।

समाधान (Solution)

$$\text{औसत देय तिथि} = \text{ऋण की तिथि} + \frac{\text{उधार देने की तिथि से प्रत्येक किश्त के पुनः भुगतान की तिथि तक दिनों/महीनों/वर्षों की संख्या का योग}}{\text{किश्तों की संख्या}}$$

$$\text{औसत देय तिथि} = 1, \text{जनवरी}, 2006 + \frac{1+2+3+4+5}{5}$$

$$= 1, \text{जनवरी}, 2006 + 3 \text{ बर्ष}$$

$$= 1, \text{जनवरी}, 2009$$

© The Institute of Chartered Accountants of India

भुगतान की तिथि से किसी स्थायी तिथि तक भुगतान किश्तों पर निश्चित दर से ब्याज को ₹ 10,000 की तरह किया जायेगा (यदि उधार 1 जनवरी, 2009 की स्थायी तिथि तक है) यहाँ किसी पक्ष को कोई हानि नहीं होगी। माना कि ब्याज की दर 5% प्रतिवर्ष तथा निपटारे की तिथि 31 दिसम्बर, 2007 हो, तब ब्याज की गणना गुणनफल विधि द्वारा दोनों पक्षों के दृष्टिकोण से निम्न प्रकार से होगी।

कुमार & संस निम्नलिखित ब्याज चुकायेगा—

राशि ₹	**पर चुकता**	**कुमार & संस द्वारा 31st दिसम्बर 2011 तक प्रयोग किये गये धन की अवधि**	**गुणनफल ₹**
2,000	1, जनवरी, 2007	5 वर्ष	10,000
2,000	1, जनवरी, 2008	4 वर्ष	8,000
2,000	1, जनवरी, 2009	3 वर्ष	6,000
2,000	1, जनवरी 2010	2 वर्ष	4,000
2,000	1, जनवरी 2011	1 वर्ष	2,000
			30,000

एक वर्ष के लिए ₹ 30,000 पर 5% प्रतिवर्ष से ब्याज = $\frac{₹\,30,000 \times 5}{100} = ₹\,1,500$

दास ब्रदर्स को ₹ 10,000 पर ब्याज (यदि 1 जनवरी 2009 को दिए हैं) औसत देय तिथि से 31 दिसम्बर, 2011 यानी 3 वर्षों के लिए 5% प्रतिवर्ष से प्राप्त होगा।

$= \frac{5 \times 3 \times ₹\,10,000}{100} = ₹\,1,500$

उपरोक्त से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि यदि उधारकर्ता 1 जनवरी, 2007 से 5 वर्षों के लिए ₹ 2,000 वार्षिक भुगतान करता है तथा यदि ऋणदाता 1 जनवरी, 2009 को ₹ 10,000 देता है तब दोनों एक दूसरे से समान ब्याज प्रभार करेंगे। यहाँ किसी भी पक्ष को कोई हानि नहीं होगी, लेकिन वास्तव में, ऋणदाता 1 जनवरी, 2006 को ₹ 10,000 देता है, इसीलिए उसे 3 वर्षों का ऋण अग्रिम में दिया गया तथा 3 वर्षों के लिए ₹ 10,000 पर ब्याज प्रभार होगा।

ब्याज = $\frac{₹\,10,000 \times 5}{100} \times 3 = ₹\,1,500$ (दास ब्रदर्स के द्वारा लगाया गया)

1.3. अनुग्रह दिवसों को विचार करने के बाद देय तिथि की गणना (Calculation of due date after taking into consideration days of grace)

विनिमय विपत्र की देय तिथि वह तिथि है जब आयदाता द्वारा विपत्र की राशि देय हो। एक विनिमय विपत्र या प्रतिज्ञा पत्र उस तिथि पर परिपक्व होता है जिस पर देय है। और प्रत्येक प्रतिज्ञा पत्र या विनिमय विपत्र (सिवाय उनके जो मांग पर, दर्शनी या प्रस्तुतीकरण पर देय) जिस पर देय तिथि लिखी गयी है, उससे तीन दिन बाद देय होती है।

उदाहरण (Example)—

(i) 30 सितम्बर को बनाया गया एक विपत्र तिथि के तीन महीने बाद देय है, वह 2 जनवरी को देय होगा।

(ii) 1 जनवरी की तिथि का पत्र दर्शनी के एक माह बाद देय है, वह 4 फरवरी को देय होगा।

© The Institute of Chartered Accountants of India

1.4 कुछ महीनों में चुकता 'तिथि के पश्चात्' या 'दर्शनी' विपत्रों या पत्रों की देय तिथि की गणना (Calculating due date of bill or note payable few months after date or sight)

जब कोई विपत्र दर्शनी या महीने की घोषित संख्याओं या निश्चित घटना के पश्चात देय होता है तो अवधि उस तिथि पर समाप्त मानी जायेगी जो तिथि उस प्रपत्र में लिखी गयी है, यदि अवधि के माह में वह तिथि न पड़े तो अवधि की समाप्ति उस माह के अंतिम दिन मानी जायेगी।

उदाहरण (Example)—29 जनवरी 2007 को एक देय विपत्र की तिथि के एक माह के पश्चात देय बनाया जाता है। विपत्र की देय तिथि 28 फरवरी के तीन दिन बाद अर्थात् 3rd मार्च होगी (2007 में फरवरी केवल 28 दिनों की है)।

1.5 परिपक्वता के दिन अवकाश होने पर देय तिथि की गणना (Calculation of due date when the maturity day is holiday)

जब कोई विनिमय विपत्र या प्रतिज्ञा पत्र सार्वजनिक अवकाश के दिन परिपक्व होता है(अनुग्रह दिवस शामिल करके) तब उस प्रपत्र को पिछले व्यावसायिक दिवस को माना जायेगा। "सार्वजनिक अवकाश" की व्याख्या में रविवार तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा सरकारी राजपत्र में अधिसूचना घोषित किये गए अन्य दिवस सार्वजनिक अवकाश में शामिल हैं। लेकिन, यदि अवकाश किसी आकस्मिक या अदृश्य अवकाश हो तब तिथि आने वाले अगले दिन को मानी जायेगी।

उदाहरण (Illustration) **6**

एक व्यापारी ने निम्नलिखित कुछ विपत्रों को जो विभिन्न तिथियों पर देय हैं, स्वीकार किये हैं। अब वह इन विपत्रों को निरस्त करके समस्त राशि का एक नया विपत्र स्वीकार करना चाहता है जो निम्न औसत भुगतान तिथि पर देय होगा—

क्र. सं.	विपत्र की तिथि	राशि ₹	विपत्र की अवधि
1.	1st मार्च, 2005	400.00	2 माह
2.	10th मार्च, 2005	300.00	3 माह
3.	5th अप्रैल, 2005	200.00	2 माह
4.	20th अप्रैल, 2005	375.00	1 माह
5.	10th मई, 2005	500.00	2 माह

आपको नियत औसत देय तिथि ज्ञात करना आवश्यक है।

समाधान (Solution)

औसत देय तिथि की गणना

क्र. सं.	विपत्र की तिथि	परिपक्वता की देय तिथि	राशि ₹	प्रारंभिक तिथि से दिनों की संख्या (4th May)	गुणनफल
1.	1st मार्च, 2005	4th May	400.00	0	0
2.	10th मार्च, 2005	13th June	300.00	40	12,000
3.	5th अप्रैल, 2005	8th Jnue	200.00	35	7,000
4.	20th अप्रैल, 2005	23rd May	375.00	19	7,125
5.	10th मई, 2005	13th July	500.00	70	35,000
	योग :		**1,775.00**		**61,125**

© The Institute of Chartered Accountants of India

मान्य देय तिथि 4 मई, 2005 के 34 दिनों बाद औसत देय तिथि = 61,125/1,775 को देय है। नया विपत्र ₹ 1,775 के लिए 7 जून 2005 देय होना चाहिए।

उदाहरण (Illustration) **7**

A 1 जनवरी, 2005 को B के ₹ 890 का ऋणी है। 2005 में A व B के मध्य निम्न अधिक सौदे जनवरी से मार्च के मध्य हुए—

16 जनवरी	A ने माल क्रय किया	₹ 910
2 फरवरी	A ने नगद ऋण प्राप्त किया	₹ 750
5 मार्च	A ने माल क्रय किया	₹ 810

A समस्त राशि का भुगतान 31 मार्च, 2005 को 5% प्रतिवर्ष ब्याज के साथ करता है, ब्याज की गणना औसत देय तिथि द्वारा कीजिये।

समाधान (Solution)

देय तिथि 2005	**राशि ₹**	**1 जनवरी से दिनों की संख्या**	**गुणनफल**
1 Jan.	890	0	0
16 Jan.	910	15	13,650
2 Feb.	750	32	24,000
5 March	810	64	51,840
योग :	**3,360**		**89,490**

औसत देय तिथि की गणना

$$\text{औसत देय तिथि} = \text{आधार तिथि} \pm \frac{\text{गुणनफलों का योग}}{\text{राशियों का यागे}}$$

= Jan. 1 + [89,490/3,360] i.e., 27 days or Jan. 28

Interest therefore has been calculated on ₹ 3,360 from 28th Jan. to 31st March, i.e., for 63 days.

$$3{,}360 \times \frac{5}{100} \times \frac{63}{365} = ₹\ 29$$

उदाहरण (Illustration) **8**

राधेश्याम ने हरिराम से माल क्रय किया, भुगतान के लिए देय तिथियों पर नगदी निम्नलिखित है—

15 मार्च	₹ 400, 18 अप्रैल को देय
21 अप्रैल	₹ 300, 24 मई को देय
27 अप्रैल	₹ 200, 30 जून को देय
15 मई	₹ 250, 18 जुलाई को देय

हरिराम कुल देय राशि के लिए औसत देय तिथि पर प्रपत्र बनाने के लिए सहमत है उस तिथि का निश्चय कीजिये।

© The Institute of Chartered Accountants of India

समाधान (Solution)

देय तिथि	राशि ₹	18 अप्रैल से दिनों की संख्या	गुणनफल
18th अप्रैल	400	0	0
24th मई	300	36	10,800
30th जून	200	73	14,600
18th जुलाई	250	91	22,750
योग :	**1,150**		**48,150**

आधार तिथि 18 अप्रैल के 42 दिनों के बाद औसत देय तिथि = 48,150/1,150, यानि 30 May.

उदाहरण (Illustration) 9

निम्नलिखित सूचनाओं से औसत देय तिथि की गणना कीजिये—

विपत्र की तिथि	अवधि	राशि ₹
10 अगस्त, 2007	3 माह	6,000
23 अक्टूबर, 2007	60 दिन	5,000
4 दिसम्बर, 2007	2 माह	4,000
14 जनवरी, 2008	60 दिन	2,000
8 मार्च, 2008	2 माह	3,000

समाधान (Solution)

औसत देय तिथि की गणना (Calculation of Average due date)

विपत्र की तिथि	अवधि	देय तिथि	10 अगस्त 1994 से दिनों की संख्या	राशि ₹	गुणनफल
10 Aug., 2007	3 months	13 Nov., 2007	95	6,000	5,70,000
23 Oct., 2007	60 days	25 Dec., 2007	137	5,000	6,85,000
4 Dec., 2007	2 months	07 Feb., 2008	181	4,000	7,24,000
14 Jan., 2008	60 days	18 Mar., 2008	220	2,000	4,40,000
8 Mar., 2008	2 months	11 May, 2008	274	3,000	8,22,000
	Total :			**20,000**	**32,41,000**

$$\text{औसत देय तिथि} = \text{आधार तिथि} \pm \frac{\text{गुणनफलों का योग}}{\text{राशियों का यागे}}$$

$= 10^{th}$ Aug., 2007 + [32,41,000 / 20,000]

$= 10^{th}$ Aug., 2007 + 162.05 days i.e. January. 19, 2008

© The Institute of Chartered Accountants of India

उदाहरण (Illustration) **10**

श्री ग्रीन व श्री रेड के निम्नलिखित आपसी सौदे थे और वे अपना हिसाब औसत भुगतान तिथि पर करना चाहते हैं—

ग्रीन ने रेड से क्रय किया :	₹
6th जनवरी, 2008	6,000
2nd फरवरी, 2008	2,800
31st मार्च, 2008	2,000
ग्रीन ने रेड को विक्रय किया—	₹
6th जनवरी, 2008	6,600
9th मार्च, 2008	2,400
20th मार्च, 2008	500

आपको नियत औसत देय तिथि ज्ञात करना आवश्यक है।

समाधान (Solution)

औसत देय तिथि की गणना (Calculation of Average due date)

6 फरवरी, 2008 को आधार तिथि के रूप में ग्रीन के भुगतान के लिए लीजिए—

देय तिथि 2008	**राशि ₹**	**आधार तिथि यानि 6 जनवरी 2008 से दिनों की संख्या**	**गुणनफल**
6th जनवरी	6,000	0	0
2nd फरवरी	2,800	27	75,600
31st मार्च	2,000	84	1,68,000
योग :	**10,800**		**2,43,600**

रेड के भुगतान के लिए

देय तिथि 2008	**राशि ₹**	**आधार तिथि यानि 6 जनवरी 2008 से दिनों की संख्या**	**गुणनफल**
6th जनवरी	6,600	0	0
9th मार्च	2,400	62	1,48,800
20th मार्च	500	73	36,500
योग :	**9,500**		**1,85,300**

ग्रीन के गुणनफलों पर रेड का आधिक्य = ₹ 2, 43,600 – ₹ 1,85,300
= ₹ 58,300
= ₹ 10,800 – ₹ 9,500
= ₹ 1,300

आधार तिथि से निपटारे की तिथि तक के दिनों की संख्या है—

58,300 / 1,300 = 45 days निकटतम (approx.)

इसलिए शेष के निपटारे की तिथि 6 जनवरी से 45 दिनों के बाद यानि कि, 20 फरवरी पर होगी। 20 फरवरी 2008 पर, ग्रीन द्वारा रेड को ₹ 1,300 चुकाकर खाते को समाप्त किया जाये।

© The Institute of Chartered Accountants of India

सारांश

(SUMMARY)

- औसत देय तिथि वह तिथि है जिसमें शुद्ध देय राशि का निपटारा ऋणकर्ता या ऋणदाता को बिना किसी ब्याज की हानि हुए हो सकता है।
- यह कई दशाओं में प्रयोग होता है; जैसे—
  (i) साझेदार के आहरण पर ब्याज की गणना।
  (ii) कई विभिन्न तिथियों पर देय विनिमय विपत्रों तथा एक अकेले विपत्र के निर्गमन की गणना।
  (iii) एक किश्त में राशि उधार लेना तथा कई किश्तों में पुनः भुगतान।
- जब रकम कई किश्तों में उधार ली जाती है तब औसत देय तिथि की गणना निम्न प्रकार से की जायेगी—

$$\text{औसत देय तिथि} = \text{आधार तिथि} \pm \frac{\text{गुणनफलों का योग}}{\text{राशियों का यागे}}$$

- जब आहरणों पर ब्याज प्रभार है तथा आहरण विभिन्न तिथियों पर होते हैं तब ब्याज की गणना आहरणों की औसत देय तिथि के आधार पर की जा सकती है।
- जब रकम एक किश्त में उधार ली जाती है तथा पुनः भुगतान कई किश्तों में होता है, इस दशा में औसत देय तिथि होगी—

$$\text{आसैत देय तिथि} = \text{ऋण की तिथि} = \frac{\text{उधार देने की तिथि से प्रत्येक किश्त के पुनः भुगतान की तिथि तक दिनों / महीनों / वर्षों की संख्या का योग}}{\text{किश्तों कि संख्या}}$$

- प्रत्येक प्रतिज्ञा पत्र या विनिमय विपत्र (जो माँग पर या दर्शनी या प्रस्तुत करने पर देय हैं, को छोड़कर) उस तिथि के तीन दिन बाद देय होते हैं जिस पर ये चुकता होना व्यक्त हैं। तीन दिन की यह छूट अवधि 'अनुग्रह दिवस' कहलाती है।

स्व-परीक्षा प्रश्न

(SELF-EXAMINATION QUESTIONS)

I. वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Type Questions)

नीचे दिए गये विकल्पों से अधिक उपयुक्त उत्तर चुनिये—

1. यदि भुगतान औसत देय तिथि पर किया है, उसमें परिणाम होगा—
   (अ) लेनदारों को ब्याज की हानि
   (ब) देनदारों को ब्याज की हानि
   (स) इनमें से किसी को ब्याज की हानि नहीं
   (द) उपरोक्त से कोई नहीं।
2. माध्य तिथि की गणना होती है
   (अ) प्रति खातों के निपटारे के सम्बन्ध में
   (ब) एक मुश्त भुगतान हेतु नहीं

© The Institute of Chartered Accountants of India

(स) विभिन्न तिथियों पर कई भुगतान हेतु
(द) एक मुश्त भुगतान हेतु

3. यदि भुगतान औसत देय तिथि के पश्चात् होता है तो pa.....
(अ) लेनदार
(ब) देनदार
(स) बैंक
(द) उपरोक्त से कोई नहीं

[**उत्तर** (Answer)— 1. (स), 2. (ब), 3. (अ)।]

4. उपयुक्त कारण देते हुए बताइए इनमें से कौन से कथन सत्य या असत्य हैं?
(अ) औसत देय तिथि भुगतानों हेतु अनेक देय तिथियों की माध्यिका है।
(ब) यदि भुगतान औसत देय तिथि पर किया जाता है तो इसके परिणाम में लेनदारों को ब्याज की हानि होती है।
(स) औसत देय तिथि की गणना में केवल पहले सौदे की देय तिथि को आधार के रूप में माना जाना चाहिये।
(द) यदि भुगतान औसत देय तिथि से पूर्व किया है तो ब्याज पाने वाला पक्ष लेनदार है।

[**उत्तर** (Answer)—(अ) असत्य—बराबर या माध्य, (ब) असत्य—किसी पक्ष को ब्याज की हानि नहीं होगी, (स) असत्य—किसी भी सौदे कि, (द) असत्य—देनदार।]

II. लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

3. औसत देय तिथि का क्या अर्थ है?
4. औसत देय तिथि गणना के महत्व की व्याख्या कीजिये।
5. आप औसत देय तिथि की गणना कैसे करेंगे जब विनिमय विपत्र की परिपक्व तिथि को अवकाश है ?

III. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

6. औसत देय तिथि गणना करने की प्रक्रिया समझाएँ जब राशि कई किश्तों में उधार दी हो, लेकिन भुगतान एक मुश्त हो?

IV. क्रियात्मक प्रश्न (Practical Problems)

7. औसत देय तिथि निकालिये—

5.2.2005 पर देय ₹ 6,000	15.7.2005 पर देय ₹ 5,700
7.4.2005 पर देय ₹ 3,200	18.9.2005 पर देय ₹ 7,000

8. A के विभिन्न तिथियों पर देय विपत्र निम्नलिखित है, वे खाते की पूर्ण राशि का निपटारा चैक द्वारा करने को तैयार हैं, चैक की तिथि तय कीजिये।
17/7 पर देय ₹ 3,000
15/8 पर देय ₹ 2,000 (स्वतंत्रता दिवस)
18/9 पर देय ₹ 7,000 (रविवार)
3/10 पर देय ₹ 3,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

9. सुदर्शन के पास सोहन से प्राप्त विपत्र तथा देय विपत्र निम्नलिखित हैं, औसत देय तिथि की गणना कीजिये, जब बिना कोई ब्याज की हानि हुए भुगतान प्राप्त या चुकता किया जा सकता है।

तिथि	राशि ₹	प्राप्त विपत्र की अवधि (माह)	तिथि	देय विपत्र राशि ₹	अवधि (माह)
01/06/2006	3,000	3	29/05/2006	2,000	2
05/06/2006	2,500	3	03/06/2006	3,000	3
09/06/2006	6,000	1	10/06/2006	6,000	2
12/06/2006	10,000	2	13/06/2006	9,000	2
20/06/2006	15,000	3	27/06/2006	13,000	1

अवकाश : 15 अगस्त 2006, 16th अगस्त, 2006 और 6 सितम्बर, 2006.

10. 'A' ने 1st जनवरी, 2007 को 'B' को ₹ 10,000 उधार दिये, जिसका पाँच समान अर्ध वार्षिक किश्तों में 1st जनवरी, 2008 से पुनः भुगतान प्रारम्भ किया जायेगा। औसत देय तिथि ज्ञात कीजिये एवं 10% प्रति वर्ष की दर से ब्याज की राशि की गणना कीजिए।

11. E ने F को निम्नलिखित राशियाँ उधार दीं—

10th मार्च, 2008 पर देय ₹ 5,000

2nd अप्रैल, 2008 पर देय ₹ 18,000

30th अप्रैल, 2008 पर देय ₹ 60,000

10th जून, 2008 पर देय ₹ 2,000

वह औसत देय तिथि से 10% प्रतिवर्ष की दर से ब्याज के साथ पूरा भुगतान चाहता है, औसत देय तिथि और ब्याज की राशि की गणना कीजिये।

© The Institute of Chartered Accountants of India

भाग 2 : चालू खाता
(UNIT–2 : ACCOUNT CURRENT)

अध्ययन के उद्देश्य (Learning Objectives)

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप सक्षम होंगे—

- **चालू लेखा विवरण के अर्थ को समझने में।**
- **चालू लेखा विवरण तैयार करने की विधियों को सीखने में। चालू लेखा विवरण तैयार करने की विधियाँ; जैसे—ब्याज सारणी की सहायता द्वारा, गुणनफलों के माध्यम द्वारा तथा गुणनफल के शेषों द्वारा।**
- **चालू लेखा विवरण को तैयार करने में निहित प्रक्रिया की गणना सीखने में।**

2.1 परिचय (Introduction)

एक चालू लेखा दी गयी समय अवधि हेतु पक्षकारों के मध्य हुए व्यवहारों तथा विभिन्न मदों पर देय या प्रभारित ब्याज को शामिल करते हुए एक निरन्तर विवरण है। इसे एक खाते के रूप में लिया जाता है।

कुछ स्थितियाँ जब चालू लेखा विवरण तैयार किया जाता है—

1. यह तब बनाया जाता है जब दो पक्षकारों के मध्य निरन्तर व्यवहारों को नियमित रूप से स्थापित करना हो। उदाहरण—एक निर्माता जो एक व्यापारी को निरन्तर उधार पर माल बेचता है तथा विभिन्न अन्तरालों पर उससे किश्तों में भुगतान प्राप्त करता है तथा शेष अदत्त राशि पर ब्याज प्रभारित होता है।
2. माल का प्रेषणी भी चालू लेखा विवरण तैयार कर सकता है, यदि प्रेषण की समाप्ति के बाद खातों का निपटारा होता तथा अदत्त शेष पर ब्याज प्रभारित होता है।
3. एक बैंकर तथा उसके ग्राहक के मध्य हुए सौदों को भी निरन्तर चालू लेखा विवरण तैयार करके सुलझाया जा सकता है।

चालू लेखा विवरण के दो पक्षकार होते हैं—

एक जो खाता प्रस्तुत करता है तथा अन्य जिसका खाता प्रस्तुत किया जाता है। यह एक चालू लेखा विवरण के शीर्षक में निर्देशित किया जाता है जो निम्न प्रकार से होता है—

"A in Account Current with B" इसका मतलब है कि A ग्राहक है तथा B द्वारा खाता प्रस्तुत किया जाएगा।

2.2 चालू लेखा विवरण की तैयारी (Preparation of Account Current)

यहाँ चालू लेखा विवरण तैयार करने के तीन तरीके हैं—

1. ब्याज सारणियों की सहायता के साथ;
2. गुणनफलों के माध्यम द्वारा; तथा
3. गुणनफलों के शेषों के माध्यम द्वारा।

2.2.1 ब्याज सारणियों की सहायता के साथ चालू लेखा विवरण की तैयारी (Preparation of Account Current with the help of Interest Tables)—इस विधि के अनुसार, सभी सौदे एक खाते के रूप में व्यवस्थित होते हैं। यहाँ ऐसे ही एक खाते के दोनों पक्षों पर दो अतिरिक्त स्तम्भ जो अग्रांकित हैं—

© The Institute of Chartered Accountants of India

(a) पहले स्तम्भ का मतलब है कि प्रत्येक व्यवहार की देय तिथि से खाते प्रस्तुत करने की तिथि तक गिने हुए दिनों की संख्या को निर्देशित करना।

(b) अन्य स्तम्भ का मतलब ब्याज लिखने के लिए है। तैयार सारणियों की सहायता से विभिन्न समय बिन्दुओं के लिए दिए गये दरों से विभिन्न राशियों पर देय ब्याज निकाला जाता है तथा इसे प्रत्येक मद के सामने अलग से लिखा जाता है। दोनों पक्षों के ब्याज स्तम्भ का योग लगाया जाता है तथा शेष निकाला जाता है।

उदाहरण (Illustration) **1**

श्याम के साथ निम्नलिखित व्यवहारों के सम्बन्ध में नाथ ब्रदर्स के लिए चालू लेखा विवरण तैयार कीजिए—

		₹	
2007			
16 सितम्बर	श्याम को माल बेचा	200	[1 अक्टूबर को देय]
01 अक्टूबर	श्याम से रोकड़ प्राप्त	90	
21 अक्टूबर	श्याम से माल खरीदा	500	[1 दिसम्बर को देय]
01 नवम्बर	श्याम को चुकाये	330	
01 दिसम्बर	श्याम को चुकाये	330	
05 दिसम्बर	श्याम से माल खरीदा	500	[1 जनवरी को देय]
10 दिसम्बर	श्याम से माल खरीदा	200	[1 जनवरी को देय]
2008			
01 जनवरी	श्याम को चुकाये	600	
09 जनवरी	श्याम को माल बेचा	20	[1 फरवरी को देय]

1 फरवरी तक का चालू खाता विवरण तैयार कीजिए। 6% प्रतिवर्ष ब्याज की गणना कीजिए।

समाधान (Solution)

Shyam in Account Current with Nath Brothers

(Interest to 1st February, 2008 @ 6% p.a.)

Dr. Cr.

Date	Particulars	Due Date	Amount ₹	Days	Interest	Date	Particulars	Due Date	Amount ₹	Days	Interest
2007						2007					
Sept.16	To Sales A/c	1st Oct.	200	123	4.04	Oct.01	By Cash A/c	1st Oct.	90	123	1.82
Nov.01	To Cash A/c	1st Nov.	330	92	5.00	Oct.21	By Purchase A/c	1st Dec.	500	62	5.10
Dec.01	To Cash A/c	1st Dec.	330	62	3.36	Dec.05	By Purchase A/c	1st Jan.	500	31	2.55
						Dec.10	By Purchase A/c	1st Jan.	200	31	1.02
2008						2008					
Jan.1	To Cash A/c	1st Jan.	600	31	3.06	Feb.01	By Balance of Interest				4.97
Jan.9	To Sales A/c	1st Feb.	20			Feb.01	By Balance c/d		194.97		
Feb.1	To Interest		4.97								
			1484.97		**15.46**				**1484.97**		**15.46**

© The Institute of Chartered Accountants of India

शैक्षणिक टिप्पणी (Tutorial Notes)—

1. हालांकि दिनों की संख्या की गणना में देय तिथि की तारीख पर ध्यान नहीं दिया जाता है और जिस तारीख तक खाता तैयार किया जाता है वह शामिल होती है।
2. जबकि प्रारम्भिक शेष हेतु दिनों की संख्या की गणना में प्रारम्भिक तिथि के साथ-ही-साथ जिस तारीख तक खाता तैयार किया जाता है, को भी गिना जाता है।

दिनों की गणना (Calculation of days)—

Transaction	Due	Oct.	Nov.	Dec.	Jan.	Feb.	Total	
2007	**Date**							
Sept.	16	1st Oct.	30+	30+	31+	31+	1=	123 Days
Oct.	1	1st Oct.	30+	30+	31+	31+	1=	123 Days
Oct.	21	1st Dec.	-	-	30+	31+	1=	62 Days
Nov.	1	1st Nov.	-	29+	31+	31+	1=	92 Days
Dec.	1	1st Dec.	-	-	30+	31+	1=	62 Days
Dec.	5	1st Jan.	-	-	-	30+	1=	31 Days
Dec.	10	1st Jan.	-	-	-	30+	1=	31 Days
2008								
Jan.	1	1st Feb.	-	-	-	30+	1=	31 Days
Jan.	9	1st Feb.	-	-	-	-	- =	0 Days

2.2.2 गुणनफलों के माध्यम द्वारा चालू लेखा विवरण की तैयारी (Preparation of Account Current by means of Products)—जब इस विधि को अपनाया जाता है तब चालू लेखा विवरण को बनाने का तरीका समान रहता है। यह केवल ब्याज की गणना की विधि है, जो अलग है। पिछली विधि के अन्तर्गत, चालू लेखा विवरण के दोनों पक्षों पर ब्याज स्तम्भ उपलब्ध होता है तथा प्रत्येक मद के सम्बन्ध में तैयार बनी ब्याज सारणियों से ब्याज निकाला जाता है। इस विधि में, ब्याज स्तम्भ को 'गुणनफल' स्तम्भ द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है। इस स्थिति में, रकम को उन दिनों की संख्या से गुणित करके जिसके लिए वह अदत्त रहे हैं निकाली गयी राशि गुणनफल होगी। मुद्रा की एक निश्चित राशि हेतु दिनों की एक निश्चित संख्या पर ब्याज गुणनफल पर निकाले गये एक दिन के ब्याज के समान ही होगी। अन्य शब्दों में, प्रत्येक व्यवहार की अवधि को एक दिन तक घटाने की दृष्टि से, प्रत्येक सौदे की राशि दिनों की संख्या द्वारा गुणित होगी। यह गुणनफल प्रत्येक व्यवहार के सम्मुख गुणनफल स्तम्भ में प्रविष्ट होगा। शेष चरण निम्न प्रकार होते हैं—

(अ) दो पक्षों पर गुणनफलों का शेष;

(ब) गुणनफलों के शेष दिये गये दर से ब्याज की गणना;

(स) राशि स्तम्भ में उचित पक्ष पर ब्याज प्रविष्टि होगा। यह प्रविष्टि उस विपरीत पक्ष में होती है जिसमें कि गुणनफल का शेष प्रस्तुत हुआ है।

© The Institute of Chartered Accountants of India

उदाहरण 1 को लेते हुए, गुणनफल के माध्यम से चालू लेखा विवरण नीचे समझाया गया है—

Shyam in Account Current with Nath Brothers
(Interest to 1st February, 2008 @ 6% p.a.)

Dr. Cr.

Date	Particulars	Due Date	Amount ₹	Days ₹	Interest ₹	Date	Particulars	Due Date	Amount ₹	Days ₹	Interest ₹
2007						**2007**					
Sept.16	To Sales A/c	1st Oct.	200	123	24,600	Oct.01	By Cash A/c	1st Oct	90	123	11,070
Nov.01	To Cash A/c	1st Nov.	330	92	30,360	Oct.21	By Purchase A/c	1st Dec	500	62	31,000
Dec.01	To Cash A/c	1st Dec.	330	62	20,460	Dec.05	By Purchase A/c	1st Jan.	500	31	15,500
						Dec.10	By Purchase A/c	1st Jan.	200	31	6,200
2008						**2008**					
Jan.1	To Cash A/c	1st Jan.	600	31	18,600	Feb.01	By Balance of products				30,250
Jan.9	To Sales A/c	1st Feb.	20			Feb.01	By Balance c/d		194.97		
Feb.1	To Interest $\frac{30,250}{365} \times \frac{6}{100}$		4.97								
			1,484.97		**94,020**				**1,484.97**		**94,020**
2008											
Feb.	To Balance b/d	194.97									

उदाहरण (Illustration) **2**

31 अगस्त, 2008 पर निम्नलिखित विवरण से मि. पॉल को मि. सिंह द्वारा प्रस्तुत चालू लेखा विवरण तैयार कीजिए—

2008		₹	2008		₹
11 जून	पॉल को माल भेजा	1,020	7 जुलाई	पॉल को माल भेजा	700
15 जून	पॉल से रोकड़ प्राप्त	500	8 अगस्त	पॉल से रोकड़ प्राप्त	1,100
20 जून	पॉल को माल भेजा	650			

© The Institute of Chartered Accountants of India

समाधान (Solution)

Mr. Paul in Account Current with Mr. Singh
प्रन्यास समितियाँ स्वशासी संस्थाएँ होती हैं जो सभापति, सचिव, कोषाध्यक्ष तथा कार्यकारी समिति के सदस्यों आदि पदाधिकारियों में मिलकर बनती हैं। सामान्य निकाय में समिति के सभी सदस्य सम्मिलित होते हैं। प्रन्यास/समिति की दशा में, जो अनेक विद्यालय एवं महाविद्यालय आदि चलाते हैं, प्रत्येक विशिष्ट विद्यालय या महाविद्यालय के प्रबन्ध हेतु, यहाँ एक शासकीय निकाय होता है, इकाई का प्रमुख, महाविद्यालय में प्रधानाचार्य या विद्यालय में मुख्य अध्यापक के रूप में (जैसी भी दशा हो), शासकीय निकाय का सदस्य भी होता है।

शासकीय निकाय का कार्य सम्बन्धित विद्यालय या महाविद्यालय के सुचारु संचालन का निरीक्षण करना है। बुनियादी सिद्धान्तों से यह माना जाता है कि शिक्षण संस्थाओं के व्ययों के भाग को, स्वयं शिक्षण संस्थायों द्वारा देश के उदार नागरिकों से संग्रहित दानों से या दयाराशियों (चैरिटी) से अर्जित कोषों द्वारा चुकाया जाता है।

राज्य सरकारों ने अनुदान–सहायता–विधान के माध्यम से शिक्षण संस्थानों को सहायता देने की अलग प्रणाली विकसित की है। यहाँ शिक्षण संस्थाओं में सहायता देने हेतु अनुदानों के प्रारूपों के रूप में कोई एकरूपता नहीं है।

सभी शिक्षण संस्थानों द्वारा लेखांकन वर्ष के रूप में वित्तीय वर्ष का पालन किया जाता है।

2.2 शिक्षण संस्थान को चलाने हेतु वित्त के स्रोत (Sorces of Finance for Running the Educational Institution)

यहाँ शिक्षण संस्थान द्वारा राशियाँ संग्रहित करने के तीन मुख्य स्रोत हैं। ये हैं—

(1) जनता से दान,

(2) वार्षिक शिक्षण शुल्क, अवधि शुल्क, प्रयोगशाला शुल्क आदि के रूप में शुल्क, और

(3) सरकार से प्राप्त अनुदान।

© The Institute of Chartered Accountants of India

सरकारी अनुदान चार प्रकार के हैं अर्थात् अनुरक्षण (रख–रखाव) अनुदान, उपकरण अनुदान, भवन अनुदान एवं अन्य दूसरे अनुदान जो सरकार द्वारा समय-समय पर स्वीकृत किये जा सकते हैं।

2.2.1. जनता से दान (Donation from Public)—यह आवर्ती या गैर-आवर्ती प्रयोजनों (उद्देश्यों) हेतु प्राप्त होता है। दान या तो नकद या वस्तु के रूप प्राप्त होता है। वस्तुगत दान भूमि एवं भवन, अंश एवं प्रतिभूतियों, बर्तनों, उपस्कर (फर्नीचर) एवं स्थिर वस्तुओं (फिक्सचर्स) तथा इसी प्रकार के प्रारूपों में हो सकते हैं, सामान्यतः इसके पीछे दानदाता के परिवार के एक प्रतिष्ठित सदस्य कि स्मृति बनाए रखने कि इच्छा हो सकती है।

2.2.2. प्रतिव्यक्ति प्रभार शुल्क (कैपिटेशन फीस) या प्रवेश शुल्क (Capitation Fee or Admission Fee)— शिक्षण संस्था में प्रवेश के लिए इच्छित उन विद्यार्थियों के अविभावकों/माता-पिता से राशि संग्रहित की जाती है। यह प्रतिव्यक्ति प्रभार शुल्क (कैपिटेशन फीस) या प्रवेश शुल्क के रूप में हो सकती है तथा सामान्यतः संस्थान को चलाने वाला मंडल इसे संग्रहित करता है। हाल ही के समय में, इस तरह के संग्रह आलोचना के शिकार हो चुके है तथा प्रतिबन्धित हैं।

2.2.3. प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय निक्षेप (Laboratory and Library Deposit)— सामान्यतः यह विद्यालयों एवं महाविद्यालयों द्वारा संग्रहित किये जाते हैं तथा जब तक विद्यार्थी अन्तिम रूप से संस्था नहीं छोड़ता तब तक यह संस्था के पास ही रखे रहते हैं।

विद्यालय विधान, विद्यार्थियों से प्रभारित शिक्षण तथा अन्य शुल्कों की दर निश्चत करता है।

2.2.4. अवधि शुल्क का प्रयोग (Use of Term Fee)— प्राप्तियों एवं व्ययों का एक पृथक खाता रखा जायेगा तथा आधिक्य को अगले वर्ष ले जाया जायेगा। निम्नलिखित मुख्य मदें है जिन पर अवधि शुल्क प्रयुक्त किया जा सकता है—

(1) चिकित्सा निरीक्षण।
(2) विद्यालय पत्रिका-पाण्डुलिपि और/या मुद्रण
(3) परीक्षा व्यय अर्थात् प्रश्नपत्रों का चक्रलेखित सहित मुद्रण तथा उत्तर पुस्तिकाओं कि आपूर्ति, यदि यहाँ पर्याप्त शेष हो।
(4) विद्यालय गतिविधियों से सम्बन्धित, खेल और सांस्कृतिक संगठनों को अंशदान।
(5) विद्यालय के उत्सव एवं पर्व।
(6) अन्तरा–स्तरीय एवं अन्तरा–विद्यालय टूर्नामेंट।
(7) क्रीड़ा एवं खेल—बड़े या छोटे।
(8) समाचारपत्र एवं पत्रिकाएं।
(9) पाठ्येतर भ्रमण एवं यात्रायें।
(10) भाषण प्रतियोगिता आदि के रूप में विद्यालय प्रतियोगिता।
(11) स्काउटिंग एवं गाइडिंग।
(12) विद्यालय बैण्ड।
(13) सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ, और इनके लिए आवश्यक उपकरण।
(14) सामान्य रूप में व्यावसायिक मार्गदर्शन।
(15) सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों हेतु पुरस्कार।
(16) कोई अन्य पाठ्येतर या पाठ्यक्रम गतिविधियाँ।
(17) खेल के मैदान का रख-रखाव।

© The Institute of Chartered Accountants of India

(18) विद्यार्थियों के पुस्तकालयों हेतु पुस्तकों का क्रय।

(19) आरेखण और शिल्प सामग्री।

(20) श्रव्य-दृश्य शिक्षण।

(21) शिक्षण भ्रमण एवं यात्राएँ।

(22) शारीरिक शिक्षा हेतु उपकरण।

(23) ए.सी.सी., एन.सी.सी. एवं एन.डी.एस।

2.2.5. आवर्ती अनुदान (Recurring Grants)—आवर्ती अनुदान, रख-रखाव अनुदान के रूप में पूरे वर्ष में विस्तारित किश्तों में प्राप्त होते हैं।

2.2.6. अनुदान सहायता का प्रयोग (Use of Grant-in-Aid)—विद्यालय विधान, व्यय की मदों की एक विस्तृत सूची, जो अनुदान सहायता हेतु स्वीकृत है, प्रदान करता है—

(1) कर्मचारी वेतन एवं भत्ते।

(2) अवकाश भत्ते।

(3) दोषपूर्ण जलवायु भत्ता।

(4) जल भत्ता।

(5) अवकाश वेतन।

(6) शिक्षकों के प्रशिक्षण पर व्यय।

(7) पेंशन और उपदान (ग्रेच्युटी) जो लागू हो।

(8) पुस्तकालय अध्यक्ष की नियुक्ति पर व्यय।

(9) किराया, कर एवं बीमा।

(10) **अन्य आकस्मिक व्यय**— इस शीर्षक के अन्तर्गत, मुद्रण एवं लेखन सामग्री के व्यय, सवारी व्यय, पुस्तकों एवं उपस्कर उपकरणों के क्रय पर व्यय (जिसके लिए कोई विशेष अनुदान प्रदान करने का दावा नहीं किया गया है, महाराष्ट्र में यह कुल स्वीकृत व्ययों का बारह प्रतिशत की सीमा तक हैं।) आदि शामिल होते हैं।

(11) चालू मरम्मत, विद्यालय के कुल व्ययों के अनुदान की राशि के पाँच प्रतिशत या गणना (समय-समय पर संशोधित सरकारी प्रस्ताव संख्या 2321 तिथि 1-9-1923 के निर्देश अनुसार) की गयी भवन की लागत के 1-1/2 प्रतिशत की सीमा तक।

(12) विविध व्यय— विद्यालय बाग, शारीरिक शिक्षा।

(13) पुरस्कार।

(14) सहकारी भंडार पर व्यय।

(15) मान्यता हेतु बोर्ड को चुकता पंजीकरण शुल्क।

(16) भोजन कक्षों का रख-रखाव।

(17) शिक्षकों हेतु बोनस

(18) विद्युत प्रभार।

(19) टेलीफोन प्रभार।

(20) सम्मेलन से सम्बन्धित व्यय।

(21) शैक्षणिक संघों आदि को चन्दे।

© The Institute of Chartered Accountants of India

(22) चिकित्सा प्रभार।

(23) निर्धारित पैमाने के अनुसार अंकेक्षक का अंकेक्षण शुल्क। ₹ 50,000 तक के स्वीकृत व्ययों हेतु न्यूनतम ₹ 75 तथा ₹ 50,000 से अधिक के स्वीकृत व्ययों हेतु न्यूनतम ₹ 300।

(24) विद्यालय की आवश्यकताओं की क्रय पर बिक्री कर एवं सामान्य कर।

(25) योग्यता छात्रवृत्तियों के लिए भुगतान।

उदाहरण (Illustration) **1**

भारत शिक्षण समिति के दिनांक 31.12.2008 को दिए गए निम्न तलपट से आय-व्यय खाता और तुलन पत्र बनाएँ—

	Dr.	*Cr.*
	₹	₹
उपस्कर एवं उपयुक्त वस्तु	12,500	
उपस्कर में वृद्धि (वर्ष में)	3,200	
पुस्तकालय में पुस्तक	17,500	
पुस्तकों में वृद्धि	4,300	
भवन	2,75,000	
सामान्य निवेश	1,50,000	
निवेश संचय कोष		15,000
विविध देनदार एवं लेनदार	5,000	14,500
प्रवेश शुल्क		15,200
परीक्षा शुल्क		2,400
चन्दा प्राप्त		20,000
प्रमाण–पत्र शुल्क		500
सोसायटी हॉल का किराया		6,500
निवेश पर ब्याज		5,500
विविध प्राप्तियाँ		600
स्टाफ का वेतन	10,200	
छपाई, स्टेशनरी एवं विज्ञापन	1,000	
दर एवं बीमा	800	
परीक्षा व्यय	600	
पत्रिकाओं का चन्दा	1,200	
पुरस्कार न्यास कोष		16,000
पुरस्कार न्यास निवेश	15,800	
पुरस्कार न्याय आय		650
पुरस्कार घोषित	450	
पुरस्कार कोष अधिकोष	275	

© The Institute of Chartered Accountants of India

दान प्राप्त (पूँजीकृत किया जाना)		18,000
सामान्य खर्चे	375	
पूँजी कोष		3,89,150
बैंक में रोकड़	5,500	
रोकड़ हस्तस्थ	300	
	5,04,000	5,04,000

आवश्यक समायोजन करने के लिए निम्नलिखित जानकारियाँ दी गई हैं—

(1)	प्राप्त चन्दा	4,500
(2)	अग्रिम चन्दा	500
(3)	उपार्जित ब्याज सामान्य निवेश से	450
(4)	अदत्त स्टाफ वेतन	1,800
(5)	दर एवं बीमा का अग्रिम भुगतान	500
(6)	निम्नलिखित दरों ह्रास लगाएं (वृद्धि जोड़ते हुए) :	
	पुस्तकालय किताबें	15% p.a
	उपस्कर एवं उपयुक्त वस्तु	5% p.a
	भवन	5% p.a

31 दिसम्बर, 2008 को सामान्य निवेश की बाजार मूल्य ₹ 1,30,000 है।

अभी गिरावट के लिये कोई प्रावधान बनाने की आवश्यकता नहीं है।

समाधन (Solution)

Bharat Education Society
Income and Expenditure Account
for the year ended at 31st Dec., 2008

		₹	₹			₹	₹
To	Staff Salaries	10,200		By	Subscription	20,000	
"	*Add:* Outstanding	1,800	12,000	"	*Add:* Outstanding	4,500	
"	Printing, Stationery					24,500	
	& Advertising		1,000		*Less:* Received		
"	Taxes & Insurance	800			in advance	500	
	Less: Prepaid	500	300				24,000
"	Examination Expenses		600	"	Entrance fee		15,200
"	Subscription to			"	Examination fee		2,400
	Periodicals		1,200	"	Certificate fee		500
"	General expenses		375				
"	Depreciation :			"	Hire of Society's Hall		6,500
	Library Books	2,270					

© The Institute of Chartered Accountants of India

	Furniture & Fittings	785		"	Interest on Investment Received	5,500	
	Building	13,750	17,805		*Add* : Accrued	450	5,950
"	Excess of income Over Expenditure		21,870	"	Sundry Receipts		600
			55,150				55,150

Balance Sheet of Bharat Education Society as on 31st Dec., 2008

Liabilities	₹	₹	*Assets*	₹	₹
Capital Fund	3,89,150		Building cost	2,75,000	
Add : Excess of Income over Expenditure	21,870	4,11,020	*Less* : Depreciation	13,750	2,61,250
Investment Res. Fund		15,000	Furniture & Fittings	12,500	
Prize Trust Fund	16,000		*Add* : Additions		
Incomeless Prizes	200	16,200	during the year	3,200	
Capital Reserve		18,000		15,700	
Subscription received			*Less* : Depreciation	785	14,915
in advance		500			
Salaries Outstanding		1,800			
Sundry Creditors		14,500	Library Books	17,500	
			Add : Additions		
			during the year	4,300	
				21,800	
			Less : Depreciation	3,270	18,530
			General Investment (M.V. Rs. 1,30,000)		1,50,000
			Interest Accrued		450
			Sundry Debtors		5,000
			Prize Trust Investments		15,800
			Prize Fund cash at Bank		275
			Cash at Bank		5,550
			Cash in Hand		300
			Subscription due		4,500
			Taxes & Insurance prepaid		500
		4,77,020			4,77,020

© The Institute of Chartered Accountants of India

उदाहरण (Illustration) **2**

नीचे दिये गये रिपब्लिक कॉलेज के शेष एवं मदों से 31.03.2008 को आय-व्यय खाता तथा तुलन पत्र बनाइये—

	₹	₹
सेमिनार एवं कॉन्फ्रेन्स प्राप्ति		4,80,000
परामर्श से प्राप्ति		1,28,000
विद्यार्थी प्रतिभूति जमा		1,50,000
पूँजी कोष		16,06,000
खोज कोष		8,00,000
भवन कोष		25,00,000
भविष्य निधि		5,10,000
शिक्षण शुल्क प्राप्त		8,00,000
सरकारी अनुदान		5,00,000
दान		50,000
निवेश पर लाभ और लाभांश		1,85,000
हॉस्टल कमरा किराया		1,75,000
मैस प्राप्ति (शुद्ध)		2,00,000
कॉलेज भण्डार विक्रय		7,50,000
अदत्त व्यय		2,25,000
भण्डार एवं पूर्तिओं का रहतिया		3,00,000
भण्डार एवं पूर्तिओं का क्रय		8,00,000
शिक्षण वेतन		8,50,000
खोज	1,20,000	
छात्रवृत्ति		8,00,000
विद्यार्थीयों कल्याण खर्च		38,000
मरम्मत और रख-रखाव व्यय		1,12,000
खेल-कूद का व्यय		50,000
विभिन्न व्यय		65,000
खोज कोष निवेश		8,00,000
अन्य निवेश		18,50,000
भविष्य निधि निवेश		5,10,000
सेमिनार एवं कॉन्फ्रेस व्यय		4,50,000
परामर्श शुल्क		28,000
भूमि		1,00,000
भवन	1,60,000	

© The Institute of Chartered Accountants of India

संयत्र व उपक्रम	8,50,000	
उपस्कर एवं उपयुक्त वस्तु	60,000	
मोटर गाड़ी	1,80,000	
ह्रास के लिए प्रावधान		4,80,000
संयत्र एवं उपक्रम		5,10,000
उपस्कार एवं उपयुक्त वस्तु		3,36,000
शेष अधिकोष में	6,42,000	
पुस्तकालय	3,60,000	
	1,03,85,000	1,03,85,000

समायोजन—

		₹
(1)	सामग्री एवं आपूर्तियों का उपभोग	50,000
	खोज	1,50,000
	विद्यार्थी कल्याण	75,000
	खेल और कूद	25,000
(2)	पिछड़े वर्गों के छात्रों की छात्रवृत्ति के लिए सरकार से प्राप्त शिक्षण शुल्क	80,000
(3)	भण्डार का बिक्री मूल्य इस प्रकार तय किया गया है 10% शुद्ध लाभ हो।	
(4)	सीधी रेखा पद्धति से निम्नलिखित दरों पर ह्रास लगाया जायेगा।	
	भवन	5%
	संयन्त्र एवं उपक्रम	10%
	उपस्कर एवं उपयुक्त वस्तु	10%
	मोटर गाड़ी	20%

Republic College

Income and Expenditure Account

for the year ending at 31st March, 2008

Expenditure	₹	₹	*Income*	₹	₹
To Salaries: Teaching		8,50,000	By Tuitions & other Fees		8,80,000
Research		1,20,000			
" Meterial & Supplies Consumed :			" Govt. Grants		5,00,000
Teaching		50,000	" Income from		
Research		1,50,000	Investments		1,85,000
			" Hostel Room Rent		1,75,000
" Repairs & Maintenance		1,12,000	" Mess Receipts		2,00,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

"	Sports & Games Exp :			"	Profit on stores sales		75,000
	Cash	50,000		"	Seminar and Conferences :		
	Materials	20,000	75,000		Income	4,80,000	
					Less: Exp.	4,50,000	30,000
To	Students Welfare Exp.						
	Cash	38,000		"	Consulatancy charges:		
	Materials	75,000	1,13,000		Income	1,28,000	
					Less: Exp.	28,000	
"	Misc. Expenses		65,000				1,00,000
"	Scholarships		80,000	"	Donations		50,000
"	Depreciation						
	Building		80,000				
	Plant & Equipment		85,000				
	Furniture		60,000				
	Motor Vehicle		36,000				
"	Excess of Income over Expenditure		3,19,000				
			21,95,000				21,95,000

REPUBLIC COLLEGE

Balance Sheet as on 31st March, 2008

Liabilities	₹	₹	*Assets*	₹	₹
			Fixed Assets :		
Capital fund			Land		1,00,000
Opening balance	16,06,000		Building cost	16,00,000	
Add: Excess of Income over Expenditure	3,19,000	19,25,000	*Less:* Dep.	5,60,000	
Other Funds					10,40,000
Research Fund		8,80,000	Equipment		
Building Fund		25,00,000	Cost	8,50,000	
			Less : Dep.	5,95,000	2,55,000
Current Liabilities:					
Outstanding Exp.		2,25,000	Furniture & Fittings:		
Provident Fund		5,10,000	Cost	6,00,000	
Security Deposit		1,50,000	*Less*: Dep.	3,96,000	
					2,04,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

	Motor Vehicles		
	Cost :	1,80,000	
	Less: Dep.	36,000	
			1,44,000
	Library		3,60,000
	Investments :		
	Capital Fund Investments		18,50,000
	Research Fund Investments		8,00,000
	P.F. Investment		5,10,000
	Stock :		
	Material & Supplies		1,25,000
	Grants Receivable		80,000
	Cash in hand & at Bank		6,42,000
61,10,000			61,10,000

Working Notes—

		₹	₹
(1)	*Material & Supplies : Closing Stock*		
	Opening Stock		3,00,000
	Purchases		8,00,000
			11,00,000
	Less : Cost of Sales	6,75,000	
	Consumed	3,00,000	9,75,000
	Balance		1,25,000

(2) *Provisions for Depreciation*

	Building	*Plant & Equipment*	*Furniture & Fitting*
	₹	₹	₹
Opening Balance	4,80,000	5,10,000	3,36,000
Addition	80,000	85,000	60,000
Closing Balance	5,60,000	5,95,000	3,96,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

2.3 कोष खाते रखने की तकनीक (Technique of Maintaining Fund Accounts)—

गैर व्यापारिक संस्थान, सामान्यतः शिक्षण संस्थान, हमेशा विशिष्ट गतिविधियों जैसे–खेल-कूद, पुरस्कार, स्वल्पाहार आदि के लिए पृथक से खाते और कोष रखते हैं और इनका वित्तीय विवरणों में प्रस्तुति कोष आधार पर करते हैं। कॉलेज तथा विश्वविद्यालय जैसी संस्थाओं में प्रत्येक कोष के लिए पृथक लेजर रखे जाते हैं। यह कोष लेजर स्वभावतः स्वकीय संतुलित होते हैं एक कोष स्थायी सम्पत्तियों के क्रय, अधिग्रहण अथवा निर्माण के लिए या संगठन की किसी विशिष्ट गतिविधि के लिए या दोनों के लिए बनाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, एक भवन कोष भवनों के क्रय, अधिग्रहण अथवा निर्माण के लिए बनाया जा सकता है। भवनों के निर्माण या अधिग्रहण के सम्बन्ध में सभी प्राप्तियाँ मुख्य खातों से पृथक कर ली जाती है तथा भवन कोष में दिखाई जाती है। भवनों के निर्माण तथा अधिकग्रहण के उद्देश्य हेतु किए गए किसी भी व्यय को इसी खाते से किया जाता है। जब भवन अन्ततः अधिग्रहित या निर्मित होता है तो सामान्य चिट्ठे में सम्पत्ति की मान्यता ली जाती है और फलस्वरूप भवनकोष का वह भाग जो भवन के अधिग्रहण अथवा निर्माण में काम आ चुका है, सामान्य कोष को अन्तिरित कर दिया जाना चाहिए। ऐसे कोषों पर ह्रास केवल उनके पूर्णता या अधिग्रहण के बाद लगाया जाता है।

इसी प्रकार से, उपकरण, स्थायी सम्पत्तियों की भारी मरम्मतों के व्यय और अन्य विकास गतिविधियों के लिए पृथक कोष बनाए जाते हैं।

उदाहरण (Illustration) **3**

नॉयडा स्कूल पृथक से भवन कोष बनाता है। 31.3.2007 को भवन कोष का शेष ₹ 10,00,000 था और यह ₹ 6,00,000 की स्थायी जमा (15%) प्रस्तुत करती हैं और चालू खाते का शेष ₹ 4,00,000 है। वर्ष 2007-08 के दौरान स्कूल ने दान प्राप्त कियेः भवन कोष ₹ 5,60,000 और विकास शुल्क का 40%, ₹ 22,56,500 भवन कोष में अंतरित कर दिया। पूँजी चालूकार्य 31.03.2007 को ₹ 8,25,000 था जिसके ठेकेदार के बिल का 70% भुगतान 14.04.2008 तक किया गया था। भवन विस्तार का कार्य 31.12.008 को समाप्त हुआ जिसकी लागत ₹ 7,25,000 थी जिसके लिये ठेकेदार को पूर्णः भुगतान कर दिया गया है। तैयार भवन की लागत (₹ 15,50,000) को सम्बन्धित सम्पत्ति खाते में अन्तरित करने का निर्णय लिया है। आपसे अपेक्षित है कि उपरोक्त व्यवहारों को सम्मिलित करते हुये। 2007 08 वर्ष हेतु Noida School की पुस्तकों में उपरोक्त व्यवहारों को समामेलित करते हुये जनरल प्रविष्टियाँ पारित करना एवं भूमि कोष खाता बही का तलपट दर्शाना।

समाधन (Solution)

Journal Entries for Building Fund Ledger

			₹	₹
(1)	Bank A/c	Dr.	5,60,000	
	To Building Fund A/c			5,60,000
	(On collection of donations)			
(2)	Bank A/c	Dr.	9,02,600	
	To Building Fund A/c			9,02,000
	(40% of the development fees directly transferred to building fund)			

© The Institute of Chartered Accountants of India

(3)	Fixed deposit A/c	Dr.	90,000	
	To Interest A/c			90,000
	(on accrual of interest)			
(4)	Interest A/c	Dr.	90,000	
	To Building fund			90,000
	(Interest accrued on fixed deposit transferred)			
(5)	Capital Work in Progress A/c	Dr.	7,25,000	
	To Contractor's A/c			7,25,000
	(Work completed and certified during the year)			
(6)	Contractor's A/c	Dr.	13,43,750	
	To Bank A/c			13,43,750
	(Payments made during the year)			
(7)	Building A/c	Dr.	15,50,000	
	To Capital Work in Progress A/c			15,50,000
	(Transfer of completed buildings to Asset A/c)			
(8)	Building Fund A/c	Dr.	15,50,000	
	To General Fund A/c			15,50,000
	(Corresponding building fund transferred)			

Trial Balance of Building Fund as on 31st March, 2008

	Dr	Cr
	₹	₹
Building Fund		10,02,600
Contractor's A/c		2,06,250
Fixed Deposit A/c	6,90,000	
Current A/c	5,18,850	—
	12,08,850	12,08,850

© The Institute of Chartered Accountants of India

सारांश

(SUMMARY)

- शैक्षणिक संस्थान दूसरे गैर-व्यापारिक संगठनों से निम्न होते हैं क्योंकि यह अपनी आय का स्रोत चुनने के लिए तथा लेखांकन वर्ष चुनने के लिए स्वतन्त्र होते हैं।

स्व-परीक्षा प्रश्न

(SELF-EXAMINATION QUESTIONS)

I. वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Answer Type Questions)

1. स्कूल के आय व्यय खाते में निम्नलिखित ऋणी होंगे :
   - (i) सरकार द्वारा हरिजन विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति कोष में स्वीकृत बाँटा गया धन।
   - (ii) वार्षिक समारोह पर उपहार।
   - (iii) भौगोलिक कक्षाओं के लिए मानचित्र की लागत।
   - (iv) खेल के मैदान में पवेलियन के निर्माण की लागत।
   - (v) खेल कोष में से बल्ला, हॉकी, डण्डे, इत्यादि का क्रय।
   - (vi) प्रयोगशाला खर्चे।

   [**उत्तर** (Answer)—केवल (ii) तथा, (vi) ऋणी होंगे, (iii) तथा, (iv) पर ह्रास भी]
2. सोसायटी के आय-व्यय खाते में चालू वर्ष के निम्नलिखित दशाओं में खर्चे ऋणी/धनी होंगे बताइये—
   - (i) राज्य सरकार से स्वीकृत योजना के खर्च।
   - (ii) प्रतिनिधि को पश्चिम जर्मनी भेजने का खर्च।
   - (iii) परीक्षा पुस्तक के प्रकाशन के लिए कम कीमत के प्राप्त अनुदान।
   - (iv) सोसायटी के जर्नल में विज्ञापन से एकत्रित।
   - (v) पुरस्कार कोष में से पुरस्कार वितरण।
   - (vi) चन्दा वसूली जो गत वर्ष में अपलिखित है।
   - (vii) पुरस्कार कोष के निवेश पर ब्याज।

   [**उत्तर** (Answer)—(v) और (vii) शामिल नहीं होंगे]
3. दिए गये विकल्पों से अधिक उपयुक्त उत्तर चुनिये—
   - (i) शिक्षण संस्थाओं को चलाने के लिए मुख्य वित्तीय स्रोत हैं—
     - (a) दान
     - (b) प्रवेश शुल्क
     - (c) सरकारी
     - (d) उपर्युक्त सभी

© The Institute of Chartered Accountants of India

(ii) कोष खाताबही हैं—

(a) स्वकीय सन्तुलन

(b) विभागीय सन्तुलन

(c) उच्चंत खाते की सहायता से शेष

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

[उत्तर (Answer)— (i) (d), (ii) (a)]

II. लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

भेद बताइए—

4. कोष तथा संचयों में।
5. प्रवेश शुल्क तथा सदस्यता चन्दा।
6. सामान्य कोष के लिए दान तथा विशिष्ट कोष के लिए दान।
7. प्राप्तियाँ और आय।
8. भुगतान तथा खर्चे।
9. कोष आधारित लेखांकन का क्या आशय है ? संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

III. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

10. शिक्षण संस्थान चलाने के लिए वित्त के मुख्य स्रोतों का वर्णन कीजिए।
11. स्कूल के आय तथा व्यय खाता तथा आर्थिक चिट्ठा तैयार करने की तकनीक का वर्णन कीजिए।

IV. क्रियात्मक प्रश्न (Practical Problems)

12. नीचे दी गई जानकारी से, 2008 के लिये चन्दे के सम्बन्ध में आय एवं व्यय खाते में जमा की जाने वाली राशि सुनिश्चित करें—

	₹
नकद में प्राप्त चन्दा	33,500
अग्रिम चन्दा 31.12.2007 के लिये	2,500
अदत्त चन्दा 31.12.2007 के लिये	3,000
अदत्त चन्दा 31.12.2008 के लिये	2,000
अग्रिम चन्दा 31.12.2008 के लिए	500

13. निम्नलिखित आय-व्यय खाता Able Accountants Soliety द्वारा बनाया गया—

		₹	₹			₹	₹
To	शेष आगे लाया गया		8,000	By	वेतन :		
					भुगतान	7,200	
					अदत्त	800	8,000
To	चंदाः						
	प्राप्त	26,000		By	स्टेशनरी :		
	देय	1,500	27,500		क्रय	1,100	
					घटायाः स्कन्ध	200	900

© The Institute of Chartered Accountants of India

To	पुरानी किताबें का विक्रय (लागत ₹ 300)	800	By मनोरंजन की लागत	7,500
To	ब्याज प्राप्त एवं देय	1,200	By किताबें भेजी पुस्तकालय में	1,700
			By पत्रिकाएँ	900
			By किराया	5,000
			By व्याख्यानों की लागत	4,000
			By शेष आगे ले जाया गया	9,500
		37,500		37,500

खाते की तैयारी में त्रुटियों को इंगित करते हुए इसकी आलोचना करें।

© The Institute of Chartered Accountants of India

© The Institute of Chartered Accountants of India

10

अपूर्ण अभिलेखों से खाते

(ACCOUNTS FROM INCOMPLETE RECORDS)

अध्ययन के उद्देश्य (Learning Objectives)

इस इकाई के अध्ययन के उपरांत, आप सक्षम हो जायेंगे—

- **स्थिति विवरण के माध्यम से समय के दो विभिन्न बिन्दुओं पर पूँजी की गणना कैसे करें, को सीखने में।**
- **समय के दो विभिन्न बिन्दुओं पर पूँजी की तुलना द्वारा लाभ निर्धारण की तकनीकी समझने में।**
- **स्वामी/साझेदार नई पूँजी। विनियोजन एवं आहरण को कैसे समायोजित करें, को समझने में।**
- **बिक्री की लागत या क्रय ज्ञात करने में मानक सकल लाभ अनुपात का प्रयोग कैसे किया जाता है, को समझने में।**
- **क्रय तथा रहतिया दिये होने पर सकल लाभ अनुपात का प्रयोग करके बिक्री को कैसे ज्ञात किया जाता है, को समझने में।**
- **सकल लाभ अनुपात का प्रयोग करके एवं प्रविष्टि हेतु समायोजन द्वारा बिक्री कैसे ज्ञात करें, को समझने में।**

1. परिचय

(INTRODUCTION)

बहुदा, छोटे एकाकी व्यापारी एवं साझेदारी व्यवसायी दोहरा लेखा पुस्तपालन प्रणाली को नहीं रखते हैं। कभी–कभी वे सिर्फ नगद व्यवहारों एवं उधार व्यवहारों का ही अभिलेख रखते हैं। कभी–कभी वे कई व्यवहारों का अभिलेखन नहीं करते हैं, परन्तु लेखाकंन अवधि के अन्त में वे अपने व्यवसाय की क्षमता एवं वित्तीय स्थिति को जानना चाहते हैं, जो कि लेखाकारों के लिये कुछ विशिष्ट समस्या उत्पन्न करता है। इस अध्ययन में हम चर्चा करेंगे कि उपलब्ध अपूर्ण लेखों द्वारा खाते कैसे पूर्ण किए जाते हैं। "इकहरा लेखा प्रणाली" मद को प्रचलित तौर पर अपूर्ण अभिलेखों से खातों की

© The Institute of Chartered Accountants of India

समस्याओं को समझाने में प्रयोग किया जाता है। यहाँ तथ्य अनुसार इकहरा लेखा प्रणाली जैसी कोई प्रणाली होती ही नहीं है। व्यवहार में स्व कथित लेखाकारों द्वारा कुछ मिश्रित विधियों का भी पालन किया जाता है। ये कुछ व्यवहारों के लिये दोहरा प्रविष्टियों को पूर्ण करते हैं तथा कुछ अन्य व्यवहारों के लिये ये केवल एक प्रविष्टि रखते हैं। साथ ही कुछ अन्यों के लिये कोई भी प्रविष्टि पारित नहीं करते हैं। यह लेखांकन की कोई प्रणाली नहीं है। संक्षेप में इसको अपूर्ण अभिलेखों के रूप में व्यक्त किया जा सकता है। लेखाकार का नियत कार्य उपलब्ध सूचनाओं एवं खातों के अंतिम रूप के मध्य सम्बन्ध स्थापित करना है।

1.1. लक्षण (Features)

- यह व्यावसायिक व्यवहारों की अभिलेखन की एक अशुद्ध, अवैज्ञानिक एवं अव्यवस्थित विधि है।
- सामान्यतः यहाँ वस्तुगत तथा नाममात्र खातों के अभिलेखन नहीं होते हैं, अधिकतर दशाओं में नगद व्यवहारों एवं व्यक्तिगत खातों के अभिलेखे रखे जाते हैं।
- रोकड़ पुस्तक में व्यावसायिक एवं स्वामी के व्यक्तिगत व्यवहारों का मिश्रण होता है।
- यहाँ अभिलेखों को रखने में एकरूपता नहीं होती है तथा प्रत्येक फर्म की आवश्यकताओं और सुविधाओं की निर्भरता पर अलग–अलग फर्मों में यह प्रणाली पृथक हो सकती है।
- इस प्रणाली के अंतर्गत लाभ का एक सिर्फ अनुमान होता है तथा उसके लिये सत् एवं उचित लाभ का निर्धारण नहीं किया जा सकता है। उचित आर्थिक चिट्ठे की अनुपस्थिति में वित्तीय विवरण के साथ भी ठीक यही दशा होती है।

2. प्रकार
(TYPES)

इकहरा लेखा प्रणाली के अन्तर्गत अभिलेखों को रखने में अपनायी गई कई प्रक्रियाओं की छानबीन (Scrutiny) के तहत निम्नलिखित तीन प्रकार के अस्तित्व में आते हैं।

(i) **शुद्ध इकहरा लेखा**— इसमें केवल, व्यक्तिगत खातों को उनके परिणामों के साथ रखा जाता है, तथा रोकड़ एवं अधिकोष शेषों, विक्रय एवं क्रय आदि के सम्बन्ध में सूचनायें उपलब्ध नहीं होती हैं। एक दृष्टि में या रोकड़ सम्बन्धित आधार सूचनाओं को भी उपलब्ध कराने में विफल होता है, यह विधि सिर्फ कागजों पर ही मौजूद होती है एवं इसका कोई व्यावहारिक उपयोग नहीं है।

(ii) **सामान्य इकहरा लेखा**— इसमें सिर्फ (अ) व्यक्तिगत खातों तथा (ब) रोकड़ पुस्तक ही रखी जाती है। यद्यपि यह खाते दोहरा लेखा प्रणाली के आधार पर रखे जाते हैं, रोकड़ पुस्तक से सिर्फ व्यक्तिगत खातों की खतौनी की जाती है तथा अन्य खाते खाताबही में नहीं पाये जाते हैं। देनदारों से प्राप्त रोकड़ या लेनदारों को चुकता रोकड़ को सामान्य रूप से निर्गमित या प्राप्त विपत्रों पर जैसी भी दशा हो पर सामान्य रूप से लिखा जाता है।

(iii) **अर्द्ध एकल लेखा**— इसमें, (अ) व्यक्तिगत खातों, (ब) रोकड़ पुस्तक, और (स) कुछ सहायक पुस्तकों को रखा जाता है। इस प्रणाली के अन्तर्गत मुख्य रूप से रखी जाने वाली सहायक पुस्तकें विक्रय पुस्तक बही, क्रय पुस्तक (बही), विपत्र पुस्तक (बही) है। बट्टे के लिये कोई पृथक

© The Institute of Chartered Accountants of India

अभिलेख नहीं रखा जाता है जो कि व्यक्तिगत खाते में प्रविष्ट हो चुका है। इसके साथ ही व्ययों की कुछ महत्वपूर्ण मदों; जैसे कि मजदूरी, किराया, दर आदि के सम्बन्ध में भी कुछ बिखरी हुई सूचनायें उपलब्ध होती हैं, वास्तव में, यह वह विधि है जिसे दोहरा लेखा प्रणाली के प्रतिस्थापन हेतु सामान्यता अपनाया जाता है।

3. पूँजी तुलना द्वारा लाभ ज्ञात करना

(ASCERTAINMENT OF PROFIT BY CAPITAL COMPARISON)

यह विधि शुद्ध मूल्य विधि या स्थिति विवरण विधि के रूप में भी जानी जाती है।

अंतिम पूँजी – प्रारम्भिक पूँजी = लाभ

यदि आगम एवं व्ययों के सम्बन्ध में विस्तृत सूचनाओं की जानकारी न हो, तो यहाँ लाभ एवं हानि खाता तैयार करना मुश्किल हो जाता है। इसके स्थान पर सम्पतियों एवं दायित्वों के सम्बन्ध में सूचनाओं के संग्रहण द्वारा, यहाँ सरलतापूर्वक समय के दो विभिन्न बिन्दुओं पर आर्थिक चिट्ठा तैयार किया जा सकता है। इसलिये इकहरे लेखों से खाते तैयार करने हेतु यदि पर्याप्त सूचनायें उपलब्ध न हों, तो यह बेहतर है कि पूँजी तुलना की विधि का अनुसरण कर लाभ की राशि पर पहुँचा जाये।

3.1 पूँजी तुलना की विधियाँ (Methods of Capital Comparison)

पूँजी में वृद्धि होती है यदि यहाँ लाभ है, तब पूँजी में कमी आती है यदि यहाँ हानि है। फिर भी यदि स्वामी/साझेदार व्यवसाय में नया विनियोजन करते हैं, पूँजी बढ़ती हैं, यदि यह आहरण करते हैं तो पूँजी घटती है; इसलिये जब पूँजी तुलना द्वारा लाभ ज्ञात करना हो तो निम्नलिखित नियमों का अनुसरण करना चाहिये :

विवरण	₹
अंतिम पूँजी × × ×	
जोड़े—आहरण	× × ×
घटायें—नई पूँजी विनियोजन	(× × ×)
प्रारम्भिक पूँजी	(× × ×)
लाभ	× × ×

उपरोक्त चर्चा से यह स्पष्ट है कि पूँजी तुलना विधि के पालन हेतु प्रारम्भिक पूँजी एवं अंतिम पूँजी की जानकारी होनी चाहिये। इन्हें दो सम्बन्धित समय बिन्दुओं पर स्थिति विवरण की तैयारी द्वारा निर्धारित करना चाहिये। पूँजी हमेशा **सम्पत्तियों–दायित्वों** के समान होती है।

इस प्रकार स्थिति विवरणों को तैयार करने हेतु सम्पत्तियों एवं दायित्वों एवं उनकी राशियों की सूची की आवश्यकता होती है। व्यावसायिक उपक्रम की सम्पत्तियों एवं दायित्वों को ज्ञात करने व उद्देश्य हेतु, लेखाकार निम्नलिखित सूत्रों का प्रयोग करते हैं :

(i) रोकड़ शेष हेतु रोकड़ पुस्तक

(ii) अधिकोष (Bank) शेष हेतु बैंक पास बुक

(iii) देनदारों तथा लेनदारों हेतु व्यक्तिगत खाते

(iv) रहतियाँ वास्तविक गणना एवं मूल्याकंन द्वारा

© The Institute of Chartered Accountants of India

(v) स्थायी सम्पत्तियों के सम्बन्ध में व उसकी एक सूची तैयार करते हैं। वास्तविक लागत तथा क्रय तिथि का खुलासा करने में व्यवसाय का स्वामी उनकी मदद करता है। ह्रास की उचित राशि को घटाने के बाद, अपलिखित या ह्रासित मूल्य को स्थिति विवरण में शामिल किया जायेगा। सम्पत्ति सम्पत्तियों एवं दायित्वों के सम्बन्ध में सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के पश्चात् लेखाकार का अगला नियत कार्य (task) समय के दो विभिन्न बिन्दुओं पर स्थिति विवरण तैयार करना है। स्थिति विवरण की रूपरेखा (Design) चिट्ठे की आर्थिक चिट्ठे की तरह ही होती है जैसा कि आगे दिया गया है।

..... पर स्थिति विवरण

दायित्वों	₹	सम्पतियों	₹
पूँजी (बकाया राशि)	×××	भवन	×××
ऋण, अधिकोष, अधिविकर्ष	×××	यन्त्र	×××
विविध लेनदार	××	उपस्कर (फर्नीचर)	×××
देय विपत्र	××	रहतिया (स्टॉक)	×××
		विविध देनदार	××
		प्राप्त विपत्र	××
		ऋण एवं अग्रिम	××
		रोकड़ तथा बैंक शेष	××
	×××		×××

अब दो विभिन्न तिथियों हेतु तैयार किये गये स्थिति विवरण से, प्रारम्भिक एवं अंतिम पूँजी शेषों को प्राप्त किया जा सकता है। ये पूँजी शेष उपरोक्त स्थिति विवरणों में बकाया राशि के रूप में दर्शाये गये हैं।

3.2. स्थिति विवरण एवं आर्थिक चिट्ठे के मध्य अन्तर (Difference between Statement of Affairs and Balance Sheet)—

आधार	*स्थिति विवरण*	*आर्थिक चिट्ठा*
विश्वसनीयता	यह अंशतः दोहरा लेखा पुस्तपालन के आधार पर एवं अंशतः इकहरा मूल्य के आधार पर अभिलेखित सौदों के आधार पर तैयार किया जाता है। ज्यादातर सम्पतियाँ अनुमानों, अभिलेखों की बजाय स्मृति में एकत्रित अनुमानों, पूर्वधारित सूचनाओं पर अभिलेखित होती हैं।	यह दोहरा लेखा पुस्तपालन के आधार पर अचूक अभिलेखों पर आधारित है। आर्थिक चिट्ठे की प्रत्येक मद सम्बन्धित सहायक पुस्तकों एवं खाताबाही से सत्यापित हो सकती है। इसलिये आर्थिक चिट्ठा केवल विश्वसनीय (Reliable) ही नहीं बल्कि भरोसेमन्द (Dependable) भी है।

© The Institute of Chartered Accountants of India

पूँजी	इस विवरण में पूँजी महज सम्पत्तियों के दायित्वों पर आधिक्य द्वारा बकाया शेष के रूप में है। इसलिये सम्पतियों को दायित्वों के समान होने की जरूरत नहीं होती है।	पूँजी खाताबही में पूँजी खाते द्वारा निकाली जाती है तथा इसलिये सम्पत्ति पत्र का योग हमेशा दायित्व पत्र के योग के बराबर होगा।
चूक	चूंकि यह विवरण अपूर्ण अभिलेखों के आधार पर तैयार किया जाता है तो सम्पत्ति एवं दायित्वों को उस दशा में ढूंढ़ना बेहद कठिन है, जब यह पुस्तकों से लोप हो जाये।	यहाँ सम्पतियों एवं दायित्वों के लोप हो जाने की कोई संभावना नहीं है क्योंकि सभी मदों का यथोचित अभिलेख किया जाता है। इसके अलावा यदि आर्थिक चिट्ठा एक मत (agree) न हो रहा हो तो लापता मद को ढूँढ़ना सरल है।
मूल्यांकन का आधार	आमतौर पर सम्पत्तियों का मूल्यांकन मनमाने तरीके से किया जाता है। इसलिये मूल्यांकन की विधि प्रदर्शित नहीं होती है।	सम्पत्तियों का मूल्यांकन वैज्ञानिक आधार पर किया जाता है यानि कि नई सम्पत्ति की दशा में वास्तविक लागत तथा लागत– सम्पत्ति प्रयोग हेतु तिथि तक पर ह्रास के आधार पर ह्रासित राशि/ यदि मूल्यांकन की विधि में कोई परिवर्तन होता है तो इसे यथोउचित तरीके से प्रचलित किया जा सकता है।
उद्देश्य	इस विवरण को तैयार करने का उद्देश्य क्रमशः लेखांकन अवधि के प्रारम्भ एवं अन्त पर पूँजी आकड़ों की गणना करना है।	आर्थिक चिट्ठे को तैयार करने का उद्देश्य एक निश्चित तिथि पर वित्तीय स्थिति को ज्ञात करना है।

3.3. स्थिति विवरण तैयार करना एवं लाभ का निर्धारण (Preparation of Statement of Affairs and Determination of Profit)

पैरा 3.1 में यह चर्चा की गई है कि संग्रहित सम्पतियों एवं दायित्वों के आँकड़ों से स्थिति विवरण तैयार करना चाहिये। इसका एक उदाहरण आगे दिया गया है।

© The Institute of Chartered Accountants of India

उदाहरण (Illustration) **1**

31.12.2007 तथा 31.12.2008 पर Mr. X की सम्पत्तियाँ एवं दायित्व निम्नांकित हैं

विवरण	31.12.2007	31.12.2008
सम्पत्तियाँ	**₹**	**₹**
भवन	1,00,000	—
उपस्कर (फर्नीचर)	50,000	—
रहतिया (स्टॉक)	1,20,000	2,70,000
विविध देनदार	40,000	90,000
अधिकोष रोकड़	70,000	85,000
हतस्थ रोकड़	1,200	3,200
दायित्व		
ऋण	1,00,000	80,000
विविध लेनदार	40,000	70,000

भवन को 2.5% तथा उपस्कर को 10% के द्वारा ह्रासित करने का निर्णय लिया। व्यवसाय के स्वामी की एक जीवन बीमा पॉलिसी वर्ष के दौरान परिपक्व हुई तथा ₹ 40,000 की राशि व्यवसाय में रखी हुई है। व्यवसाय का स्वामी परिवार खर्चे की प्रतिपूर्ति हेतु ₹ 2,000 प्रति माह लेता है। स्थिति विवरण तैयार करें।

समाधान (Solution)

Statement of Affairs as on 31-12-2007 & 31-12-2008

Liabilities	31.12.2007	31.12.008	*Assets*	31.12.2007	31.12.2008
	₹	**₹**		**₹**	**₹**
Capital	2,41,200	4,40,700	Building	1,00,000	97,500
(Balancing Figures)			Furniture	50,000	45,000
Loans	1,00,000	80,000	Stock	1,20,000	2,70,000
Sundry Creditors	40,000	70,000	Sundry		
			Debtors	40,000	90,000
			Cash at Bank	70,000	85,000
			Cash in Hand	1,200	3,200
	3,81,200	**5,90,700**		**3,81,200**	**5,90,700**

© The Institute of Chartered Accountants of India

उदाहरण (Illustration) **2**

उदाहरण (1) में दिये गये आँकड़ों को लेकर Mr. X का लाभ ज्ञात करें।

समाधान (Solution)

Determination of Profit by Applying the method of the capital comparison.

	₹
Capital Balance as on 31-12-2008	4,40,700
Less : Fresh Capital introduced	40,000
	4,00,700
Add : Drawing (2000 × 12)	24,000
	4,24,700
Less : Capital Balance as on 31-12-2007	2,41,200
Profit	1,83,500

टिप्पणी—

- नई विनियोजित पूँजी के कारण अंतिम पूँजी बढ़ी है इसलिये इसे घटाया जायेगा।
- व्यवसाय के स्वामी के आहरण के कारण अंतिम पूँजी घटी थी, इसलिये इसे जोड़ा जायेगा।

उदाहरण (Illustration) **3**

A तथा B, 2 : 1 लाभ बंटबारा अनुपात हेतु साझेदारी में हैं। उनकी सम्पत्ति एवं दायित्वों के सम्बन्ध में निम्नलिखित सूचनायें उपलब्ध हैं—

विवरण	31.03.2007	31.03.2008
	₹	₹
उपस्कर	1,20,000	
अग्रिम	70,000	50,000
लेनदार	32,000	30,000
देनदार	40,000	45,000
रहतिया	60,000	74,750
ऋण	80,000	—
अधिकोष में रोकड़	50,000	1,40,000

साझेदार 2,000 प्रतिमाह की दर से वेतन पाने के अधिकारी हैं। ये समानुपातिक रूप से पूँजी अंशदान करते है। पूँजी पर ब्याज 6% की दर से चुकाना तथा आहरण पर 10% की दर से प्रभारित करना है।

A तथा B के आहरण

	A	B
अप्रैल 30	2,000	—
मई 31	—	2,000
जून 30	4,000	—

© The Institute of Chartered Accountants of India

सितम्बर	—	6,000
दिसम्बर 31	2,000	—
फरवरी 28	—	8,000

30 जून पर, वे C को 1/3 के लिये साझेदार बना लेते हैं जो ₹ 75,000 अंशदान करता है। C 9 माह के लाभ के हिस्से को पाने का अधिकारी है या लाभ अनुपात 1 : 1 : 1 होगा। A अपने समानुपात हिस्से को आहरित करता है। उपस्कर को 10% प्रतिवर्ष से ह्रासित करना है, ₹ 10,000 की नयी क्रय पर वर्ष के 1/4 हेतु ह्रासित होगी।

31 मार्च 2007 पर चालू खाते हैं A ₹ 5,000 (जमा), B ₹ 2,000 (नाम)

लाभ का विवरण साझेदारों के चालू खाते एवं 31.03.2008 पर स्थिति विवरण तैयार करें।

समाधान (Solution)

Statement of Affairs

As on 31-3-2007 & 31-3-2008

Liabilities	*31-3-2007*	*31-3-008*	*Assets*	*31-3-2007*	*31-3-2008*
	₹	**₹**		**₹**	**₹**
Capital A/cs					
A	1,50,000	75,000	Furniture	1,20,000	1,17,750
B	75,000	75,000	Advances	70,000	50,000
C	—	75,000	Stock	60,000	74,750
Loan	80,000	—	Debtors	40,000	45,000
			Cash at Bank	50,000	1,40,000
Creditors	32,000	30,000	Current A/c		
			B	2,000	—
Current A/cs					
A	5,000	74,036*			
B	—	48,322*			
C	—	50,142*			
	3,42,000	**4,27,500**		**3,42,000**	**4,27,500**

* चालू खाता देखें

* **टिप्पणियाँ** :

(i) **उपस्कर पर ह्रास** **₹**

1,20,000 पर 10%	12,000
वर्ष के 1/4 हिस्से हेतु ₹10,000 10%	250
	12,250

© The Institute of Chartered Accountants of India

(ii) **31-3-2008 पर उपस्कर**

	₹
31-3-2007 पर शेष	1,20,000
जोड़े : नई क्रय	10,000
	1,30,000
घटाये : ह्रास	12,250
	1,17,250

(iii) **31-3-2008 का चालू खातों का योग**

	₹
सम्पत्तियों का योग	4,27,500
घटाये : स्थायी पूँजी + दायित्व	2,55,000
	1,75,500

यह वेतन तथा पूँजी पर ब्याज को जोड़कर आहरण एवं आहरणों पर ब्याज को घटाकर है।

(iv) **पूँजी पर ब्याज** :

	₹		₹
A =	1,50,000 पर	3 माह हेतु 6% की दर से	2,250
	75,000 पर	9 माह हेतु 6% की दर से	3,375
			5,625
B =	75,000 पर	1 माह हेतु 6% की दर से	4,500
	75,000 पर	9 माह हेतु 6% की दर से	3,375
			7,875

(v) **आहरणों पर ब्याज :**

	₹		₹
A =	2,000 पर	11 माह हेतु 10% की दर से	183
	4,000 पर	9 माह हेतु 10% की दर से	300
	2,000 पर	3 माह हेतु 10% की दर से	50
			533

	₹		₹
B =	2,000 पर	10 साल हेतु 10% की दर से	167
	6,000 पर	6 माह हेतु 10% की दर से	300
	8,000 पर	1 माह हेतु 10% की दर से	67
			534

© The Institute of Chartered Accountants of India

लाभ का आबंटन		₹ 1,15,067
3 माह का लाभ		₹ 28,767
9 माह का लाभ		₹ 83,300
A : 2/3 × ₹ 28,767 + 1/3 ₹ 86,300	=	₹ 47,944
B : 1/3 × ₹ 1,15,067	=	₹ 38,356
C : 1/3 × ₹ 86,300	=	₹ 28,767
	=	₹ 1,15,067

Current Accounts

Dr. *Cr.*

	A	*B*	*C*		*A*	*B*	*C*
To Balance b/d	—	2,000	—	By Balance b/d	5,000	—	—
" Drawings	8,000	16,000	—	" Salary	24,000	24,000	18,000
" Interest on drawings	533	534	—	" Interest on capital	5,625	4,500	3,375
" Balance c/d	74,036	48,322	50,142	" Share of Profit	47,944	38,356	28,767
	82,569	66,856	50,142		82,569	66,856	50,142

Statement of Profit

			₹
Current Account Balances as on 31-3-2008			1,72,500
Less: Salary A ₹ 2,000 × 12	= ₹	24,000	
B ₹ 2,000 × 12	= ₹	24,000	
C ₹ 2,000 × 9	= ₹	18,000	(66,000)
Less: Interest on Capital	A ₹	5,625	
	B ₹	4,500	
	C ₹	3,375	(13,500)
Add: Drawings	A ₹	8,000	
	B ₹	16,000	24,000
" Interest on Drawings	A	533	
	B	534	1,067
			1,18,067
Less: Current A/c Balances as on 31-3-2007 Rs. 5,000 – Rs. 2,000			3,000
			1,15,067

© The Institute of Chartered Accountants of India

उदाहरण (Illustration) **4**

आयकर अधिकारी, वित्तीय वर्ष 2006-2007 और 2007-2008 के लिए श्री मोती की आय के निर्धारण में महसूस करता है कि श्री मोती ने अपनी पूर्ण आय का खुलासा नहीं किया है; वह आपको 1 अप्रैल, 2006 और 1 अप्रैल, 2008 को और श्री मोती की संपत्तियों एवं दायित्वों का निम्नलिखित विवरण देता है।

			₹
1-4-2006	सम्पत्तियाँ	हस्तस्थ रोकड़	25,500
		रहतिया	56,000
		विविध देनदार	41,500
		भूमि और भवन	1,90,000
		पत्नी के आभूषण	75,000
	दायित्व	मोती ब्रादर्स से उधार	40,000
		विविध लेनदार	35,000
1-4-2008	सम्पत्तियाँ	हस्तस्थ रोकड़	16,000
		रहतिया	91,500
		विविध देनदार	52,500
		भूमि एवं भवन	1,90,000
		मोटर कार	1,25,000
		पत्नी के आभूषण	1,25,000
		मोती ब्रादर्स को ऋण	20,000
	दायित्व	विविध लेनदार	55,000

पिछले 2 वर्षों के दौरान घरेलू व्यय प्रति माह ₹ 4,000 थे। 2006-07 की घोषित आय ₹ 10,500 और 2007-08 की ₹ 23,000 थी।

समाधान (Solution)

Capital A/c of Shri Moti

	1-4-2006		1-4-2008	
Assets	₹	₹	₹	₹
Cash in hand		25,500		16,000
Stock		56,000		91,500
Sundry Debtors		41,500		52,500
Land & Building		1,90,000		1,90,000
Wife's Jewellery		75,000		1,25,000
Motor Car		—		1,25,000
Loan to Moti's Brother		—		20,000
		3,88,000		6,20,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

दायित्व :

मोती ब्रादर्स से उधार :	40,000			
विविध लेनदार :	35,000	75,000	55,000	55,000
पूँजी		3,13,000		5,65,000

पिछले दो वर्षों के दौरान आय :

		₹
पूँजी 1-4-2008	5,65,000	
जोड़े : आहरण–घरेलू व्यय दो वर्षों के दौरान (4,000 × 24)		96,000
		6,61,000
घटाये : पूँजी 1-4-2006		3,13,000
कमाई गयी आय 2006-07 और 2007-08 वर्षों में		3,48,000
घोषित आय (1,05,000 + 1,23,000)		2,28,000
छुपी हुई आय		1,20,000

आयकर अधिकारी ने कहा कि मोती द्वारा घोषित की गई आय सही नहीं है। मोती की सही आय 1,20,000 से बढ़ाकर दर्शाई जायेगी।

उदाहरण (Illustration) **5**

सुरेश अपनी लेखा पुस्तकें दोहरा लेखा प्रणाली के अंतर्गत नहीं बना था। लेकिन वह कागज की रसीदों (बिलों) से अपने वार्षिक लेखे बनाता था। उसने बैंक से ऋण लिये उसे बैंक को अपना लाभ प्रति वर्ष बताना पड़ता है। उसने बैंक को निम्न लाभ राशि बताई।

वर्ष सम्पत्ति 31 Dec.	लाभ (₹)
2004	20,000
2005	32,000
2006	35,000
2007	48,000
2008	55,000

बैंक ने आपको अंकेक्षक नियुक्त किया है कि सुरेश के विवरण और लाभ राशि का सत्यापन करें कि यह सही है या नहीं। इसके लिये आपके पास निम्नलिखित जानकारी हैं:

(a) 31 Dec. 2008 को स्थिति, विविध देनदार ₹ 20,000, व्यापारिक स्कंध (लागत के 95% पर) ₹ 47,500, हस्तस्थ रोकड़ एवं बैंक ₹ 12,600, व्यापारिक लेनदार ₹ 6,000, खर्चे बकाया ₹ 1,600.

(b) उसने अपनी पत्नी से ₹ 5000 उधार लिये 30 सितम्बर 2003 को जिस पर वह 12% की दर से सामान्य ब्याज देने को कही गयी थी। ऋण का भुगतान 31 दिसम्बर 2005 को ब्याज के साथ दिया गया।

© The Institute of Chartered Accountants of India

(c) दिसम्बर 2004 में, उसने A को ₹ 3,000 अग्रिम दिये भूमि खरीदने के लिये। भूमि की रजिस्ट्री मार्च 2006 में बकाया भुगतान ₹ 32,000 को देने के बाद हुई। रजिस्ट्री खर्च ₹ 7,500 हुए।

(d) सुरेश ने अपनी बेटी के लिए अक्टूबर 2006 में ₹ 1,500 के आभूषण खरीदें। शादी खर्च फरवरी में ₹ 24,000 हुए।

(e) उसने एक नया VCR ₹ 1,500 में मार्च 2008 में खरीदा और उसने अपने दोस्त को नवम्बर 2008 में तोहफे में दे दिया।

(f) उसका घरेलू व्यय वार्षिक ₹ 2,400 है।

(g) 31 दिसम्बर 2008 को सम्पत्ति और दायित्व की स्थिति यह पाई गई :

बैंक अधिशेष (सम्पत्ति द्वारा सुरक्षित) ₹ 12,000, व्यापारिक लेनदार ₹ 10,000, देय खर्चे ₹ 600, विविध देनदार (कर्मचारी के ₹ 600 सम्मिलित करते हुए जिसे कोर्ट द्वारा दिवालिया घोषित कर दिया) ₹ 28,800, व्यापारिक स्कंध (लागत का 12.5% प्रतिबिम्बित बाजार मूल्य) ₹ 60,000 और हस्तस्थ रोकड़ ₹ 250.

हमने अंकेक्षण में यह पाया कि उसका लाभ की दर समान है विक्रय का अनुपात पिछले वर्षों के दौरान 3:4 : 4:6.8 है।

वार्षिक लाभ ज्ञात कीजिये और विभिन्नताएँ ज्ञात कीजिये, यदि है तो, जो सुरेश ने पहले बैंक को दी। सभी क्रियाएं आपके उत्तर का भाग हैं।

समाधान (Solution)

Statement of Affairs as on 31-12-2003

Liabilities	₹	₹	*Assets*	₹	₹
Loan from			Sundry Debtors		20,000
Mrs. Suresh	5,000		Stock on trade-at cost		
Add: Interest	150	5,150	$\left(47,500 \times \frac{100}{95}\right)$		50,000
Outstanding					
Trade Creditors		6,000	Cash in hand & at bank		12,600
Outstanding expenses		1,600			
Capital (Bal. fig)		69,850			—
		82,600			82,600

© The Institute of Chartered Accountants of India

Statement of Affairs as on 31-12-2008

Liabilities	₹	*Assets*	₹
Bank overdraft-secured		Sundry Debtors	28,800
against property	12,000	Stock in trade	
Trade Creditors	10,000	at cost (₹60,000 × 100/125)	48,000
Outstanding expenses	600	Cash in hand	250
Capital Balancing figure	54,450		—
	77,050		77,050

Statement of Profit for the Period as on 1-1-2004 & 31-12-2008

31-12-2008 को अपने अनुसार पूँजी		54,450
जोड़े : आहरण (2400 × 5)		1,20,000
सम्पत्ति खरीदी		47,500
आभूषण क्रय किये एवं बेटी की शादी का खर्च		39,000
नया VCR खरीदा जो दोस्त को गिफ्ट किया		1,800
		2,78,950
घटाये : पूँजी 31-12-2003 को ब्याज के अनुसार		69,850
पाँच साल की अवधि का लाभ		2,09,100
घटाये : ऋण जिसका लेखा नहीं किया गया 31-12-2008 तक		600
पाँच साल की अवधि का शुद्ध लाभ		2,08,500

Statement showing annual profit and Affairs
Differences with reported Profit 2004 - 2008

Year	Apportionment Ratio	Annual Profit	Profit Reported		Difference to Bank
31-12-2004	3	25,020	20,000	(+)	5,020
31-12-2005	4	33,360	32,000	(+)	1,360
31-12-2006	4	33,360	35,000	(-)	1,640
31-12-2007	6	50,040	48,000	(+)	2,040
31-12-2008	8	66,700	55,000	(+)	11,720
		2,08,500	1,90,000	(+)	18,500

© The Institute of Chartered Accountants of India

4. पूर्ण लेखांकन सूचनाएँ प्राप्त करने की तकनीकें

(TECHNIQUES OF OBTAINING COMPLETE ACCOUNTING INFORMATION)

जब लेखा पुस्तकें अपूर्ण होती हैं। जब यह आवश्यक है कि सबसे पहले सभी व्यवहारों को दोहरा लेखा प्रविष्टि में पूरा किया जाये। सम्पूर्ण लेखांकन प्रक्रिया सावधानीपूर्वक अपनायी जानी चाहिए एवं स्पष्ट बनाना चाहिए।

4.1. सामान्य तकनीकें (General Techniques)

जब किसी व्यवसाय के खाते अपूर्ण होते हैं तो यह परामर्शनीय है कि पहले सभी लेनदेनों की दोहरा लेखा प्रणाली में परिवर्तित किया जाये तथा लाभ–हानि खाता व चिट्ठा बनाना चाहिये, स्थिति विवरण बनाकर लाभ हानि ज्ञात किया जाये।

चूँकि फर्मों की लेखा पुस्तकें विभिन्न मात्राओं में अपूर्ण होती हैं। अतः ऐसा सम्भव नहीं है कि उनको अंतिम खाते बनाने में उपयोग में लाया जा सके अतः पहले यह आवश्यक हो जाता है कि सम्पत्तियों व दायित्वों तथा पूँजी खाते के प्रारम्भिक शेष के साथ खाते बनाये जायें।

तत्पश्चात् प्रारम्भिक प्रविष्टि की प्रत्येक पुस्तक को अलग–अलग लिखना चाहिये, ताकि ऐसी प्रविष्टियों को खाताबही में खतौनी करके दोहरा लेखा प्रणाली को पूरा किया जाये जिसकी खतौनी नहीं हुई है। उदाहरण, रोकड़ बही से यदि केवल व्यक्तिगत खातों की खतौनी हुई है; नाममात्रों और वास्तविक के खातों से सम्बन्धित नाम (debits) या जमा (credits) जिनकी खतौनी नहीं हुई है, उन्हें खाताबही में खतौनी करनी चाहिये। यदि यहाँ रोकड़ बही से बट्टा सम्भव हो तो चुकाई तथा प्राप्त बट्टों के योगों को क्रमशः बट्टा दिया व प्राप्त बट्टा खातों में खतौनी करनी चाहिये ताकि दोहरी लेखा पूर्ण हो सके। तत्पश्चात् अन्य सहायक बहियाँ अर्थात् दैनिक क्रय बही, दैनिक विक्रय बही, वापसी बही, प्राप्य तथा देय विपत्र आदि का योग लगाना चाहिये और उनके योगों के उपयुक्त नाममात्र या वास्तविक खातों में विकलन (Dr.) व समाकलन (Cr.) में खाताबही में खतौनी की जाती है, व्यवहारों के व्यक्तिगत पहलू का पहले ही लेखा हो चुका है।

जब कोई लेखाकार रोकड़ बही या अन्य सहायक बहियों से न खताये गये मदों की खतौनी में संलग्न होते हैं, तब उन्हें अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उपरोक्त इनमें से कुछ के तरीकों में नीचे वर्णित व्यवहार किये गये हैं।

(1) रोकड़ बही में कुछ ऐसी प्राप्तियों के लेखे हैं जिसका व्यवसाय से कोई सम्बन्ध नहीं है, लेकिन वे मालिक से सम्बन्धित हैं, उदाहरण उसके निजी विनियोजन पर प्राप्त ब्याज, उसके द्वारा प्राप्त वसीयतें, अपने निजी साधनों से मालिक द्वारा एकत्रित राशि आदि। ये सभी राशियाँ उनके पूँजी खाते में समाकलित (Credited) होने चाहिये। व्यवसाय द्वारा किये गये मालिक के क्रयों हेतु भुगतान के सम्बन्ध में रोकड़ बही में भी प्रविष्टियाँ की जा सकती हैं। ऐसी सभी मदें उसके पूँजी खाते में विकलित (debited) की जानी चाहिये।

(2) संग्रहण के पश्चात, व्यवसाय से सम्बन्धित राशियों का उपयोग सीधे अधिग्रहित व्यवसाय सम्पत्तियों पर निश्चित व्ययों को चुकाने में कर सकते हैं बजाय उन्हें रोकड़ बही में जमा किया जाये। दूसरी तरफ, मालिक अपने निजी स्रोतों से कुछ व्यावसायिक

© The Institute of Chartered Accountants of India

व्ययों को चुकाने के लिये कर सकता है। उस स्थिति में, उपयुक्त सम्पत्ति या व्यय खाता विकलित (debited) और स्रोत जिससे कोष जुटाये गये (credited) समाकलित किया जाना चाहिये।

(3) यदि रोकड़ कम है, क्योंकि मालिक ने रोकड़ बही में बिना लेखा किये गये आहरण कर लिया हो तो मालिक के पूँजी खाते को विकलित (debited) करना चाहिये। वास्तव में यह आवश्यक होगा कि सभी अचिन्हित राशियों के सम्बन्ध में मालिक के पूँजी खाते को विकलित (Dr.) या समाकलित (Cr.) किया जाये अन्यथा उन्हें समायोजित नहीं किया जा सकेगा।

(4) जहाँ किसी व्यय का कोई व्यय दोनों मालिक या व्यवसाय द्वारा प्राप्त होता है तब उसे निरपक्ष आधार पर उनके बीच आंबटित करना चाहिये। उदाहरण के लिए, भवनों का किराया जब मालिक उसी भवन में रहता हो तब निवास के लिये उसके द्वारा प्रयोग किये गये क्षेत्र के आधार पर आंबटित करना चाहिये।

(5) विविध देनदारों व लेनदारों की तालिकाएँ यह ज्ञात करने के उद्देश्य के लिये रखे गये सम्बन्धित खाताबाही से बनानी चाहिये कि यदि गलती से कोई आगम या व्यय की मद उसमें निहित मार्ग द्वारा पाई जाती है। ऐसा करने के पश्चात् तथा यदि आवश्यक हो तो ऐसी राशियों को निकालने के पश्चात्, तालिकाओं का योग लगाना चाहिये और योग को खाताबाही में विविध देनदार खाते में विकलित (debited) करना चाहिये। इसी तरह विविध लेनदारों की तालिकाओं का योग विविध लेनदार खाते में समाकलित (credited) करना चाहिये। किसी को सूचित करना चाहिये कि विक्रय खाता, क्रय खाता और अन्य नाममात्र खाते दैनिक बहियों के आधार पर पहले से अपलिखित हो चुके हों, तब उन्हें आगे समायोजन करने की आवश्यकता नहीं होती है। यह आशा की जाती है, कि प्रारम्भिक शेषों को इन खातों में वसूली या भुगतान द्वारा समायोजित करना चाहिये और देनदारों से प्राप्ति व लेनदारों को भुगतान की खतौनी को क्रय या विक्रय के रूप में लेखा करने के स्थान पर सही से किया हो। यदि अतः ऐसा किया गया हो तो इन शेषों को विक्रय या क्रय खाते, अशोध्य ऋण या बट्टा खाते में हस्तान्तरित करके समायोजन को आवश्यक करेंगे, जैसी भी स्थिति हो।

अन्त में यह सम्भव होगा कि एक तलपट निकाला जा सके। विद्यार्थियों को सदैव ऐसा करने की सलाह दी जाती है कि समायोजन करने से समर्पित गलतियों को प्रकट करें।

4.2. रोकड़ बही से सूचना की व्युत्पत्ति (Derivation of informtion from cash book)

रोकड़ तथा अधिकोष (Bank) प्राप्ति तथा भुगतान का विश्लेषण व्यापक होना चाहिये परन्तु महत्वपूर्ण शीर्षकों के अन्तर्गत, ताकि आय व व्यय की विभिन्न मदों की वहाँ से खाताबही में खतौनी की जा सकती है। इसीलिये खाताबही में सूचना की खतौनी से पहले उसे एक खाते के रूप में संग्रहित करना चाहिये। नमूना आगे दर्शाया गया है।

© The Institute of Chartered Accountants of India

समाप्त होने वाले वर्ष के लिये रोकड़ तथा अधिकोष सारांश

	रोकड़ ₹	अधिकोष (बैंक) ₹		रोकड़ ₹	अधिकोष (बैंक) ₹
शेष हाथ में			व्ययों में		
(प्रारम्भिक)	590	7,400	(विविध भुगतान)	3,000	—
विक्रय का	6,500	—	क्रय से	100	6,000
देनदारों से संग्रहित	—	10,000	विविध लेनदारों से	—	5,000
			आहरणों से	1,500	—
			खुदरा व्ययों से	800	—
			किराया से	—	1,000
			विद्युत तथा जल से	350	—
			मरम्मत से	350	—
			मजदूरी से	—	1,000
			शेष हाथ में	990	4,400
	7,090	17,400		7,090	17,400

अपूर्ण लेखों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बात है कि बेहद सूचनाएँ तत्परता से उपलब्ध न होती है और सम्बन्धित सूचनाएँ सुनिश्चित करनी पड़ती हैं।

रोकड़ तथा अधिकोष (बैंक) सारांश को तैयार करना एक अच्छी बात होती है (यदि दोनों पक्षों के मिलान के साथ उचित प्रारूप में उपलब्ध न हो)। अन्त में रोकड़ तथा अधिकोष (बैंक) शेष के साथ रोकड़ तथा अधिकोष (बैंक) बहियों का सामंजस्य करना चाहिये। ऐसा होने पर, सारांश विवरणों के विस्तृत विभिन्न मदों को खाताबही में खतौनी की जानी चाहिये।

यह काफी सम्भावना है कि कुछ लुप्त सूचनाएँ तब भी उपलब्ध हो जाएं। 2008 के सम्बन्ध में एक फर्म के बारे में निम्न पर विचार करें।

	₹
1 जनवरी 2008 को नगद शेष	250
1 जनवरी 2008 को अधिकोष (बैंक) अधिविकर्ष	5,400
नगद क्रय	3,000
विविध देनदारों से संग्रहित	45,600
पुराने उपस्कर का विक्रय	750
यन्त्र का क्रय	12,000
विविध लेनदारों का भुगतान	26,370
खर्चे	8,450

© The Institute of Chartered Accountants of India

नयी पूँजी लगायी गई	5,000
आहरण	3,230
31 दिसम्बर को नगद शेष	310
30 दिसम्बर को अधिकोष (बैंक) शेष	1,180

अब रोकड़ तथा अधिकोष (बैंक) सारांश तैयार कीजिये।

रोकड़ तथा अधिकोष (बैंक) सारांश

विकलन (Dr.)	₹	समाकलन (Cr.)	₹
1-1-2008 को शेष रोकड़	250	अधिकोष (बैंक) अधिविकर्ष	5,400
विविध देनदारों से संग्रहित	45,600	नगद क्रय	3,000
पुराने उपस्कर का विक्रय	750	यन्त्र का क्रय	12,000
नयी पूँजी लगायी	5,000	विविध लेनदारों को भुगतान	26,370
शेष राशि	8,340	खर्चे	8,450
		आहरण	3,230
		31.12.2008 को नगद शेष	310
		31.12.2008 अधिकोष बैंक शेष	1,130
	59,940		59,940

